ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 20 अगस्त 2023 • वर्ष-24 • अंक- 197 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



अभिषेक बच्चन की फिल्म 'घूमर' का ... पेज 12 पर




## NEWS इन ब्रीफ

### जमीन घोटाला मामले में तल्हा खान की बेल पर फैसला 25 को

**रांची।** जमीन घोटाले मामले के आरोपित तल्हा खान की जमानत याचिका पर शनिवार को ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने फैसले की तिथि 25 अगस्त निर्धारित की है।

### जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

**लोहरदगा।** जिले के केकरांग पिकेट में तैनात सीआरपीएफ 158 बटालियन के जवान 38 वर्षीय जगदीश प्रसाद मीना ने सर्विस इंसास रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह केकरांग पिकेट में संतरी ड्यूटी में तैनात था। सीआरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि वह एक माह पहले ही 15 दिन की छुट्टी बिताकर गांव से लौटा था। मृतक जगदीश प्रसाद मीणा मूल रूप से राजस्थान के टोंक का निवासी था। बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार ने मृतक जवान को सलामी के साथ दी श्रद्धांजलि दी। पोस्टमार्टम के पश्चात शव को रांची से एयरलिफ्ट कर राजस्थान भेजा गया।

### पूर्व विधायक अमित महतो को मिली बेल

**रांची।** अपर न्यायायुक्त मो. शहजाद की अदालत ने शनिवार को जेल में बंद पूर्व विधायक अमित महतो को जमानत दे दी है। इससे पूर्व दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने गत गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। 17 जुलाई को सीजेएम कोर्ट में जमानत याचिका खारिज होने के बाद अमित महतो की ओर से अपर न्यायायुक्त की अदालत में चार अगस्त को जमानत याचिका दाखिल की गयी थी।

### 7 तरह के वैज्ञानिक पेलोड लेकर जाएगा पहला सूर्य मिशन आदित्य-एल1

**चेन्नई।** अगले कुछ दिनों में अंतरिक्ष की उड़ान भरने वाला भारत का पहला सौर अन्वेषण मिशन 'आदित्य-एल1 उपग्रह' सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड ले जाएगा। खास बात यह है कि यह सभी पेलोड देश की ही विभिन्न प्रयोगशालाओं में विकसित किये गये हैं। इसरो ने कहा कि आदित्य-एल1 मिशन सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सूट ले जायेगा। इनमें सौर कोरोना और कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए वीईएलसी, अल्ट्रा-वायलेट (यूवी) के निकट सौर प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर की तस्वीरें लेने तथा यूवी के निकट सौर विकिरण भिन्नता को भी मापने के लिए सौर अल्ट्रा-वायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) पेलोड है। जबकि सौर पवन और उनका ऊर्जा वितरण का अध्ययन करने के लिए आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) और प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य (पीएपीए)पेलोड हैं।

# वैज्ञानिक पद्धति से 'लाह' की खेती कर महिलाओं ने बदली तकदीर

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

आज खूंटी की महिलाओं का बड़ा हिस्सा लाह की खेती कर घर-परिवार का पेट पाल रहा है। यह महिलायें वैज्ञानिक पद्धति से लाह का उत्पादन कर प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार कर रही हैं। प्राकृति संपदा से भरपूर खूंटी जिला यहां के लोगों के जीवन का अधार हैं। वनोपज यहां के लोगों की आजीविका का प्रमुख आधार है। इस जिले में लाह का भरपूर उत्पादन होता है। यही कारण कह कि छोटे से खूंटी शहर और मुरहू में लाह की कई कारखाने हैं। एक समय में यहां के लाख उत्पादक अछूमल एशिया के सबसे बड़े लाह निर्यातक थे। आज भी लाह की खेती यहां के लोगों के जीवन का बहुत बड़ा आधार है।

जिले के मुरहू प्रखंड की बिन्दा पंचायत के सियांकेल गांव की रहने वाली सुसाना कंडीर ने अपनी मेहनत से वैज्ञानिक तरीके से लाह की खेती कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार तो कर ही रही है, दूसरों के लिए भी वह प्रेरणाश्रोत बन गई है। सुसाना पहले भी पारपंरिक ढंग से लाह की खेती करती थी, लेकिन उससे उतनी कमाई नहीं हो पाती थी, जिससे वह अपने परिवार का ढंग से भरण-पोषण कर सके और बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ा सके। बाद में वह चमेली महिला मंडल से जुड़ गई और वहां उसने वैज्ञानिक तरीके से लाह की खेती का प्रशिक्षण लिया और प्रयोग के तौर पर कुछ पेड़ों में लाख की खेती की शुरूआत की।

झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा सुसाना सहित कई महिलाओं ने लाह की खेती का प्रशिक्षण दिया गया। सुसानाबताती हैं कि सखी मंडल में जुड़ने से पहले भी वह लाह की खेती करती थी, लेकिन परंपरागत तरीके से खेती करने के कारण ज्यादा आमदनी नहीं हो पाती थी। उन्होंने बताया कि प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से वैज्ञानिक तरीके से लाह की खेती को लेकर उन्हें प्रशिक्षित भी किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर दीदी ने उचित तरीके से खेती की और पेड़ों पर लाह के बीज डालकर समय से दवा का स्प्रे किया। इससे लाख की अच्छी फसल हुई और पारंपरिक ढंग से की गई खेती से उसे अधिक मुनाफा हुआ।

धीरे-धीरे उनकी आजीविका में सुधार आया है और आर्थिक स्थिति में वृद्धि हुई है। सुसाना बताती हैं कि वैज्ञानिक तरीके से लाह की खेती कर लाभ मिल रहा है। मेरे घर की स्थिति में अच्छा सुधार हुआ है। इसी लाह खेती की आमदनी से वह अपने बच्चों की पढ़ाई करा पा रही है और अपने गांव की अन्य महिलाओं को भी लाह खेती के लिए प्रेरित कर रही हैं। जेएसएलपीएस से जुड़ कर, प्रशिक्षण लेकर मेरे आजीविका में बदलाव आए हैं। लाह की वैज्ञानिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी संपोषित सखी मंडल की महिलाओं को प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराती है।

ग्राम स्तर पर लाह कृषकों की मदद के लिए चुनिंदा क्षेत्रों में आजीविका वनोपज मित्र के रूप में दीदियों को प्रशिक्षित किया गया है। आजीविका वनोपज मित्र ग्रामीण परिवारों को लाह की वैज्ञानिक खेती में मदद करते है। सुसाना जैसी ग्रामीण महिलाएं आज लाह की वैज्ञानिक खेती से जुड़कर अच्छी आय प्राप्त कर रही है।



# सीएम को ईडी ने फिर जारी किया समन, 24 को बुलाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने एक बार फिर समन जारी कर दिया है। अगस्त महीने में यह दूसरी बार है जब ईडी ने सीएम को समन जारी किया है। गौरतलब है की जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए 14 अगस्त को एजेंसी के दफ्तर आने के लिए सीएम हेमंत सोरेन को नोटिस भेजा गया था।

लेकिन सीएम ने एक भारी भरकम पत्र लिखकर एजेंसी के दफ्तर जाने से साफ मना कर दिया था, जिसके बाद यह कयास लगाया जा रहा था कि कानूनी राय लेने के बाद एजेंसी जल्द ही सीएम को दूसरा समन जारी करेगी। अब 24 अगस्त को एजेंसी के दफ्तर समन भेज कर बुलाया गया है, ताकि उनसे जमीन घोटाले में पूछताछ की जा सके।



### सीएम ने लिखा था पत्र

**रांची** जमीन घोटाले में ईडी के पहले समन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 14 अगस्त को ईडी कार्यालय नहीं गए थे, 14 अगस्त को दिन के 11 बजे मुख्यमंत्री को ईडी के रांची जोनल आफिस जाना था,लेकिन एजेंसी के सामने उपस्थित होने के बजाय उन्होंने एक पत्र ईडी के रांची जोनल आफिस भेजा था। सीएम ने पत्र के जरिए वक्त की मांग नहीं की बल्कि ईडी को भेजे गए पत्र में कानून की शरण में जाने की बात कही थी। सीएम के द्वारा भेजे गए पत्र में एजेंसी पर राजनीतिक आकाओं के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया गया था, साथ ही राजनीतिक टूल की तरह एजेंसी के इस्तेमाल की बात भी कही गई है।

### राजेंद्र साहू हत्याकांड का खुलासा

# पैसे को लेकर विवाद में मारी गोली 2 शूटर समेत 4 आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार के पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष और कोयला व्यवसाई भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद साहू हत्याकांड का खुलासा शनिवार को पुलिस ने कर दिया। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल दोनों शूटर समेत चार उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में गढ़वा जिले के रहने वाले शूटर जितेंद्र विश्वकर्मा और शिवपूजन सिंह तथा हत्याकांड की घटना की योजना बनाने में शामिल गढ़वा निवासी अश्विनी कुमार सिंह और बालूमाथ निवासी कुलदीप गंझु शामिल है। पुलिस ने इनके पास से चार पिस्टल 30 जिंदा गोली समेत कई अन्य सामान भी बरामद किए हैं। शनिवार को प्रेस वार्ता में लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के साथ पैसों के लेनदेन को लेकर राजेंद्र साहू का कुछ विवाद चल रहा था। इसी मामले को लेकर टीएसपीसी के जोनल कमांडर आक्रमण गंझू के कहने पर राजेंद्र साहू टीएसपीसी संगठन से जुड़े जितेंद्र विश्वकर्मा और शिवपूजन सिंह ने राजेंद्र साहू का रेकी करना आरंभ किया। जितेंद्र और शिवपूजन शूटर भी थे। इस पूरी योजना में अश्विनी कुमार सिंह और कुलदीप भी शेष पृष्ठ 11 पर

# राजधानी में दिनदहाड़े दो लाख की छिनतई



### बैंक से पैसे निकाल कर वापस जा रहा था कर्मचारी

### सीसीटीवी में दिखे बाइक सवार अपराधी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े छिनतई की वारदात को अंजाम दिया गया है, थाना क्षेत्र के लाइन टैंक तालाब के पास दो बाइक सवार अपराधियो ने यूनिफार्म हाउस के एक कर्मचारी से पैसों भरा बैग छीन कर फरार हो गए, इस छिनतई को स्नैचरों ने दिनदहाड़े अंजाम दिया और बड़े आराम के साथ फरार भी हो गए।

कोतवाली थाना क्षेत्र के पंचवटी प्लाजा में स्थित यूनिफार्म हाउस के कर्मचारी अरुण कुमार शनिवार की दोपहर बैंक से दो लाख रुपया निकाल कर फिरायालाल चौक के पीछे स्थित लाइन टैंक तालाब रोड से वापस यूनिफार्म हाउस लौट रहे थे। जैसे ही अरुण कुमार तालाब के पास पहुचे उनके पीछे से दो बाइक सवार अपराधी हेलेमट पहुचे और पैसों से भरा बैग छीन कर तेजी के साथ फरार हो गए। स्नैचर्स ने चलती बाइक से छिनतई की थी, इस वजह से अरुण कुमार बीच सड़क पर गिर पड़े। अपराधियों के द्वारा दिनदहाड़े हुई इस छिनतई की वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है। सीसीटीवी फुटेज में यह साफ दिखाई दे रहा है की किस तरह दोनो बाइक सवार अपराधियो ने दुःसाहस दिखाया है। सीसीटीवी फुटेज में अरुण कुमार जमीन पर गिरते भी दिखे हैं। वहीं छिनतई की वारदात की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है। हालांकि दोनों अपराधियों का पुलिस अब तक कोई सुराग हासिल नहीं कर पाई है।

# रूद्र गिरोह के सरगना सहित 4 गिरफ्तार

### बड़ी घटनाओं को अंजाम देने की साजिश का खुलासा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ एटीएस की कार्रवाई लगातार जारी है, इसी कड़ी में एटीएस ने रूद्र गिरोह के सरगना सहित चार अपराधियों को धर दबोचा है। इस गिरोह के द्वारा रामगढ़, चतरा और लातेहार जिले के कोयला क्षेत्र से रंगदारी वसूलने और कारोबारियों को धमकाने का काम किया जा रहा था।

झारखंड के रामगढ़ और चतरा और लातेहार में हाल के दिनों में एक नया गिरोह उभर कर सामने आ रहा था, रूद्र महतो गिरोह के नाम से लगातार कोयला क्षेत्र में कारोबारी से रंगदारी की डिमांड की जा रही थी। कारोबारियों के बीच इस गिरोह का आतंक धीरे-धीरे कायम हो रहा था जिसके बाद इस पर नकेल कसने की जिम्मेवारी झारखंड एटीएस की टीम को दी गई। एटीएस के जांच में है बाद सामने आई की रंजन सिंह उर्फ बारूद ही रुद्र महतो गिरोह का सरगना है। रंजन का ही छद्म नाम रूद्र है। इस गिरोह ने मात्र तीन महीने में ही कोयला कारोबारी और जनप्रतिनिधियों, सरकारी ठेकेदारों को जान से मारने की धमकी देकर लाखो की उगाही कर डाली थी। पूरी जानकारी हासिल करने के बाद एटीएस की टीम ने रामगढ़ और लातेहार पुलिस की सहायता से सबसे पहले रंजन कुमार सिंह उर्फ बारूद उर्फ रूद्र महतो को धर दबोचा। रंजन की गिरफ्तारी के बाद उसके निशानदेही पर राहुल कुमार भारती, अभिमन्यु साव और दीपक कुमार महतो को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार चारों अपराधियों के खिलाफ रांची सहित अलग-अलग जिलों में कई कई थानों में मामले दर्ज है। रंजन के खिलाफ रांची के खलारी, रातू, रामगढ़ पतरातू और लातेहार के बालूमाथ थाना में कांड दर्ज है।



#### इन कांडों का हुआ खुलासा

रूद्र गिरोह के द्वारा लातेहार के बालूमाथ में रहने वाले कोयला कारोबारी चेतलाल रामदास से 10 लख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी और उन्हें कोयला का काम छोड़ देने की धमकी भी दी गई थी। अगर यह गिरोह नही पकड़ा जाता तो जल्द रामदास की हत्या कर दी जाती। रामगढ़ जिले के पतरातू में टीवीएस शोरूम के मालिक नीरज कुमार से भी इस गिरोह के द्वारा 10 लाख रुपए की रंगदारी की डिमांड की गई थी, रंगदारी नहीं देने पर नीरज की हत्या की योजना भी बनाई गई थी। रामगढ़ जिले के पालु पंचायत के उप मुखिया गंगाधर महतो से भी रंगदारी की डिमांड नहीं की गई थी। रामगढ़ जिले के ही गोला के मसाला कारोबारी शैलेश महतो से भी इस गिरोह के द्वारा रंगदारी मानी गई थी।

# झारखंड में अंतिम पड़ाव पर नक्सली : डॉ. सुजॉय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीआरपीएफ के महानिदेशक डॉ. सुजॉय लाल थाउसेन ने झारखंड का दो दिवसीय दौरा किया। वे शनिवार को पश्चिमी सिंहभूम पहुंचे और वहां नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में शामिल अधिकारियों-जवानों से बातचीत की। महानिदेशक ने इस दौरान जवानों का हौसला बढ़ाया। साथ ही महानिदेशक ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ नक्सलियों के खिलाफ आगे की रणनीति पर बैठक कर गहन चर्चा की।

इसके बाद महानिदेशक अधिकारियों के साथ सीआरपीएफ कैंप और एफओबी में भी गये। वहां उन्होंने अधिकारियों और जवानों का उत्साहवर्धन किया। महानिदेशक ने झारखंड में माओवादियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि झारखंड में नक्सली अपने अंतिम पड़ाव में हैं। कुछ सीमित क्षेत्र में ही नक्सली गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। उनकी गतिविधियों पर शीघ्र ही अंकुश लगाया जायेगा। नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक जीत हासिल की जायेगी। दूसरी ओर महानिदेशक ने सीआरपीएफ के वरीय अधिकारियों के साथ झारखंड के डीजीपी और अन्य अधिकारियों के साथ राज्य में नक्सल विरोधी अभियान की रुपरेखा तथा वर्तमान नक्सल परिदृश्य पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि सीआरपीएफ महानिदेशक 18-19 अगस्त को झारखंड दौरे पर थे। वह झारखंड से दिल्ली के लिए रवाना हो गये। इस दौरान सीआरपीएफ के मध्य जोन के अपर पुलिस महानिदेशक वितुल कुमार, महेश चंद्र लढ्ढा, विधि कुमार बिरदी, अमोल वी होमकर और पूरण सिंह धर्मसक्तु मौजूद रहे।



### डुमरी उपचुनाव : एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला

# दांव पर सत्ता पक्ष की साख

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सूबे में आगामी लोकसभा और विधान सभा चुनाव से पहले सत्तापक्ष और विपक्ष एक बार फिर आमने-सामने आएंगे। डुमरी उपचुनाव 2023 के लिए इंडिया गठबंधन और एनडीए अब पूरी तैयारी से मैदान में उतर गए हैं। इस चुनाव में जहां सत्तापक्ष अपनी उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखेगा वहीं विपक्ष सरकार की नीतियों के खिलाफ सत्ताधारी दलों को घेरने की कोशिश करेगा। बहरहाल, दोनों ओर से नामांकन दाखिल कर दिया गया है। इंडिया की तरफ से जहां बेबी देवी हैं वहीं, एनडीए की तरफ से आजसू पार्टी की यशोदा देवी उन्हें चुनौती दे रही हैं। हालांकि इन सबके बीच



राजनीतिक हलकों में एआइएमआइएम पार्टी के मौलाना अब्दुल मोबिन रिजवी की भी चर्चा हो रही है। माना जा रहा है कि इनके आने से मुकाबला रोचक हो गया है।

डुमरी उपचुनाव में एआईएमआईएम की तरफ से मौलाना अब्दुल मोबिन रिजवी ने भी पर्चा दाखिल किया है। 2019 की विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करवाई थी। हालांकि वे चौथे नंबर पर रहे थे, लेकिन फिर भी उन्हें 24 हजार 132 मत मिले थे जो किसी भी मामले में कम नहीं माना जा सकता है। इस चुनाव में आजसू उम्मीदवार यशोदा देवी 36840 मत लेकर दूसरे और भाजपा के प्रदीप साहू 36013 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। जदयू के लालचंद महतो को 5219 मिले थे। इससे पहले मौलाना अब्दुल मोबिन रिजवी ने जेडीयू उम्मीदवार रहते हुए 2014 में 16 हजार 730 वोट हासिल किए थे। उस समय भी ये तीसरे नंबर पर रहे थे।

वहीं दूसरी तरफ आजसू पार्टी की तरफ से यशोदा देवी को टिकट दिए जाने से नाराज बैजनाथ महतो ने भी पर्चा भरा है। ऐसे में माना जा रहा है कि वे एनडीए का ही वोट काटेंगे। इस इलाके में बैजनाथ महतो का अच्छा प्रभाव माना जाता है। पर्चा दाखिल करने के बाद उन्होंने ईटीवी भारत से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि क्षेत्र की समस्या के समाधान के लिए हम जमीनी स्तर के कार्यकर्ता को दूसरे पर निर्भर रहना ठीक नहीं है। यहां शिकारी आते हैं, जाल बिछाते हैं और बड़े बड़े ख्वाब दिखाते हैं। ऐसे शिकारी के जाल से इस क्षेत्र की जनता को बचाने के लिए भी वे मैदान में उतरे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि वे 28 साल से राजनीति में हैं। उन्होंने डुमरी विधानसभा क्षेत्र में कई आंदोलन किए हैं, इसके अलावा यहां के लोगों के लिए उन्होंने काफी काम किया है। ऐसे में यहां की जनता उन्हें जरूर अपना आशीर्वाद देगी।

डुमरी उपचुनाव पर इसलिए भी लोगों की नजर है क्योंकि 2024 लोकसभा चुनाव शेष पृष्ठ 11 पर

# रांची डबल मर्डर : दोनों सगे भाईयों सहित 3 गिरफ्तार, हथियार भी बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के चिरौंदी में हुए दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले सगे भाइयों अशोक और धर्मेंद्र सहित तीन को रांची पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। रांची एसएसपी के द्वारा बनाई गई एसआईटी को यह कामयाबी हासिल हुई है। बिहार-बंगाल में पनाह ले रखा था हत्यारों ने दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने के बाद अशोक और धर्मेंद्र दोनों बिहार भाग गए थे। रांची पुलिस की कई टीम में उनके पीछे लगी हुई थी, दोनो के बीच आंख में मिचौली का खेल लगातार जारी था। पुलिस के भारी दबाव की वजह से दोनों आरोपी कोर्ट में सरेंडर करने की भी प्लानिंग कर रहे थे लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने दोनों को धर दबोचा। शुक्रवार की रात एसआईटी को जानकारी मिली थी कि धर्मेंद्र और अशोक दोनों ही बंगाल से रांची पहुच कर अपने एक परिचित के घर पनाह लिए हुए है। सूचना मिलने के बाद स्पेशल टीम ने घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा। पूछताछ में दोनों अपराधियों ने यह खुलासा किया है कि जूस के बिजनेस को लेकर ही उन्होंने मुकेश और उसके स्टाफ की हत्या की थी। गिरफ्तार धर्मेंद्र और अशोक के निशानदेही पर ही मोराबादी के विजय उरांव को भी गिरफ्तार किया गया है विजय के द्वारा मुकेश की रेकी की गई थी।

**हथियार और बाइक भी बरामद :** धर्मेंद्र और अशोक की गिरफ्तारी के बाद उनके निशान डबल मर्डर में प्रयोग किए शेष पृष्ठ 11 पर

# श्रद्धा के साथ की गई मां मनसा की पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवपाददाता। खूंटी** खूंटी और आसपास के क्षेत्रों में नागों की देवी मां मनसा की पूजा-अर्चना पारंपरिक श्रद्धा और विश्वास के साथ की गई। शुक्रवार को शुरू हुई दो दिवसीय पूजा-अर्चना हवन, आरती और विततरण के साथ शनिवार को संपन्न हो गया। मौके पर शहर के महादेव टोली और मुरहू के माहिल गांव में मां मनसा देवी की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। शहर के महादेव टोली में ठीबू नायक द्वारा वर्षों पूर्व प्रारंभ की गई मां मनसा देवी की पूजा में महादेव टोली और बड़ाईक टोली के नायक समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान विगत शुक्रवार की रात आठ बजे, मध्य रात्रि 12 बजे और शनिवार तड़के तीन बजे मां मनसा देवी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इससे पूर्व अपराह्न में महादेव मंडा के समीप स्थित नया तालाब में पूजा के लिए विशेष अनुष्ठान किये गये। अनुष्ठान के बाद भक्त कृष्णा नायक द्वारा पवित्र कलश को शिरोधार्य कर बाजे गाजे के साथ जुलूस निकाला गया, जो नेताजी चौक तक गया फिर वहां से वापस आयोजन स्थल में पहुंचकर वहां पवित्र कलश को स्थापित किया गया। इस दौरान कई व्रती अपनी जीभ, गाल सहित शरीर के हिस्से को लोहे के तार से छेदकर जुलूस में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ठीबू नायक, योगेंद्र नायक सहित अन्य श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। दूसरी और मुरहू प्रखंड के माहिल गांव में दशकों से आयोजित परंपरागत मनसा देवी पूजा शनिवार को संपन्न हो गयी। शुक्रवार रात हुई विशेष पूजन अनुष्ठान में पीतांबर मांझी, गोवर्धन मांझी वीरेंद्र मांझी, फूलचंद मांझी सहित गांव के लगभग सभी ग्रामीण शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान पुरोहित छत्रपाल कर द्वारा संपन्न कराये गये। शनिवार को गांव के स्कूल मैदान में एक मेला का आयोजन हुआ। मेले में आयोजन के लिए पकड़े गए जहरीले सांपों का ग्रामीणों को दर्शन करा कर फिर इन सांपों को जंगल में छोड़ दिया गया।

# सर्पों की देवी मां मनसा की पूजा बड़ी धूमधाम के साथ सम्पन्न



**सिल्ली।** सिल्ली मुरी क्षेत्र में शुक्रवार को सर्पों की देवी मां मनसा की पूजा बड़ी धूमधाम के साथ की गई। सभी ने अपने घरों पर एवं पंडालों मे मां मनसा की मूर्ति स्थापित किया। स्वर्णरेखा नदी एवं तलाब मां मनसा की बारी उठाकर श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ मां मनसा के मंदिरा में प्रवेश किए साथ ही मां मनसा की पुजा अर्चना किया गया। अपने अपने परिवार एवं क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की श्राद्धालुओं ने कामना किया। इस पुरोहित द्वारा पुरे विधि विधान के साथ मां मनसा देवी की पुजा अर्चना किया गया। पुजा सम्पन्न होने के बाद बकरे एवं बत्तख की बलि देकर अपने परिवार की खुशहाली की कामना की गई। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने मां मनसा के सामने माथा टेका और अपने परिवार एवं क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की। मां मनसा की पुजा से क्षेत्र भक्तिमय से गुंज उठा। पुजा सम्पन्न होने के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## मोबाइल से फोटो खींचो प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची।** वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के अवसर पर मारवाड़ी कालेज के डिजिटल फोटोग्राफी एंड फिल्म मेकिंग डिपार्टमेंट की ओर से शनिवार को कालेज के विद्यार्थियों के लिए मोबाइल से फोटो खींचो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभाग के कोर्स डायरेक्टर डॉ सुशील अंकन ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता से संबंधित निर्देश दिए। तय समय सीमा के भीतर एक थीम पर विद्यार्थियों ने मोबाइल से खींची गई तस्वीरें विभाग में जमा कराई। वहीं डिजिटल फोटोग्राफी एंड फिल्म मेकिंग विभाग के विद्यार्थियों ने केक काटकर वर्ल्ड फोटो फोटोग्राफी डे मनाया। डा. सुशील अंकन ने विद्यार्थियों को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के महत्व और इसकी शुरूआत पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विभाग के सभी प्रतिभागी शामिल हुए. प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने विश्व फोटोग्राफी दिवस पर विद्यार्थियो को शुभकामनाएं दीं और कहा कि फोटोग्राफी आज विश्व की जरूरत बन गई है। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा बाद में की जाएगी।

## हॉकी झारखंड टीम की भागीदारी के लिए 90 खिलाड़ी हुए शामिल



**रांची।** 25 अक्तूबर से 09 नवंबर 2023 तक गोवा में आयोजित 37वे राष्ट्रीय खेल-2023में झारखंड के पुरुष हॉकी टीम के भागीदारी के लिए हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल शनिवार को एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम बालिका उच्च विद्यालय,बरियातू,रांची में हुआ। जिसमे झारखंड के विभिन्न जिला से 90 पुरुष हॉकी खिलाड़ी सामिल हुए, जिनमें से 35खिलाड़ी चयनित किए गए जिनका एक सप्ताह बाद से विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।आज के चयन ट्रायल में मुख्य रूप हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, असरिता लकड़ा,माइकल लाल,दसरथ महतो, बिगन सोए, जयंत केरकेट्टा इत्यादि उपस्थित थे।

## नव निर्वाचित सदस्यों को दिलाई गई शपथ

**रातू।** प्रखंड के बिजुलिया स्थित मदरसा नुरुल उलूम में शुक्रवार को शपथ ग्रहण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। चुनाव कमिटी के तत्वधान में आयोजित कार्यक्रम मे नव निर्वाचित रातु प्रखंड अंजुमन कमिटी के सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया गया। चुनाव का सफल संचालन में मुख्य योगदान देने वाले चुनाव संचालन समिति व नवनिर्वाचित कमिटी के सदर अताउल्लाह अंसारी, सचिव अनिसुल रहमान उप सदर अंजुम खान, उप सचिव मोख्तार अंसारी व खजांची अजमुल हक को पगड़ी माला और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मुसलमान आज शिक्षा के क्षेत्र में काफी पीछे हैं, जरूरत है आने वाले दिन में कौम के बीच में शिक्षा का अलख जगाने की, जब तक बच्चों के बीच में शिक्षा का अलख नहीं जागेगा तब हमारा विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम की बतौर मुख्य अतिथि राँची जिला जिप अध्यक्षता निर्मला बीरेंद्र भगत, पदमश्री मधु मंसूरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, आजसू नेता भरत कांसी, जोहर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विजय कुशवाहा, झामुमो के केंद्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता, आजसू नेता चिंटू मिश्रा मौजूद थे।

# डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने लोगों का मन मोहा

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो स्थित विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में झारखंड लेखक संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय कवि सम्मेलन एवं काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन एवं काव्य प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के 31 बच्चों ने स्वयं से लिखकर काव्य प्रतियोगिता में भाग लिया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने प्रकृति, पर्यावरण बचाओ, बेटी व मां सहित पर्यावरण पर स्वयं कविताएं लिखी और मंच से अपनी कविताओं का मंचन किया। कविताओं के मंचन एवं काव्य प्रतियोगिता के माध्यम से तीन स्कूली बच्चों क्रमशः संदली संविधा ,अनिकेत पाठक और नैतिक शौर्य का चयन राज्य स्तरीय काव्य प्रतियोगिता के लिए किया गया । चयनित बच्चों को झारखंड लेखक संघ के द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। कवि सम्मेलन में झारखंड लेखक संघ के संस्थापक चंदन प्रजापति, संयोजक ऋषभ कुमार ,कुमार संजय, सची त्रिपाठी, अमन प्रियदर्शी, अंकिता सिन्हा, प्रकाश बड़ाइक, डॉ सुरिंदर कौर नीलम ने बच्चों के बीच अपनी रचनाएं पेश की और बच्चों का मनोबल बढ़ाया, और आगे उन्हें हर संभव मदद करने का वादा किया। स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने सभी कवियों को सॉल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा की इस तरह के आयोजन से बच्चों में लिखने की प्रतिभा बढ़ती है। और उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास नहीं था कि हमारे विद्यालय के बच्चे इतना अच्छा कविता लिख सकते हैं आज उन्हें छुपी प्रतिभावों को मंच देने का काम झारखंड लेखक संघ कर रही है। उन्होंने विद्यालय में इस तरह का आयोजन करने के लिए झारखंड लेखक संघ के प्रति आभार प्रकट किया।

# रातू काठीटांड में महिलाओं ने बीच सड़क पर रोपा धान



**नवीन मेल संवाददाता। रातू** प्रखंड के पूर्वी पंचायत में शनिवार को डोली महिला समूह व ग्रामीण महिलाओं ने जर्जर व सडक को बनाने की मांग को लेकर बीच सड़क पर ही धान रूप दिया। महिलाओं का कहना है कि हमने मुखिया सुषमा तिर्की को जर्जर सड़क के निर्माण के लिए कई बात आवेदन दिया परन्तु मुखिया बनने के 9 साल बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण नही हो पाया है। सड़क में बड़े बड़े गढ़े व गड्ढे में पानी भर जाने के कारण कई लोग घायल हो गये है। आने जाने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। गांव की ओर से इसी रास्ते से बच्चे भी स्कूल जाते है। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चो को ही हो रही हों। पानी में जाने के कारण उनका ट्रेस भी खराब हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि मुखिया का कहना है कि यह रोड विधायक फंड से बनेगा। परन्तु सालो साल बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण नही हो रहा है। ग्रामीणों में पूर्व जिला परिषद सदस्य अकिलमा खातून फरहा खातून, सुनीता देवी,चिंता, देवी, लीला देवी, संजु देवी, प्रभा देवी,सरिता कुजुर के अलावा दर्जनों महिला शामिल थे।

## पुलिस ने मवेशी तस्कर फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**रांची।** लोअर बाजार थाने की पुलिस ने मवेशी की तस्करी करने के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम फरजान कुरैशी है और वह डोम टोली कुरैशी मुहल्ले का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार जून माह में आरोपी मवेशी लेकर आ रहा था। पुलिस ने उसकी गाड़ी को लोअर बाजार थाना क्षेत्र में रोका। गाड़ी छोड़कर आरोपी भाग निकला। वहीं इसके साथी को पुलिस ने पकड़ लिया। उस वक्त से आरोपी फरार चल रहा था। इसी क्रम में पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी अपने कुरैशी मुहल्ला स्थित घर पर आया है। बीते शुक्रवार की रात लोअर बाजार पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष मवेशी तस्करी की बात स्वीकार की है।

### लोकहित अधिकार पार्टी का ग्रामीण क्षेत्र में चला सदस्यता अभियान

# पिछड़े वर्ग को 27% आरक्षण देने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू** शनिवार को लोकहित अधि'कार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू के नेतृत्व में कांके विधानसभा के बुढ़मू प्रखंड में केदली,उलातू, उमेड़ंडा, बुढ़मू सहित कई गांवों का दौरा कर सामाजिक न्याय का जन जागरण अभियान के तहत राजनीतिक भागीदारी एवं लोकहित अधिकार पार्टी के नीति सिद्धांतों को ग्रामीणों को बताया गया। जनसंपर्क के दौरान केदली गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में एक बैठक रखा गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में पार्टी का मूल सिद्धांत में निःशुल्क शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था झारखंड प्रदेश सहित पूरे देश में लागू कराने, खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति लागू करने, राज्य में जाति आधारित जनगणना के आधार पर जिसकी जितनी आबादी उसको मिले उतनी राजनीतिक भागीदारी एवं आरक्षण,पिछड़े वर्ग को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, झारखंड के उद्योग व्यवसाय खनिज संपदा सरकारी नौकरियों में सत प्रतिशत आरक्षण सहित देश में धड़ले से हो रहे सरकारी संस्थाओं का निजीकरण के खिलाफ और संविधान व लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प के साथ स्थानीय प्रत्याशी को जीतने का संकल्प लिया गया। जन जागरण अभियान मैं मुख्य रूप से सुदर्शन नायक, मुकुल नायक, संजय साहू, मनोज साहू,अजय नायक, रामवृत नायक, रामरेखा देवी,गीता देवी, प्रिया देवी सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## पटवन कर रहे युवक की करंट की चपेट में आने से हुई मौत

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रोगो गांव में शुक्रवार की शाम लगभग पौने छह बजे चरिमा दोहर में धान रोपाई के लिए सिंचाई करने गए 24 वर्षीय युवक बैजन लकड़ा की विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से करंट लगने के कारण घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस संदर्भ में मृतक के भाई ने बताया कि वह चरिमा दोहर के समीप धान रोपाई करने को लेकर खेत में पटवन के लिए मशीन में तार जोड़ रहा था। इसी बीच वह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। जिसे भाई टाइगर लकड़ा व विशेश्वर लकड़ा ने कपड़ा से पकड़कर खींच कर हटाया और आनन फानन में स्वजनों व ग्रामीणों के सहयोग उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो लाया गया। जहां डा मेघा भगत ने जांचोपरान्त उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर एएसआई अक्षय कुमार सिंह सीएचसी पहुंचे और घटना की जानकारी ली। बेड़ो थाना पुलिस ने शव बरामद कर शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स डे-वात्सल्यम मनाया गया

# बच्चों ने अपने नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** शनिवार को सरला बिरला पब्लिक स्कूल के नर्सरी तथा केजी-1 के बच्चों ने ग्रैंड पैरेंट्स डे-वात्सल्यम मनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दादा-दादी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित हुए। सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर आधारित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रो. डॉ. तपन कुमार शांडिल्य, कुलपति, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभा सिंह, संस्थापक निदेशक, मेरे नन्हे कदम, रांची इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि थीं। इस अवसर पर हेसाग स्थित वृद्धाश्रम 'अपना घर', प्रेम नगर, उसुर्लाइन कॉन्वेंट, सिंह मोड़, लटमा रोड, हेसाग, रांची के विशेष अतिथियों को सादर आमंत्रित किया गया था। समारोह की शुरूआत गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई और उसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। केजी-1 और नर्सरी के नन्हे-मुन्नों ने 'सस्टनेबल डेवलपमेंट गोल' विषय पर आधारित अपने प्रदर्शन से माहौल को खुशनुमा बना दिया। केजी-1 ए के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एसडीजी - 15 'लाइफ ऑन लैंड' पर मनमोहक नृत्य 'ग्रीन कंजर्वर्स' पेश किया। केजी-1 बी के छात्रों ने 'ऑल लाईफ मैटर्स' विषय पर शानदार नृत्य 'रिदमिक वर्ल्ड' से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। केजी-1 सी ने पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण की कोशिश करते हुए, पृथ्वी के रक्षक के रूप में अभिनय करते हुए अपने प्रदर्शन 'कॉनकॉर्डिया' के साथ मंच पर धूम मचा दी। नर्सरी के बच्चे अपने नृत्य प्रदर्शन 'ब्लू सफायर्स' के साथ आए, जिसमें बच्चों ने एसडीजी 14 'लाईफ बिलो वाटर' पर ध्यान केंद्रित करते हुए समुद्री दुनिया की जादुई यात्रा प्रस्तुत की। छात्रों ने अपने नृत्य प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा 'कृष्ण लीला' प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम ने जन्माष्टमी को मंच पर साकार कर दिया। दादा-दादी अपने पोते-पोतियों के आकर्षक कार्यक्रम देखकर अभिभूत हो गए। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने शिक्षण की आधुनिक और प्राचीन पद्धतियों को आपस में जोड़ने के स्कूल के प्रयासों की सराहना की, जो छात्रों को वर्तमान युग की शैक्षिक और रोजगारोन्मुख मांगों को पूरा करने में सक्षम बनाता है।

कार्यक्रम

### बीएयू विवि के वेटनरी कॉलेज में फ्रेशर्स डे मनाया गया

# राज्य में पशुपालन की अपार संभावनाएं हैं : डॉ. सुशील




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वेटनरी संकाय में संचालित प्रदेश के एकमात्र वेटनरी कॉलेज में फ्रेशर्स डे मनाया गया। मौके पर कॉलेज के सत्र 2022-23 में नामांकित सभी 60 नवोदित छात्र-छात्राओं का वरीय छात्र-छात्राओं ने तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में नवोदित 24 छात्र एवं 36 छात्राओं ने अपना परिचय एवं विशेष रूचि से अवगत कराया।

समारोह का उद्घाटन दीप जलाकर डीन वेटनरी डॉ. सुशील प्रसाद ने की। अपने संबोधन में डॉ. सुशील प्रसाद ने कहा कि वेटनरी का विषय मूक प्राणी के विज्ञान एवं चिकित्सा से जुड़ा कठिन सेवा का क्षेत्र है। वेटनरी शिक्षा में अच्छे पदाधिकारी/वैज्ञानिक के गुणों के साथ मानवीय व्यवहार का होना पहली जरुरत है। उन्होंने कहा कि विगत दो-तीन वर्षों में कॉलेज से पास आउट सभी छात्र-छात्राओं का झारखंड सरकार के पशुपालन सेवा में नियोजन हो चुका है। कृषि एवं सबंधित विषयों में पशुपालन सबसे लाभकारी उद्यम है। झारखंड राज्य में पशुपालन अपार संभावनाएं हैं और केंद्र एवं राज्य सरकार इस दिशा में बेहद संवेदनशील है।

डॉ. प्रसाद ने कहा कि कॉलेज के साढ़े 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में छात्र-छात्राओं से अध्ययन कार्य में कठिन परिश्रम एवं पूर्ण अनुशासन की अपेक्षा की जाती है। कॉलेज में सभी शिक्षकों का सम्मान एवं आदर करें। गुरु- शिष्य परंपरा की आदर्श स्थिति बनाये रखें। कॉलेज के सभी वरीय छात्र-छात्राएं अभिवावक एवं पहले पथ प्रदर्शक है। उनसे आदर सहित व्यवहार बनाये रखें। समय-समय पर निर्गत सुचना एवं निर्देशों का ध्यान रखें। स्वागत भाषण डॉ. जगरनाथ उरांव ने दी। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद डॉ. एके पांडे ने दी। मौके पर डॉ. सुरेश मेहता, डॉ. प्रवीण कुमार सहित अनेकों शिक्षक, वैज्ञानिक एवं वरीय छात्र-छात्राए भी मौजूद थे। देर शाम नवोदित छात्र-छात्राओं के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में वरीय एवं नवोदित छात्र-छात्राओं ने व्यक्तिगत एवं समूह गायन, कविता, शायरी, चुटकिले से कार्यक्रम की शोभा बढाई।

## छेड़खानी के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 336/23 के आरोपी थाना क्षेत्र के मुरगू निवासी 45 वर्षीय विवाहित व्यक्ति प्रेम सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ एक युवती ने शुक्रवार को रातू थाने में छेड़खानी का आरोप लगा प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रेम सिंह रंग रोगन का काम करता है। वह युवती के घर मे ही काम कर रहा था। शुक्रवार को युवती के परिजन किसी काम से बाहर गये थे। युवती घर मे अकेले थी। युवती को अकेला देख कर प्रेम ने उससे जबरदस्ती करने की कोशिश की। किसी तरह से युवती अपने आप को छुड़ाकर घर से बाहर आ गयी और परिजनों को इसकी जानकारी दी। इसके उपरांत प्रेम फरार हो गया। युवती द्वारा रातु थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची**
**(सामान्य शाखा)**

**महिलाओं/बालिकाओं एवं बच्चों के साथ हो रहे अपराध को रोकने से संबंधित राँची पुलिस की अपील**

महिलाओं/बालिकाओं एवं बच्चों के विरूद्ध अपराधिक घटनाओं विशेष कर लैंगिक अपराध की घटनाओं के रोक थाम एवं उनके सुरक्षा हेतु पूर्ण रूप से राँची पुलिस कटिबद्ध है तथा महिलाओं/बालिकाओं एवं बच्चों के अपराध से संबंधित अपराधियों को चिन्हित कर दण्डित करने के लिए दृढ़संकल्पित है। राँची जिला में दो महिला थाना कार्यरत है। महिला थाना, राँची का सम्पर्क नम्बर 9431709009/9431700003 एवं महिला थाना, बुण्डू का सम्पर्क नम्बर 8987790673 पर कोई भी महिला/बालिका 24 घंटे अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है।

**किसी भी मुसीबत में फसने की स्थिति में तुरन्त 100 या 112 पर कॉल करें। महिला हेल्पलाईन का नम्बर 181, 9771432103 एवं चाईल्ड हेल्पलाईन का नम्बर 8877444444 कार्यरत है। महिला हेल्पलाईन नम्बर 9771432103 WhatsApp से जोड़ा गया है। महिलाओं की सुरक्षा हेतु महिला हेल्पलाईन Facebook एवं twitter पर खोला गया है,** जिसका User Name - Mahila Helpline Jharkhand एवं उक्त नम्बरो पर महिलाओं एवं बालिकाओं के विरूद्ध लैंगिक अपराध से संबंधित समस्याओं/शिकायतों को दर्ज करायी जा सकती है।

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 305051 Police(23-24).D

श्री श्याम मंदिर में हरियाली तीज का कार्यक्रम आयोजित

# मंदिर में भगवान का दर्शन कर श्रद्धालु हुए भाव-विभोर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर का नजारा शनिवार को बदला बदला रहा। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा संचालित श्री श्याम मंदिर बजरंगबली के गर्भगृह आज हरियाली से चमक रहे थे। खाटू नरेश का हरियाली तीज के अवसर पर केसर चंदन तिलक का श्रृंगार करके हरियाली वस्त्र पोशाक बनाया गया। श्री श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को हरियाली पोशाक पहनाया गया। गर्भगृह के कोना-कोना में तुलसीदल की महिलाओं से सजाया गया। धवल मार्बल लगे सभी जगह तुलसीदल की माला से पूरा गर्भगृह सावन माह में अति सुंदर लग रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूनरेश को पीला गुलाब लाल गुलाब रजनीगंधा पीला गेंदा फूलों से सजा कर गुलाब के विशेष रूह इत्र की मालीश करके सजाया गया था। श्री हनुमान जी श्री शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी प्राचीन तैल चित्रों और गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया था।मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा मंदिर के पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा सहयोगी आचार्य अनूप दाधीच व मंदिर के आचार्य ने सभी गर्भ गृह का दिव्य श्रृंगार किया। ज्ञातव्य है कि खाटू नरेश का हरियाली तीज पर्व खाटूधाम सहित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में विशेष रूप से आयोजित किया जाता है । इस अवसर पर खाटू नरेश को विभिन्न मिष्ठान नमकीन पंचमेवा विभिन्न फलों का अर्पित किया गया। पहाड़ी टोला निवासी स्वर्गीय सीताराम पोद्दार की धर्मपत्नी पुष्पा देवी पोद्दार ने परिवार संग हरियाली तीज पर्व श्रृंगार पोशाक सभी प्रसाद की सेवा निवेदित कर परिजनों की खुशहाली की प्रार्थना की। गोधूलि बेला के पूर्व मंदिर के कपाट खुलते ही हरियाली श्रृंगार दर्शन कर भक्तजन भाव विभोर हो रहे थे। मंदिर परिसर खाटूनरेश के जयकारों से गूंज रहा था।

**75 वां श्री श्याम भंडारा :** यह अवसर था 75 वें श्री श्याम भंडारे का। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में यजमानश्री परिवार के उमाशंकर निर्मला महेश्वरी गोपाल कुसुम महेश्वरी सौरभ महेश्वरी ने परिवार के साथ खाटू नरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया । 75 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद में केसरिया जलेबी वेजिटेबल पुलाव आलू चना कद्दू की मिश्रित सब्जी गाजर का अचार का प्रसाद बनाया गया था। श्री गणेशजी के जयकारों के बीच अध्यक्ष सुरेश सरावगी उमाशंकर गोपाल माहेश्वरी ने भंडारे का वितरण शुरू किया। लगभग 3500 से ज्यादा भक्तों ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सरावगी, अनुज मोदी, निर्मला महेश्वरी, आशीष डालमिया, गोपाल महेश्वरी, पुष्पा देवी पोद्दार, कुसुम महेश्वरी, अमित सराओगी आदि मौजूद थे।

### सोमवार को रुद्रा अभिषेक

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सावन माह के सप्तम सोमवार नाग पंचमी के दिन 21 अगस्त सोमवार को श्री श्यामेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक सलज अग्रवाल पिंकी अग्रवाल दोपहर 1:00 बजे कराएंगे। सायंकाल शिव परिवार का विशेष श्रृंगार होगा।

मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ 64 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ। 22 अगस्त को संध्या 4:30 बजे से होगा। इस अवसर पर हनुमान जी महाराज के दिव्य अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# हाई कोर्ट में होने वाले खर्च का किया निर्धारण




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से दायर किए जाने वाले वाद, शपथ पत्र, प्रति शपथ पत्र, पूरक-प्रतिशपत्र, कारण-पृच्छा इत्यादि में होने वाले व्यय का निर्धारण विधि विभाग ने किया है। पिछली बार यह निर्धारण 10 जुलाई, 2006 की तिथि से किया था। ऐसे में काफी लंबे समय के बाद नये सिरे से निर्धारण किया गया है। नयी दर निर्धारण संबंधी जानकारी विधि विभाग के प्रधान सचिव सह विधि परामर्शी नलिन कुमार ने शनिवार को पत्र लिखकर सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव इत्यादि को दिया है। यह स्पष्ट किया गया कि सरकार के भी विभाग, कार्यालय निदेशालय, क्षेत्रीय कार्यालय इत्यादि झारखंड हाई कोर्ट में व्यय होने वाले राशि की विवरणी विधि विभाग के स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी संबंधी होने वाली हर बुधवार की बैठक में जानकारी देंगे। इसमें वाद संख्या, ओथ संख्या, वादी-प्रतिवादी का नाम, व्यय राशि की पूरी जानकारी देनी होगी।






नव नियुक्त वैज्ञानिकों ने बीएयू के केन्द्र का किया भ्रमण

# वैज्ञानिकों ने गिलोय का किया अवलोकन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची रिंग रोड के गढ़खटंगा स्थित आईसीएआर -इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी (आईआईएबी) के दस सदस्यीय नव नियुक्त वैज्ञानिकों के दल ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि एवं वानिकी संकाय के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। इस दौरान दल को कृषि संकाय के डीन डॉ. डीके शाही एवं वानिकी संकाय के डीन डॉ. एमएस मल्लिक ने संकाय के शैक्षणिक, शोध एवं प्रसार कार्यक्रमों की जानकारी दी।

भ्रमण के दौरान दल ने आनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग में विभिन्न पौध प्रजाति का विकास एवं शोध कार्यक्रम के बारे में जाना। मृदा विज्ञान विभाग में मिट्टी जांच, जैव उर्वरक उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन एवं नैनो उर्वरक आदि शोध गतिविधियों का अवलोकन किया। दल ने कृषि अभियंत्रण विभाग में कृषि उपकरण म्यूजियम, पौधा रोग विभाग के मशरूम उत्पादन यूनिट, सामुदायिक विज्ञान विभाग के प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन के कार्यक्रमों तथा वानिकी संकाय में नव स्थापित गिलोय प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केंद्र का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान डॉ. मनिगोपा चक्रवर्ती, डॉ. बीके अग्रवाल, डॉ. उत्तम कुमार, डॉ. एचसी लाल, डॉ. रेखा सिन्हा एवं डॉ. कौशल कुमार में सबंधित विषयों की तकनीकी से भ्रमण दल को अवगत कराया। दल में आईआईएबी, रांची के नव नियुक्त वैज्ञानिकों में डॉ. सुजय कदेमानी, डॉ. अमित कुमार, डॉ. कार्तिक शर्मा, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. निखिल केसी, डॉ. साक्षी कैथ, डॉ. गणेश अदेराव एन, डॉ. एकता नरवाल, डॉ. ओमकार लिम्बलकार एवं डॉ. सौमजित सरकार शामिल थे। दल के समन्वयक का कार्य कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के एसोसिएट डीन ई डीके रूसिया ने किया।




PR No. 305069 (Labour Employment and Traning) 2023-24

## जिला कल्याण पदाधिकारी ने अधिकारियों के साथ स्थल का किया निरीक्षण

# 9 करोड़ की लागत से बनेगा लुगुबूरू घंटाबाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो के जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स ने भवन निर्माण, वन विभाग सहित स्थानीय अधिकारियों के साथ लुगुबूरु घंटाबाड़ी ललपनिया का दौरा किया. इस क्रम में उन्होंने बताया कि यहां कई योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जाना है. भवन निर्माण विभाग व वन विभाग के साथ कुछ एनओसी को लेकर असमंजस की स्थिति थी, उसका निपटारा के लिए अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया गया. उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार लगभग 9 करोड़ की लागत से लुगूबुरु घंटाबाडी में प्रशिक्षण केंद्र, कम्युनिटी हॉल, मेडिटेशन हॉल, शौचालय व चहारदीवारी निर्माण कराया जाना है. इस दौरान उन्होंने ललपनिया में 11करोड रुपये की लागत से बन रहे ट्राइबल म्यूजियम व गेस्ट हाउस का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया. कहा कि वन विभाग व भवन निर्माण विभाग के बीच से बातचीत कर रास्ता निकाल लिया गया है, जबकि अंचल विभाग से जो कार्य किया जाना था वह पूरा हो चुका है. बता दे की कल्याण विभाग की ओर से पूर्व में पांच करोड़ की लागत से लुगूबुरु के दोरबार चट्टानी में मेडिटेशन हॉल, तीन तोरणद्वार, पीसीसी पथ, स्टेज, सांस्कृतिक सामुदायिक भवन बनाया गया है साथ ही पूनाय नान (मंदिर) का भी जीर्णोद्धार किया गया है. गत वर्ष 2022 में लुगूबुरु घंटाबाडी धोरोमगाढ़ में आयोजित राजकीय महोत्सव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस क्षेत्र को पर्यटक स्थल के रुप में विकसित करने की घोषणा की थी। मौके पर बीडीओ कपिल कुमार, सीओ संदीप अनुराग टोपनो, रैंजर विनय कुमार, समिति की ओर से अध्यक्ष बबूली सोरेन, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष लुदू मांझी, श्यामदेव सोरेन, भुनेश्वर टुडू, फुलचंद मांझी सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## गिरिडीह : डुमरी उपचुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट

**गिरिडीह।** जिले के डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर गावां में भी प्रशासन रेस है. गावां थाना क्षेत्र के गिरिडीह -कोडरमा बॉर्डर के गावां थाना मोड़ के पास प्रशासन की ओर से उपचुनाव को लेकर चेक पोस्ट बनाई गई है. यहां बिहार से झारखंड आने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों पर पुलिस नजर रख रही है. मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पुलिस व प्रशासन के लोग वाहनों को रोक कर तलाशी ले रहे है. इसके अलावा कहां से कहां तक के लिए गाड़ी चली है, ड्राइवर का नाम, मोबाइल नंबर आदि रजिस्टर में मेंटेन किया जा रहा है. समय-समय पर बीडीओ सह सीओ महेंद्र रविदास व थाना प्रभारी सनी सुप्रभात भी चेक पोस्ट का निरीक्षण करते हैं. शनिवार को थाना प्रभारी सनी सुप्रभात चेकपोस्ट पहुंचकर वाहनों की घंटों तलाशी ली.

## नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरे जलवे



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल ने रोटरी क्लब गिरिडीह कपल के साथ मिलकर भव्य इंटरस्कूल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया. इस उत्कृष्ट प्रतियोगिता में सीसीएल डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, बीएनएस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेव इंटरनेशनल स्कूल, ओपन माइंड वर्ल्ड स्कूल, मेक इंडिया स्कूल, डॉ. भाभा पब्लिक स्कूल, डिस्कवरी पब्लिक स्कूल और सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया. प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सलूजा ग्रुप ऑफ कंपनी के चेयरमैन अमरजीत सिंह सलूजा रहे. प्रतियोगिता के नृत्य प्रदर्शन का मूल्यांकन स्नेह जैन (प्रिंसिपल, जैन विद्यालय), हरदीप कौर (सहायक प्रोफेसर, स्कॉलर बी.एड. कॉलेज) और कविता राजगढ़िया (सचिव, इनर क्लब, गिरिडीह) ने किया. यह कार्यक्रम अद्भुत और मनोरंजनपूर्ण रहा, जिसमें सभी स्कूलों के छात्रों ने कला की उच्चतम मानकों का प्रदर्शन किया. विद्यालय के निदेशक जोरावर सिंह सलूजा ने सभी छात्रों की प्रदर्शन पर बढ़ावा देते हुए उनके उत्साह की सराहना की और इस प्रकार के आयोजनों को बढ़ावा देने की बात की. इस प्रतियोगिता में ग्रुप के श्रेणियों विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय का पुरस्कार दिया गया.

## बोकारो : पांच घरों का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी

**बोकारो।** अपराधियों ने एक ही रात चास और पिंड्राजोरा थाना इलाके में पांच बंद घरों का ताला तोड़कर लाखों की चोरी की है. अपराधियों ने 18 अगस्त की रात चास के चीरा चास के बसेरा हाउसिंग सोसाइटी के प्लाट नंबर झ 18 निवासी रामसेवक साह के बंद आवास का ताला तोड़कर अंदर घुसे और दीवान को तोड़ कर सारा कीमती सामान चुरा लिए साथ ही रसोई में रखे कई सामान लेकर भाग निकले. दूसरी ओर अपराधियों ने पिंड्राजोरा थाना इलाके के चापाटांड़ गांव में एक साथ चार घरों का ताला तोड़कर चोर घर में रखे जेवर, वर्तन, कपड़े, नगद सहित अन्य जरूरत के सामान लेकर भाग निकले. यहां लाखों की चोरी होने की बातें कहीं जा रही हैं. चोरी की घटना विभिषण तिवारी, मथन तिवारी, गुरुपद तिवारी और मकरध्वज तिवारी के घर हुई है. सुबह में जब चोरी की जानकारी गांव के लोगों को मिली, तो सभी हैरान हो गए. मालूम हो कि अभी गांव में मनसा पूजा का उमंग चल रहा है, घटना के बाद लोगों में डर और दहशत में है. इन चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस की टीम पहुचकर जांच में जुट गई है.

## 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत तोपचांची में निकली अमृत कलश यात्रा




**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत शनिवार को तोपचांची प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में 28 पंचायतों से पहुंचे कलश की मिट्टी को धनबाद जिला भेजा गया. इस अवसर पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी एवं वीर शहीदों को याद किया गया. तोपचांची प्रखंड उप प्रमुख हेमलाल महतो ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कलश यात्रा निकाली गई है. शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया. उन्होंने कहा कि यह मिट्टी विभिन्न पंचायतों के किसानों की जमीन से ली गई है. इस मिट्टी से सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से अमृत वाटिका का निर्माण होगा. उन्होंने कहा कि देश के जवान अपनी जान की परवाह किए बिना देश की रक्षा में तत्पर रहते हैं. सरकारी कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी अपना कार्य इमानदारी पूर्वक करें तो इससे बड़ी और देशभक्ति नहीं हो सकती. अपने कार्यों को ईमानदारी पूर्वक करते रहना चाहिए. विडम्बना की बात यह रही की मेरी माटी मेरा देश अभियान में पंचायत के मुखिया ने कलश में मिट्टी रख कर प्रखंड कार्यालय को कुछ दिन पहले ही सुपुर्द कर दिया. परंतु तोपचांची प्रखंड कार्यालय से शनिवार को जिला मुख्यालय भेजा गया. अमृत कलश यात्रा के दौरान सभागार में एक मुखिया व तीन पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे. इस कार्यक्रम के बारे में गिरीडीह सांसद, टुंडी विधायक, प्रमुख, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष 20 सूत्री, जिप सदस्य, पंचायत समिति सदस्य व मुखिया को पत्रांक 1353 के माध्यम सूचना दी गई थी. परंतु सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित नहीं रहे.

## महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**चाईबासा।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के मानकी साईं गांव में 43 वर्षीय सुनीता तियु ने घरेलू विवाद में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात को सुनीता अपने घर में अकेली थी. इसी दौरान उसने देर रात घर के अंदर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली. शनिवार सुबह जब उसका पुत्र उसे जगाने गया तो मां को फंदे से लटका पाया. इसके बाद उसने अपने परिजनों और आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी. घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मुंडा ने जगन्नाथपुर थाना प्रभारी राकेश रंजन सिंह को इसकी सूचना दी. पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा भेज दिया. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को किसी बात को लेकर उसका परिजनों के साथ विवाद हो गया था, उसी गुस्से में आकर सुनीता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.

## आदिवासी कल्याण केन्द्र के 18 लोग दिल्ली रवाना




**चाईबासा।** 'हो' भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए आदिवासी कल्याण केन्द्र किरीबुरू से 18 सदस्यी टीम गोपी लागुरी के नेतृत्व में शनिवार को दिल्ली के लिए रवाना हुई. विभिन्न राज्यों के आदिवासी समाज के लोग 21 अगस्त को जंतर-मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, एवं राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर हो भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध करने की मांग रखेंगे. किरीबुरू की ओर से इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्याम बिरुवा, आजाद सिंकु, दशरथ लागुरी, संजय हेस्सा, करनेश जेराई, के एल सुंडी, बिरसा पूर्ति, सोनाराम मुंडा, गोमा चांपिया, मादुलु मुंडा, पद्मिनी लागुरी, बसंती हेंब्रम, नीलिमा लागुरी, सुमन सिधु, सुनीता बागे, गुरूबारी हेंब्रम, सुमती लागुरी रवाना हुए.

## एचडीएफसी बैंक ने कांवरियों के लिए लगाया स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर




**रांची/देवघर।** एचडीएफसी बैंक बोकारो क्लस्टर ने श्रावण मास में तीर्थयात्रियों के लिए विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक-पर्सनल लोन के क्षेत्रीय प्रमुख राहुल विजय सिंह ने कहा कि हमने 10 अलग-अलग स्थानों पर तीर्थयात्रियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया है और ग्राहकों को पर्सनल लोन की नवीनतम पेशकश के बारे में भी जानकारी दी है। इस पहल में हमने 20 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों से संपर्क किया है और मार्ग कार्ड वितरित किए हैं। एचडीएफसी बैंक-सर्कल हेड, झारखंड सर्कल अभिषेक कुमार ने भी इस कार्यशाला की सराहना की और इतने बड़े पैमाने पर कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए पर्सनल लोन, शाखा टीम और मार्केटिंग के बीच समन्वय की सराहना की। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के क्लस्टर हेड हरीश जोशी, देवघर शाखा प्रबंधक अशोक कुमार, गोपिका रंजन मिश्रा, भास्कर देबनाथ, राणा बहादुर आदि उपस्थित थे।

## रणविजय महिला कॉलेज में मना सावन महोत्सव





**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** सेक्टर-9 स्थित रणविजय स्मारक महिला महाविद्यालय में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई. छात्राओं ने सावन के गीत-संगीत की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया. मेहंदी प्रतियोगिता में कुमारी नितीशा को प्रथम, यासमीन को द्वितीय व निशा कुमारी को तृतीय स्थान मिला. छात्राओं ने रैम्प वाक किया गया. सावन श्रृंगार प्रतियोगिता में मुस्कान कुमारी को सावन श्रृंगार से नवाजा गया. मौके पर प्राचार्य डॉ परिंदा सिंह, सरिता सिन्हा व रीना सिंह ने प्रतियोगिता में सफल छात्राओं को पुरस्कृत किया. मंच का संचालन व्याख्याता सीमा सिंह ने की. कार्यक्रम में अर्चना कुमारी, प्रेमलता कुमारी, नरेंद्र कुमार, रोशन कुमार, समीर आनंद, नीलू सिंह, रीना सिंह आदि थे.

### रौनियार वैश्य परिवार ने मनाया सावन महोत्सव

सेक्टर-4 बौद्ध विहार में 19 अगस्त को बोकारो रौनियार वैश्य समिति महिला प्रकोष्ठ की ओर से सुनीता कुमारी की अध्यक्षता में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि विधायक विरंची नारायण की पत्नी नीना नारायण थी. सावन महोत्सव में गीत-संगीत से माहौल खुशनुमा बन गया था. नीना नारायण ने कहा कि सावन में महिलाएं महोत्सव मनाकर गीतों से अपनी खुशी का इजहार करती है. अब नारी शक्ति भी सबल बन रही है. समाज में बढ चढ़कर हिस्सा ले रही है. समारोह में सावन क्वीन का चुनाव हुआ. जिसमें प्रथम सुनीता कुमारी, द्वितीय नीति महाजन, तृतीय स्थान राजनंदनी को मिला. अनीता गुप्ता और चिंतामणि गुप्ता ने सभी क्वीन को ताज पहना कर बधाई दी. समारोह में बेस्ट कपल का खिताब प्रत्युष कुमार व उनकी धर्मपत्नी सीमा कुमारी को मिला. समारोह में मिली गुप्ता, उषा देवी, सीमा गुप्ता, अर्चना गुप्ता, बेबी गुप्ता, शीला गुप्ता, कृष्णा रानी गुप्ता, श्वेता गुप्ता, मीना देवी, मधुलिका गुप्ता, मंजू गुप्ता, निता कुमारी, टीना गुप्ता, मीना गुप्ता, लता गुप्ता आदि मौजूद थी.

## शहीद आरक्षी रूमुल सांवैयां की पुण्यतिथि पर फुटबॉल प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** तांतनगर ओपी अंतर्गत ग्राम उलीडीह में शनिवार को शहीद चालक आरक्षी रूमुल सांवैयां की पुण्यतिथि मनाई गई. ओपी प्रभारी राहुल कुमार राम के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाया गया. पुण्यतिथि पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीम को सिल्ड, टी-शर्ट, फुटबॉल और मेडल दिया गया. फाइनल प्रतियोगिता में अबीर एंड अबीर चिटीमिटी विजेता बनी, उपविजेता एफसी-11 मंझारी की टीम रही. मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए ओपी प्रभारी ने कहा कि देश के लिए शहीद होना बहुत ही गर्व की बात है, वे लोग बहुत खुशनसीब होते हैं, जो देश की रक्षा में शहीद होते हैं. ऐसे महान शहीदों को हम नमन करते हैं. उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जीवन का आधार शिक्षा है, और शिक्षा के साथ खेल कूद भी होना चाहिए, इससे हमारा शरीर तंदुरुस्त और मानसिक रूप से हम हमेशा तरोताजा रहेंगे.

**बेहतर प्रदर्शन**

## चाईबासा में दो दिवसीय कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ

# हार से न घबनाएं, पूरी मेहनत करें : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** जेवियर कल्याण केंद्र चाईबासा में दो दिवसीय चौथे पश्चिमी सिंहभूम जिला कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को हुआ. प्रतियोगिता में लगभग 200 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं. प्रतियोगिता में काता एवं कुमिते की स्पर्धा होगी. प्रतियोगिता में प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में सदर एसडीओ शशिंद्र कुमार बड़ाईक, विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ दिलीप खलखो, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की और जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नितिन प्रकाश समेत अन्य उपस्थित थे. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसडीओ शशिंद्र कुमार ने कहा कि हार-जीत खेल के साथ साथ जीवन का भी पहलू है, इसीलिए हार से न घबराएं और पूरी मेहनत कर सफलता हासिल करें. मेहनत ही जीत की कूंजी है. प्रत्येक बच्चों को कराटे का प्रशिक्षण लेना चाहिए. विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की ने कहा कि कराटे प्रतियोगिता में एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा हेतु लगन और ईमानदारी से मेहनत करना जरूरी है. कराटे जीवन जीने का तरीका सिखाता है. जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे आयोजन से ही बच्चों की प्रतिभा निखरती है. जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना व अपने परिवार का नाम रोशन करें. इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी शशिंद्र बड़ाइक, विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नितिन प्रकाश, जापान कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया झारखंड के अध्यक्ष सह स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ पश्चिमी सिंहभूम के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ पश्चिमी सिंहभूम के उपाध्यक्ष नरेश हेस्सा, जापान कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया झारखंड के उपाध्यक्ष मास्टर इरशाद अली संत जेवियर बालक उच्च विद्यालय चाईबासा के प्रधानाध्यापक फादर यूजीन एक्का, वरीय कराटे प्रशिक्षक सेंसाई मानसिंह बानरा, सेनसाई रघुनाथ गोप आदि मौजूद थे।

## जलमग्न ईचागढ़ गांव का एसडीएम ने किया दौरा, लिया स्थिति का जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने के बाद जलमग्न हुए ईचागढ़ गांव का चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी ने दौरा कर जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने गांव में घुसे पानी से होने वाले नुकसान का आकलन किया और लोगों को होने वाली परेशानियों की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि किसी भी गांव में पानी ना घुसे इसका प्रयास किया जा रहा है. मौके पर उन्होंने ग्रामीणों से विकट स्थिति पैदा होने पर राहत शिविरों में जाने की अपील की. मौके पर उनके साथ ईचागढ़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकु महतो और अंचल अधिकारी भोला शंकर महतो मौजूद थे. शुक्रवार की रात से पांच रेडियल गेटों से पानी की निकासी होने के बाद शनिवार सुबह से चांडिल डैम का जलस्तर घटने लगा है. शुक्रवार की रात डैम का जलस्तर 181.75 दर्ज किया गया था. पांच रेडियल गेटों को खोले जाने के बाद शनिवार की सुबह डैम का जलस्तर 181.70 मीटर दर्ज किया गया, जो शनिवार शाम तक 181.65 मीटर पर पहुंच गया था. डैम का जलस्तर घटने के बाद डुब क्षेत्र के गांवों में रहने वाले विस्थापित परिवारों ने राहत की सांस ली है. शनिवार शाम तक डैम का पांचों रेडियल गेट खुले थे.

## गैरमजरूआ सरकारी जमीन को रैयती बना जारी कर दिया भू-स्वामी प्रमाणपत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** कटकमदाग प्रखंड का अंचल कार्यालय एक बार फिर चर्चा में है. इस बार सरकारी गैरमजरूआ जमीन को रैयती बनाकर उसका भूमि स्वामित्व प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया है. मामला कटकमदाग प्रखंड के नवादा गांव के खाता संख्या 483, प्लॉट 589 का बताया जा रहा है, जो खतियान में गैरमजरूआ जंगल सरकारी भूमि दर्ज है. आरोप है इस भूमि को राजस्व कर्मचारी अमित राय, सीआई दिलीप कुमार गुप्ता और कटकमदाग अंचल अधिकारी शशि भूषण सिंह ने सुनियोजित ढंग से खाता संख्या 49, जो कि बकास्त/रैयती खाते की भूमि है. उसके साथ प्लॉट 589 गैरमजरूआ भूमि को समावेश कर भूमि स्वामित्व प्रमाणपत्र जारी कर दिया. दूसरा मामला भी कम रोचक नहीं है, यहां तो बिना पेज नंबर/वॉल्यूम नंबर के ही भूमि स्वामित्व प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया है. आरोप है कि मौजा सलगांवा के खाता संख्या 18 प्लॉट नंबर 513 रकवा 2.50 डिसमिल का भूमि स्वामित्व प्रमाणपत्र बढ़नी देवी पति उत्तिम गोप के नाम से जारी कर दिया गया. जारी किये गए भूमि स्वामित्व प्रमाणपत्र में न तो पंजी 2 का पेज नंबर है, और ना ही वॉल्यूम नंबर. इस मामले पर अंचलाधिकारी शशि भूषण सिंह ने कहा पहला मामला जो प्रकाश में आया है वो पहले का है.

## हजारीबाग गौशाला में सोमवारी पर होगा महारुद्राभिषेक

**हजारीबाग।** शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में सावन माह के सातवीं सोमवारी पर हजारीबाग यूथ विंग के विशेष सहयोग से महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा. जिसके उपरांत समस्त भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा. गौशाला परिसर में महारुद्राभिषेक कार्यक्रम दूसरी बार आयोजित किया जाएगा. इससे पूर्व वर्ष 2022 में सावन के अंतिम सोमवारी के दिन आयोजित किया गया था. हर-हर महादेव के जयकारों के बीच गौशाला परिसर में महा रुद्राभिषेक भव्य रूप से संपन्न होगा.

## मांडू प्रखंड के बोंगाहारा क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल का रामगढ़ उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने शनिवार को मांडू प्रखंड के पुंडी पंचायत अंतर्गत बोंगाहारा क्षेत्र में डीएमएफटी के तहत निमार्णाधीन पुल का निरीक्षण किया। बोंगाहारा क्षेत्र में चौठा नदी पर डीएमएफटी के तहत निमार्णाधीन पुल के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने स्थल पर उपस्थित नहीं रहने पर कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सुनील कुमार सिंह को शो कॉज करते हुए वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने सहायक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल से पुल के निर्माण के तहत अब तक हुए कार्यों का जायजा लेने के उपरांत गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने एवं ससमय निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बोंगाहारा क्षेत्र में ही राम मनोहर लोहिया विद्यालय का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू सुधीर कुमार को वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत विद्यालय परिसर के समीप खेल मैदान विकसित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट, पांच को मिला रोजगार



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के टीपीओ जसप्रीत सलूजा के नेतृत्व में इन्वेस्टोश्योर कंपनी ने प्लेसमेंट ड्राइव चलाया। जिसमें कॉमर्स एवं प्रबंधन संकाय से चार विद्यार्थियों जसकीरथ सिंह, हर्ष कुमार, मो. दानिश अंसारी, शिवानी अनि तथा खोरठा से सीमा कुमारी मिलाकर कुल पांच विद्यार्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया । कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का एकमात्र उद्देश्य शत प्रतिशत रोजगार मुहैया कराना है ।

## चंद्रयान 3 की सफलता के लिए 23 को जागरण



**रामगढ़।** भुरकुंडा बाजार में एक बैठक हुई जिसमें आसपास के काफी संख्या में लोग शामिल हुए. बैठक की अध्यक्षता जवाहरनगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी ने की. इस दौरान कहा गया कि भारत की शान चंद्रयान 3 के चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की कामना को लेकर आगामी 23 अगस्त को भव्य जागरण का आयोजन होगा. साथ में भंडारा का भी आयोजन किया जायेगा. सर्वसम्मति से भव्य हनुमंत जागरण को सफल बनाने का निर्णय लिया गया. जागरण में झारखंड-बिहार के नामी गायक भजनों से लोगों को झुमायेंगे. भजन के साथ झांकी का भी प्रदर्शन किया जायेगा. बैठक में जागरण की सफलता को लेकर कार्यकर्ताओ के बीच दायित्व और कार्यभार सौंपा गया. मौके पर बजरंग दल के दीपक मिश्रा, राजू पांडेय, विनय सिंह चौहान, विनय मिश्रा, जगतार सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, रोबिन मुखर्जी, अजय गुप्ता, मुकेश गुप्ता, रवि कुमार, राजेश वर्मा, अजय मिश्रा, विनोद शर्मा, अशोक सोनी सहित कई लोग मौजूद थे.

## आरोग्यम अस्पताल में निःशुल्क हड्डी व नस रोग जांच शिविर कल

**हजारीबाग।** आरोग्यम अस्पताल में आगामी 21 अगस्त सोमवार को निशुल्क मेगा हड्डी एवं नस रोग जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा. इस शिविर में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सुनील कुमार और डॉ मयंक प्रताप सिंह अपनी सेवा देंगे. मेगा कैंप में जोड़ों का दर्द, सुजान गठिया, कमर-पीठ-घुटना व कंधे का दर्द, रीड की हड्डी में परेशानी, घुटने का रिप्लेसमेंट सहित हड्डी एवं नस से संबंधित बीमारियों का इलाज किया जायेगा. साथ ही कैंप में बीएमडी, ब्लड शुगर, बीपी पल्स की जांच मुफ्त में की जायेगी. आरोग्यम अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि आरोग्यम अस्पताल हर साल की तरह इस साल भी मेगा हड्डी एवं नस रोग कैंप का आयोजन कर रहा है. ताकि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इसका लाभ उठा सकें. बताया कि 21 अगस्त सोमवार को कैंप सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा.

### डीडीसी की अध्यक्षता में ई-राजस्व न्यायालय संबंधित समीक्षा बैठक, बोले

# लंबित मामलों को शीघ्र करें निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता**

रामगढ़। शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में ई-राजस्व न्यायालय संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम मैनेजर आईटी वेदांत कुमार ने पीपीटी के माध्यम से उपस्थित सभी को ई-राजस्व न्यायालय के पोर्टल, पोर्टल पर आए मामलों आदि के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान श्री टोप्पो ने सभी अंचल अधिकारियों को सर्टिफिकेट वादों के निष्पादन हेतु संबंधित बैंकों के नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी सर्टिफिकेट वादों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने अन्य लंबित वादों को भी निष्पादित करने का निर्देश दिया। टोप्पो ने लंबित दाखिल खारिज मामलों को भी ससमय निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान श्री टोप्पो ने पार्टीशन एवं सकसेशन म्यूटेशन में बढ़ोतरी लाने के उद्देश्य से पार्टीशन व सकसेशन म्यूटेशन का मासिक रोस्टर तैयार कर शिविर आयोजित करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों को दिया। साथ ही उन्होंने पोजेसन म्यूटेशन के लंबित मामलों को भी ससमय निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण को रोकने के उद्देश्य से सभी अंचल अधिकारियों को अपने स्तर से आवश्यक करवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को 144 से संबंधित प्रतिवेदन जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीएवी बरकाकाना में राखी मेकिंग प्रतियोगिता



**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना में शनिवार को कक्षा तृतीय से आठवीं तक के छात्रों के बीच राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य था कि बच्चो में छुपी हुई प्रतिभा को निखारना और पढ़ाई के साथ-साथ अन्य विधाओं को ग्रहण करना. इस मौके पर स्कूल प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. उर्मिला सिंह ने कहा कि सभी बच्चों में एक न एक विशेष गुण मौजूद रहता है. उन गुणों को कैसे निकाला जाए या कैसे समाज के साथ सामंजस्य बैठाया जाय, इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. बच्चों ने पेंटिंग के द्वारा लोगों को संदेश देने का कार्य किया कि पर्यावरण को कैसे संरक्षित करें.

### सहारा रिफंड पोर्टल की सर्विस से निवेशक परेशान

## कई दिनों से सर्वर की स्थिति दयनीय : प्रज्ञा केंद्र संचालक




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** केंद्र सरकार के द्वारा सहारा निवेशकों के पैसे वापस करने की घोषणा होते ही निवेशकों में ऑनलाइन की लाइन लग गई है. परंतु सहारा रिफंड पोर्टल की स्थिति दयनीय है. घंटों इंतजार करने के बाद भी निवेशको को मायूसी का सामना करना पड़ रहा है. विडंबना यह है कि इस संबंध में कोई भी व्यक्ति किसे शिकायत करे, किसी को पता नही है. प्रज्ञा केंद्र संचालक ने बताया कि पिछले कई दिनों से सहारा रिफंड पोर्टल सेंट्रल रजिस्ट्रार ऑफ सेंट्रल सोसायटीज (सीआरसीएस) दिन में नही चल रहा है. अधिकांशतः समय यह या तो फेल रहता है अथवा ठीक से काम नही करता है. लॉगिन या पंजीकरण करने के क्रम में कभी यूजर के पास ओटीपी नही जाता है तो कभी ओटीपी काम नही करता है. यदि सब कुछ हो भी गया तो प्रपत्र डाउन लोड अथवा अपलोड में समस्या आ जा रहा है. प्रतिदिन घंटो इंतजार करने के बाद डॉक्यूमेंट्स अपलोड करवाने के लिए निवेशक एक प्रज्ञा केंद्र से दूसरे प्रज्ञा केंद्र की और भाग दौड़ करते नजर आ रहे है. निवेशको में मायूसी छाती जा रही है. निवेशक सालेहा खातून ने सरकार से अपील करते हुए कहा कि सर्वर की क्षमता बढ़ाई जाए और नियमित सेवा बहाल किया जाए. जिससे अधिक अधिक निवेदक सुविधा का लाभ ले सके. निवेशक पहले से ही परेशान है.

## अंबा प्रसाद ने की कई विकास योजनाओं की शुरूआत

**हजारीबाग।** स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के बारियातू पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों में विधायक मद की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इस दौरान ग्राम बारियातू में बड़का तालाब में छठ घाट के निर्माण कार्य का उद्घाटन, पांडेपुरा कला में शिव मंदिर के बगल में चबूतरा एवं गार्डवाल निर्माण, ग्राम देवरिया कला के ही प्राथमिक विद्यालय में चारदीवारी निर्माण, देवरिया कला में अब्दुल मनान के घर से मोहम्मद अली के घर तक ईंट सोलिंग पीसीसी पथ, ग्राम बरियातू में बुधन साहू के घर से बर पेड़ तक पीसीसी निर्माण, ग्राम बारियातू में परदीप गोसाई के घर से कर्बला तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया.

## सलैया में स्व. रूपलाल महतो की चौथी पुण्यतिथि मनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के सलैया ग्राम के पूर्व वरिष्ठ समाजसेवी स्व रूपलाल महतो की चौथी पुण्यतिथि उनके पैतृक निवास स्थान सलैया में शनिवार को मनाई गई । इस निमित्त क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विदित हो कि स्व महतो पूर्ण रूप से दिव्यांग होने के बावजूद राजनीति एवं समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाते थे। वहीं कार्यक्रम में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बरकट्ठा उत्तरी के मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, गैपहाड़ी के पूर्व मुखिया रामचंद्र राम ,मनोहर चौधरी, बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद आदि ने नमन किया।

## 55.24 लाख की लागत से रामगढ़ जेल की सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत




**रामगढ़।** रामगढ़ उपकारा की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जायेगी. जेल के मुख्य गेट की सुरक्षा और घेराबंदी के लिए गृह विभाग ने 55.24 लाख रुपये आवंटित किये हैं. गृह विभाग की ओर जारी आदेश में कहा है कि आवंटित राशि की निकासी संजिला कोषागार रामगढ़ से की जायेगी. गृह विभाग के सचिव ने जेल आईजी को कई आदेश भी दिये हैं. जारी आदेश में कहा गया है कि काम की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर और कार्य मानक स्तर का नहीं होने पर संबंधित एजेंसी जिम्मेवार होंगे. ऐसी स्थिति में उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी. जेल अधीक्षक कार्य को अपने देख-रेख में ससमय पूरा करना सुनिश्चित करेंगे.

## रंगदारी, छिनतई, मारपीट और सांप्रदायिक उन्माद के दो मामले का आरोपी है ताज अंसारी : पुलिस

**बरकट्ठा ।** थाना क्षेत्र के कोनहारा कला में आरोपी के गिरफ्तारी के क्रम में ग्रामीणों द्वारा पथराव और पुलिस पर हमला किये जाने के मामले में थाना प्रभारी द्वारा बताया कि पत्थरबाजों और पुलिस पर हमला करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बताया कि आरोपी ताज अंसारी पर दो अलग अलग मामले दर्ज है। दर्ज मामले में वह रंगदारी, छिनतई, चोरी और धमकी देने, सांप्रदायिक उन्माद फैलाने का आरोपी है। उसी सिलसिले में उसकी खोज एक माह से की जा रही थी। गुरुवार के रात में सूचना मिली कि आरोपी अपने घर में है। पुलिस गशतीदल उसे पकड़ने गई। इसी बीच ग्रामीणों ने आरोपी के बचाव में पुलिस पर पथराव कर हमला किया। थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस इस घटना को लेकर गंभीर है। दोषियों पर उचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## किसान अपने खातों में लेन देन करे प्रारंभ : शाखा प्रबंधक




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** झारखंड मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना के तहत कई किसानो के खाता में पचास हजार रुपए की राशि आ चुकी है. बाबजूद लेन देन नही होने के कारण अभी भी कृषि ऋण का खाता निष्क्रिय है और लाभुक को अनावश्यक सूद देना पड़ रहा है. साथ ही खाता बंद रहने से केसीसी का लाभ नहीं मिल पा रहा है. बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने बताया कि उनके शाखा में कुल 254 किसानों की सूची थी, जिसमें कुछ लोगो ने खाता अपडेट किया है. जबकि अभी भी कई किसान अपने केसीसी खाता से लेन देन नही किए है. इसके कारण उनके कृषि ऋण के पैसे यूं ही ब्लॉक पड़े है. उन्होंने वैसे सभी किसानों से अपील किया है कि हमारे ग्राहक सेवा केंद्र से सूची की मिलान करे. यदि उनका नाम सूची में है तो वह शीघ्र शाखा आकर अपने केसीसी खाता चालू कर ले. जिससे वैसे किसानो को अधिकाधिक लाभ मिल सके. वही कोनरा पंचायत स्थित प्रज्ञा केंद्र संचालक ने बताया कि कोनरा पंचायत में दर्जनों ऐसे ग्राहक है जिनके खाता में कृषि ऋण के पैसे आ चुके है, जिन्हे अपडेट करना आवश्यक है.

## ढाई किलो अफीम के साथ दो तस्कर धराये, कैश, कार और बाइक जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** गुप्त सूचना पर हजारीबाग पुलिस ने दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है. जिनके पास से ढाई किलो अफीम 2,85,860 रुपये कैश और 6 मोबाइल बरामद किया है. वही एक स्विफ्ट गाड़ी जिसका पंजीयन डीएल 9 सीएआर -8916 और एक मोटरसाइकिल पंजीयन संख्या जेएच 01 सीयू -5450 भी जब्त किया गया है. इसे लेकर सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि 18 अगस्त को पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे को गुप्त सूचना मिली थी. उनके निर्देश पर बड़ा बाजार थाना अंतर्गत बस अड्डा के पास चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान एक सफेद रंग की कार जिसका पंजीयन संख्या उ्छ9उअफ-8916 से दो लोगों को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया. पूछे जाने पर आरोपी दीपक कुमार ने बताया कि वह अफीम खरीदने के लिए आया था. जिसके पास से नकद, एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल बरामद किया गया. वहीं बुधन राम के पास से चार मोबाइल और मादक पदार्थ बरामद किया गया. दोनों के ऊपर बड़ा बाजार थाना में कांड संख्या 366/23 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया. सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति ने जब्त अफीम की कीमत 15 से 20 लाख का बतायी है.

### मांगें पूरी हो | सरप्लस शिक्षकों की गणना में भारी अनियमितता

# मांग को लेकर शिक्षकों का धरना




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले 6 सूत्री मांग को लेकर शिक्षकों ने समाहरणालय भवन के सामने धरना दिया. जिले भर से शिक्षक यहां पहुंचकर सिस्टम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि सरप्लस शिक्षकों की गणना में भारी अनियमितता की गई है, और कार्यालय इसमें भूमिका निभा रहा है. हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता भी शिक्षकों के पक्ष में धरना स्थल पर पहुंचे. उन्होंने कहा कि शिक्षकों की सभी मांगें जायज हैं. अन्याय के खिलाफ आंदोलन को लेकर साथ देने की बात कही. उन्होंने यह भी कहा कि हर दिन कोई न कोई कार्यक्रम में हिस्सा लेते हैं. लेकिन इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है. सीएम शिक्षक बहाली की घोषणा करते हैं, दूसरी ओर शिक्षकों की संख्या सरप्लस कहते हैं, यह समझ के पार है. उन्होंने आश्वासन दिया कि उन लोगों की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करेंगे. हजारीबाग उपायुक्त को भी ज्ञापन दिया जाएगा, ताकि भ्रष्टाचार पर विराम लगाया जा सके. झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले सरप्लस शिक्षकों की गणना में भारी अनियमितता हुई है, जिसका यथाशीघ्र हल किया जाए, संभावित तबादला उद्योग पर रोक लगाया जाए, उच्च न्यायालय, रांची के निर्णय एवं सरकार के विभागीय सचिव के आदेश के मद्देनजर विभिन्न ग्रेडों में शिक्षकों की लंबित प्रोन्नति यथाशीघ्र दी जाए,जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा दलाली प्रथा को बंद किया जाए, असाध्य रोग से पीड़ित पूर्व शिक्षिका कृष्णा कुमारी एवं दिव्यांग सहायक अध्यापिका सुमित्रा कुमारी का क्रमशः पावना पेंशन एवं मानदेय का भुगतान यथाशीघ्र किया जाए, सेवानिवृत शिक्षकों का पेंशन एवं अन्य कार्य का निष्पादन स समय हो, अंतर जिला स्थानांतरण के इच्छुक शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को बिना शर्त एक मौका अवश्य दिया जाए, समेत अन्य मांग को लेकर धरना दिया गया.

### रामगढ़ जिला नेहरू हॉकी टूर्नामेंट संपन्न

## बालक वर्ग में पाली-बालिका वर्ग में गांधी स्कूल की टीम बनी विजेता



**रामगढ़।** 19 अगस्त को उन 39 वी सब जूनियर तथा 50 वी जूनियर बालिका एवं बालक वर्ग हॉकी प्रतियोगिता सिद्धू कान्हू मैदान रामगढ़ में आयोजित की गई. प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक,जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी,जिला मलेरिया पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया. बालक वर्ग अंडर 15 और अंडर 17 का फाइनल पाली उच्च विद्यालय पतरातु ने जीता. दोनों फाइनल में उसने गाँधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ को पराजित किया. बालिका वर्ग में गाँधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ ने पाली उच्च विद्यालय पतरातू को पराजित किया. मौके पर डीएसी संजीत कुमार ने प्रतिभागियों को हौसला बढ़ाते हुए शुभकामना दी और कहा कि हमारे झारखंड का ही नहीं हमारे पूरे देश का प्रसिद्ध खेल हॉकी है. इस दौरान मंच संचालन डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप तथा संजय कुमार राय ने किया. प्रतियोगिता को सफल बनाने में में बलविंदर सिंह,दीपावली सिंह,अशोक, शशि, सुमन, प्रियंका कुमारी आदि ने योगदान किया.

### डीसी की अध्यक्षता में हुई राजस्व विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक, बोले

# राजस्व वसूली में न बरतें कोताही



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त महोदय ने सिमडेगा जिला अंतर्गत विभागवार राजस्व संग्रहण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने खनन, वन प्रमण्डल, निबंधन, मत्स्य, उत्पाद, परिवहन, राज्य-कर, नगर परिषद्, विद्युत, नीलाम पत्र, एवं जिला सहकारिता विभाग की राजस्व संग्रहण की प्रगति एवं लक्ष्य के अनुरूप संग्रहण बढ़ाने संबंधी कार्यों की समीक्षा की। इस वित्तीय वर्ष 2023-24 का वार्षिक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए प्राप्त विभागीय लक्ष्य के अनुरूप कार्य कर शत प्रतिशत राजस्व वसूली को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व वसूली में किसी तरह की कोताही नहीं बरतें, आंतरिक संसाधनों से राजस्व को बढ़ायें, प्रशासनिक क्रियाकलाप में राजस्व संग्रहण काफी महत्वपूर्ण कार्य है, इसकी गंभीरता को समझते हुए सभी पदाधिकारी कार्य करें। उपायुक्त ने मत्स्य पदाधिकारी को विभाग के कंपोनेंट के तहत कम राजस्व की वसूली किया गया है। जिसके तहत उपायुक्त ने राजस्व को बढ़ाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उपायुक्त ने अंचलवार राजस्व की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ऑनलाईन दाखित खारिज, ऑनलाईन सीमांकन, ऑनलाईन लगान, अवैध/संदिग्ध जमाबंदी का रद्दीकरण/नियमितिकरण, आपसी बँटवारा/उत्तराधिकारी बँटवारा, तहसील कचहरी, प्राकृतिक आपदा से संबंधित एवं नीलाम पत्र से संबंधित राजस्व वसूली कार्यों की समीक्षा कर ससमय लक्ष्य प्राप्त करने कि दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने उत्तराधिकारी बंटवारा से संबंधित मामलों का निष्पादन हेतु प्रखंडवार कैंप का आयोजन करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त में सभी अंचलाधिकारी को अवैध संदेहास्पद जमाबंदी से संबंधित मामलों का गहन जांच कर ससमय नियमितकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा की गई। साथ ही उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों का वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य कैसे प्राप्त करें इस दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में नीलाम पत्रवाद के लंबित मामलों भी समीक्षा की गई तथा इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार गुप्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव, विद्युत आपूर्ति पदाधिकारी विश्वंभर मरांडी, जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता, उत्पाद अधीक्षक, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीसी ने पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम का किया निरीक्षण,दिए दिशा निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने शनिवार को सिमडेगा जिला स्थित मनोरम पर्यटन स्थल केला घाघ डैम भ्रमण किया। एक सुंदर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने तथा सुंदरीकरण करने की दिशा में भ्रमण कर जायजा लिया। केलाघाघ डैम की विकास हेतु कई मुख्य बिंदुओं पर कार्यप्रणाली तैयार कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त महोदय ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल जे.पी. चौधरी को केलाघाघ पर्यटन स्थल में वर्तमान स्वरूप को ठीक करने के साथ ही फेवर ब्लॉक, लैंडस्कैपिंग, लाइट आदि लगाने एवं ठीक कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि केलाघाघ पर्यटन स्थल का मॉडल विकास कार्यप्रणाली तैयार कर प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिखाने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट, व्यूप्वाइंट, पार्किंग एवं अन्य मुख्य बिंदुओं पर विकास करने की दिशा में डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया।

## स्कूल में दो छात्रों की पिटाई, शिकायत

**सिमडेगा।** बानो प्रखंड के आरसी उच्च विद्यालय बांकी में विद्यालय के प्रिंसिपल के द्वारा दो नाबालिक बच्चों को बर्मी से मारपीट का मामला प्रकाश में आया है इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री तुलसी साहू के द्वारा सिमडेगा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है । उन्होंने बताया कि प्रिंसिपल द्वारा दो नाबालिक बच्चों को बेरहमी से मारपीट किया है बताया गया की 14 अगस्त को विद्यालय के प्रिंसिपल द्वारा दो नाबालिक बच्चे मयंक कुमार साहू एवं शनि महतो को किसी बात को लेकर डांट फटकार करने के दौरान इतनी रानी के साथ मारपीट किया कि दोनों बच्चों के पैर में खून का रिसाव होने लगा। तुलसी साहू ने कहा अगर किसी तरह बच्चों ने अपराध अपराध किया था तो अभिभावक को बुलाकर बच्चों को समझाना था ताकि वह इतने किसी तरह का कोई गलती ना हो। लेकिन इस तरह से कानून को हाथ में रहते हुए शिक्षक द्वारा बच्चे को बेरहमी से मारपीट शर्मनाक है।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पोक्सो एक्ट विषय पर वेबीनार का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन, झुमरी तिलैया में पाक्सो एक्ट विषय वेबीनार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने मुख्य वक्ता ने डॉ. सुमबुल दाऊद का परिचय कराया. मौके पर डॉ सुमबुल दाऊद ने इस बात पर फोक्स किया कि वर्तमान में समाज में बाल शोषण से कैसे बचा जाए और बच्चों को किस प्रकार से जागरूक किया जाए. बच्चों को किस प्रकार बाल शोषण से बचा सकते हैं और पोक्सो एक्ट के द्वारा किस प्रकार कार्रवाई कर सकते हैं. उन्होंने बाल शोषण से संबंधित कई जानकारियां दी. पोर्नोग्राफी, सेक्सुअल एसॉल्ट और सेक्सुअल हैरेसमेंट के बारे में बताया. डॉ. सुमबुल दाऊद इन सभी से बचाव के उपाय बताए. उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में बताया कि इस पर संपर्क करने पर त्वरित कार्रवाई होती है. मौके पर पाक्सो एक्ट से संबंधित कई प्रश्न पूछे गए जिसका उत्तर मुख्य वक्ता डॉ॰ सुमबुल ने बड़ी सहजता के साथ दिया. इस अवसर पर बीएड सत्र 2021-23 और 2022-24 के प्रशिक्षु जुड़े रहे. महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ संजीता कुमारी, प्राचार्य, सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी आदि जुड़े रहे. वेबीनार से जुड़े सभी प्रशिक्षुओं एवं महाविद्यालय के सदस्यों को साक्षी एनजीओ के द्वारा ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया. धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजीता कुमारी, उपनिदेशिका द्वारा दिया गया जबकि कार्यक्रम का संचालन गुड़िया जी ने किया.

### विवेक वाहिनी कैंप का आयोजन

**कोडरमा।** अखिल भारत विवेकानंद युवा महामंडल की झुमरी तिलैया शाखा ने विवेक वाहिनी कैंप का आयोजन किया. इसमें 5 से 12 वर्ष तक के छोटे बच्चों का ने हिस्सा लिया. कोडरमा जिले के विभिन्न विद्यालयों के 150 से अधिक बच्चों ने प्रेरक, रोचक और मूल्य बोध आधारित प्रशिक्षण प्राप्त किया. विद्यालयों के बच्चों के साथ शिक्षक भी आए हुए थे. इन शिक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया गया. बता दें कि विवेक वाहिनी महामंडल शिशु का एक विभाग है. प्रशिक्षण देने के लिए केंद्रीय कार्यालय, कोलकाता से तुहिन रंजन चटर्जी, तरुण चक्रवर्ती और मनोरंजन जाना आए हुए थे.

## आंगनबाड़ी केंद्र में जुआ खेलते 3 लोग गिरफ्तार



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा थाना प्रभारी ने वार्ड संख्या 06 में छापेमारी की. जलवाबाद स्थिति आंगनबाड़ी केंद्र में जुआ खेलते हुए तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्त में आये लोगों के पास से पुलिस ने 71 सौ रुपए नकद और एक बुलेट मोटरसाइकिल भी बरामद किया है. जलवाबाद निवासी मोहन भगत, उम्र 43 वर्ष, पिता किशोरी भगत, नगरखारा निवासी मोहम्मद इलियास, उम्र 41 वर्ष, पिता स्व गुलाम अशरफ और बहेरवाटांड़ निवासी अब्बास अंसारी, उम्र 42 वर्ष, पिता स्व रोजन मियां को दबोचा गया है. मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार लोगों को जेल भेज दिया गया है.

### सिमडेगा : विद्यालय प्रबंधन समिति जवाहर नवोदय विद्यालय की हुई बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय कक्ष में विद्यालय प्रबंधन समिति, जवाहर नवोदय विद्यालय की बैठक हुई। प्रिंसिपल की मांग के आलोक में उपायुक्त ने आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। इसमें विद्यालय के प्रिंसिपल ने विद्यालय के स्थायी तौर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के संचालन के लिए 4 क्लास रूम कमरों की व्यवस्था कराने की मांग की। मांग के आलोक में उपायुक्त ने जिला शिक्षा विभाग को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सोलर लाइट की व्यवस्था कराने की मांग पर उपायुक्त ने जिला प्रशासन की ओर से सोलर चालित लाइट लगवाने की पहल करने का आश्वासन दिया। समिति के सदस्यों द्वारा बच्चों से मिलने आने वाले अभिभावकों के बैठने हेतु शेड का निर्माण कराने की मांग किया गया। जिस पर उपायुक्त महोदय ने आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही ड्रिंकिंग वाटर से संबंधित मांग पर उपायुक्त ने उचित बातें कहीं। इससे के अलावा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया गया।बैठक में प्रधानाध्यापक बी.पी. गुप्ता सहित विद्यालय प्रबंधन समिति, जवाहर नवोदय विद्यालय के सदस्य आदि मौजूद थे।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वास्थ्यकर्मी सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** सतगावां प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया गया. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सत्यनारायण भक्त ने कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों व सहिया दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सत्यनारायण भक्त ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहें हैं. लोगों को बेहतर सेवा दी जाती है. स्वास्थ्य विभाग के सभी सदस्य टीम के रूप में कार्य करते हैं और सभी का भरपूर सहयोग मिलता है. वहीं राज्य स्तर व जिला स्तर से भी कई बार प्रशस्ति पत्र दिया गया. इस उपलब्धि के लिए सभी सदस्यों को बधाई दी.

### मधुमक्खी के हमले से एक व्यक्ति घायल



**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचगावां में शनिवार को मधुमक्खी के हमले से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल की पहचान पंचगावां निवासी रामेश्वर मेहता, उम्र 45 वर्ष, पिता खेदन मेहता के रूप में हुई है. घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे परिजनों ने बताया कि रामेश्वर मेहता शनिवार को पंचगावां जंगल में दातून लाने गए थे. इसी दौरान मधुमक्खी के झुंड ने उन पर अचानक हमला कर दिया. इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए.

## कोडरमाः जिला खनन पदाधिकारी ने बालू घाटों का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के बाद भी सतगावां प्रखंड के विभिन्न नदियों से बालू खनन बडे. पैमाने पर की जा रही है. तस्करी की शिकायत पर जिला खनन पदाधिकारी दरोगी राय ने शनिवार को प्रखंड के टेहरो, मीरगंज, दुमदुम्मा, मरचोई, समलडीह, माधोपुर, शिवपुर आदि बालू घाटों का निरीक्षण किया. जिला परिवहन पदाधिकारी के निरीक्षण से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया. ज्ञात हो कि जिला उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर विभिन्न बालू घाटों का निरीक्षण किया जा रहा है. एक दिन पूर्व समलडीह घाट से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर पुलिस थाना ले लाई थी. बालू घाटों का निरीक्षण का नेतृत्व जिला खनन पदाधिकारी दरोगी राय कर रहे थे. इधर काफी दिनों से सतगावां थाना क्षेत्र में बालू के अवैध उत्खनन की शिकायत मिल रही थी. खनन विभाग पर सवाल उठाया जा रहा था. निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी आनंद कुमार साह अपने दलबल के साथ मौजूद थे.

### जलडेगा में बिरसा हरित ग्राम योजना में कमजोर पौधा देने की शिकायत



**जलडेगा।** जलडेगा में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत किसानों को दी जा रही फलदार पौधों की शिकायत आ रही है। किसानों का कहना है की बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत दी जा रही अमरूद का पौधा काफी कमजोर है, पौधों का ग्राफ्टिंग भी सही तरीके से नहीं हुआ है। यही नहीं कुछ किसानों ने तो ये भी कहा कि महज 10 से 15 दिन पहले ही ग्राफ्टिंग किया हुआ पौधा को भेजा गया है। कहीं ग्राफ्टिंग का प्लास्टिक खुलने से पौधा का जुड़ाव खुल गया है तो कहीं पौधा का ऊपरी भाग ग्राफ्टिंग से अलग हो गया है। ऐसे में किसानों का कहना है कि यदि वे पौधा को लेकर लगाएंगे भी तो पौधा को बचा पाना संभव नहीं है। बता दें कि जलडेगा प्रखंड में बिरसा हरित ग्राम योजना 2023-24 के तहत सभी दस पंचायतों में कुल 300 लाभुकों के 250.5 एकड़ जमीन पर बागवानी किया जाना है।किसानों ने कहा कि उन्हें कमजोर पौधा लेने के लिए कहा जा रहा है, ऐसे में वे डरे हुए हैं कि कमजोर पौधा लगाने के बाद यदि पौधा मर जायेगा तो बाद में प्रशासन किसान को ही लापरवाही के आरोप में रिकवरी करने के लिए मजबूर करेगी इससे तो अच्छा है की बागवानी ही न लें।

**प्रोत्साहित** | **पुलिस पब्लिक हॉकी-फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच**

# खिलाड़ी आगे बढ़े, नाम रौशन करें : पूर्व मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के अवगा हाई स्कूल मैदान में पुलिस पब्लिक हॉकी एवं फुटबॉल टूर्नामेंट खेल प्रतियोगिता का फाईनल मैच खेला गया।फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने फुटबॉल को कीक मार कर किया।उद्घाटन के पूर्व अतिथियों ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से एक-एक कर परिचय प्राप्त किया।वही विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का, जिला परिषद् अध्यक्ष - रोश प्रतिमा सोरेंग, जिला परिषद् सदस्य बोलबा अनिता सोरेंगज झा.पा पार्टी जिला अध्यक्ष मतियस बागे मौजूद रहे।हॉकी फाइनल मैच सकजोर जीवन ज्योति टीम बनाम सक्जोर जीवन ज्योति टीम के बीच खेला गया।जिसमें विजेता टीम सकजीर जीवन ज्योति टीम 2 गोल से विजय हुई।वही फुटबॉल फाइनल मैच बोलबा पाकर बहार बनाम तलसेरा उडिसा के बीच फाइनल मैच खेला गया।जिमसें विजेता टीम तलसेरा उड़िसा ने पेनाल्टी शॉटआॅट में 3 गोल से जीत हासिल किया।उपस्थित खिलाड़ी एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने उन्होंने झारखंड पार्टी हमेशा से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम किया है और आगे भी करेगी ताकि यहां के खिलाड़ी आगे बढ़े और नाम रोशन करें। उन्होंने कहा वर्तमान समय में पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब खेलोगे कूदोगे तो बनोगे खराब का जो परिभाषा है वह बदलकर अब खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ने का रास्ता बन चुका है जहां पर कई खिलाड़ी आगे बढ़ रहे हैं।इस मौके पर उपस्थित खिलाड़ी एवं उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते सन्देश एक्का ने कहा कि खेल से आपसी सद्भावना एवं प्रेम बढ़ती है जो भी टीम इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं सभी टीम के खिलाड़ी आपसी सद्भावना एवं प्रेम के साथ अपना खेल का प्रदर्शन करें तथा अपना तथा अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें।हमारे जीवन में जिस तरह पढ़ाई बहुत जरूरी है उसी प्रकार खेल भी बहुत जरूरी है।वही जिला परिषद् अध्यक्ष - रोश प्रतिमा सोरेंग ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन से खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होने के साथ प्रतिभा भी सामने आती है।मौके पर अमन खेस,बिरसा माझी, नुयल हेरेंज,रासाल खलखो, रवि बड़ाईक,आशीष कुमार सिंह, गोशनर डॉंग, बोलबा प्रमुख - सुनिता केरकेट्टा,आवगा मुखिया - शांति देवी सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## दिलीप तिर्की ने मंत्री से भेंट कर जिले के पथों में हो रहे अनियमितता पर की शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कांग्रेस इंटक नेता तिर्की ने राज्य सरकार के मंत्री आलमगीर आलम से मुलाकात कर जिले के कई पथ से संबंधित समस्याओं और संगठनिक समस्याओं पर चर्चा कर उन्हें जानकारी दी। दिलीप ने मुलाकत के दौरान सिमडेगा जिले में जितने भी आरईओ एनआरईपी, ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल जैसे विभागों से पथ बन रहे उनपर सवाल खड़ा करते हुए। बताया कि प्राकलन के मापदंडों का उलंघन करते हुए संवेदक अनियमितता बरते हुए निर्माण कार्य करते हैं। जिसमे विभाग और उनके इंजीनियर मूक दर्शक बनकर पैसे के लालच में काम को जैसे तैसे पूरा कराकर पैसे की निकासी कर लेते। कार्य की गुणवत्ता की शिकायत करने पर विभाग द्वारा लीपापोती कर उसे सही साबित कर दिया जाता और काम को उसी में सुचारू रूप से कराया जाता रहा है। पूर्व के दिनों में भी शिकायत हुई लेकिन विभाग ने दबा दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जिले में बने रोड में घास उग आ रहे हैं। पूरा रोड जजर्र हो चुकी जो आज भी मेंटेनेंस में है लेकिन विभाग संवेदक पर कोई कार्यवाही नही करते। साथ ही दिलीप तिर्की ने सिमडेगा जिला संगठन के बारे विस्तृत जानकारी माननीय मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया और सांगठिनिक क्रियाकलाप और मजबूती पर चर्चा किया ।इस पर माननीय मंत्री आलमगीर आलम जी ने कहा की।मिलजुल कर संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करना है आने वाला लोकसभा चुनाव में भारी मतों से खूंटी लोकसभा को विजयी बनाना है और केंद्र में सरकार स्थापित करना है सभी कार्यकर्ता आपसी सहमति और गुटबाजी खत्म कर कांग्रेस की मजबूती हेतु कार्य करें। आनेवाले दिनों में सिमडेगा में केंद्रीय नेताओं का बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा इसकी तैयारी में लगें।

## टीम को दिखाने के लिए अस्पताल में आनन फानन में हुई साफ सफाई, लेकिन आई टी सी टी का शौचालय साफ कराना भूल गया विभाग

# एनएचएम की टीम के दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग रहा मुश्तैद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सदर अस्पताल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की टीम के दौरे को देखते हुए अस्पताल में चकाचक व्यवस्थाएं दिखाने की कोशिश की गई। अस्पताल के विभिन्न वार्डो में बिजली सुविधा चकाचक की गई। जो बल्ब वर्षों से खराब पड़े थे उन्हें शुक्रवार की देर शाम तक बदल दिया गया। हर तरफ रंगाई पुताई का दौर जारी था। शुक्रवार की देर रात तक पूरे अस्पताल परिसर को चकाचक कर दिया गया। साफ सफाई कर्मी जो सिर्फ सुबह में दिखाई देते थे वे अपनी वेशभूषा में नेम टैग के साथ मुश्तैद थे। जो शौचालय कई महीनों से साफ नहीं हुआ था उसकी सफाई आनन फानन में करा दी गई। सभी वार्डो के कमरों में रंगाई पुताई करा दिया गया था। अस्पताल के अधिकतर चिकित्सक जिनका अपना प्रैक्टिस प्राइवेट में चलता है वो भी शनिवार को ड्यूटी रोस्टर के अनुरूप अस्पताल में ही दिखाई दिए।

वहीं मेडिसिन काउंटर की बात करे तो वहां पर हर तरह की जरूरी दवा कभी उपलब्ध नहीं रहती थी जो शनिवार को उपलब्ध रही। मेडिसिन काउंटर में हर तरह की दवाइयां उपलब्ध दिखाई दीं। वहीं मरीजों की सुविधाओं के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा था। आज मरीज भी कह रहे थे कि लगता है कोई विशेष बात है या कोई बड़े अधिकारी आ रहे हैं जिस कारण आज इतनी चमक धमक दिखाई दे रही है। जिस अस्पताल में लोग घुसने के समय अपनी नाक को ढंक लेते थे आज वो अच्छे तरीके से जा रहे थे। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि आज का नजारा अस्पताल में बदला बदला सा दिखाई दे रहा था। मरीज भी कह रहे थे कि हर दिन कोई ऐसे ही बड़े ऑफिसर का दौरा हो जाय जिसके कारण अस्पताल में सुविधाओं का दौर जारी रहे। लेकिन कितनी भी कमियां छुपाने की कोशिश अस्पताल प्रबंधन ने की लेकिन सच्चाई बाहर आ ही गयी। अस्पताल के अंदर और बाहर परिसर की साफ सफाई तो कर दी गयी लेकिन आई टी सी टी सेंटर परिसर स्थित महिला शौचालय की साफ सफाई कराना अस्पताल प्रबंधन भूल गया। आई टी सी टी सेंटर जहां गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है वहां पर गर्भवती महिलाओं के लिए उपलब्ध शौचालय की स्थिति ज्यों की त्यों थी। शौचालय की साफ सफाई नहीं की गयी था और न ही शौचालय में दरवाजा था। शौचालय से बदबू आ रही थी। जिस समय टीम आने वाली थी उस समय देखा गया कि सफाई कर्मचारी अलग-अलग इलाकों में सफाई में जुटे थे। अस्पताल के बाहर मरीजों को ले जाने वाले स्ट्रेचर पर साफ और धुली हुई चद्दर दिखाई दी जबकि रूटीन में इन स्ट्रेचर पर चद्दर ही नहीं रहती थी। अस्पताल भवन के गेट, परिसर समेत अन्य स्थानों पर जहां कूड़ा करकट व पान मसाला की पिक हमेशा रहती थी वहां पर साफ सफाई और ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग किया गया था। वहीं अस्पताल में इलाज करवाने आए मरीजों का कहना था कि सिर्फ अधिकारी के दौरे के वक्त यह व्यवस्थाएं दुरुस्त रहती हैं। बाकी टाइम तो सब राम भरोसे चलता है। खैर, शनिवार को सदर अस्पताल का दृश्य कुछ बदला बदला से नजर आया। हर जगह साफ सफाई का नजारा देखने को मिला। लेकिन केंद्रीय स्वास्थ्य मिशन से आई टीम को यह नजारा नहीं दिखाया गया।





### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की राज्य स्तरीय टीम ने सेन्हा व कुडू में अस्पतालों का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू और सेन्हा में मासिक बुजुर्ग स्वास्थ्य दिवस तथा तनाव मुक्त शिविर का आयोजन किया गया जिसका निरीक्षण एनएचएम की राज्य स्तरीय टीम ने किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लेते हुए डाक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों से स्वास्थ्य से संबंधित चर्चा की गयी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर दिव्या निशि ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था के बारे बताते टीम को जानकारी दी गयी। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्देश देते हुए कहा गया कि प्रत्येक महीना के तीसरे शनिवार को मासिक बुजुर्ग स्वास्थ्य दिवस तथा तनाव मुक्त शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित करने का निर्देश दिया गया। शिविर में बुजुर्गों का बीपी, हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर सहित अन्य तरह की बीमारियों का जांच कर इलाज करने के बारे में भी निर्देश दिया गया है। वहीं बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए सभी तरह की सुविधा मुहैया कराने का निर्देश राज्य स्तरीय टीम के द्वारा डाक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के अलावे साफ सफाई, गार्डनिंग, दवा, एंबुलेंस आदि व्यवस्थाओं की टीम ने सराहना की। टीम में स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव आलोक त्रिवेदी, राष्ट्रीय आयुष मिशन के नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार एनएचएम के नोडल पदाधिकारी डॉ ललित रंजन पाठक, एनएच एम के कंसलटेंट नलिन कुमार और सचिव वीरेंद्र राम लालमोहन चौधरी मौजूद थे।




### टीम ने पीएचसी भंडरा, उप केंद्र मसमानो व बलसोटा का दौरा किया

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में लगाया गया मासिक बुजुर्ग स्वास्थ्य दिवस तथा तनाव मुक्त शिविर का निरीक्षण एनएचएम की राज्य स्तरीय टीम के द्वारा किया गया। इस टीम के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र भंडरा सहित स्वास्थ्य उप केंद्र मसमानो एवं बलसोता उप केंद्र का भी निरीक्षण किया गया. टीम के द्वारा निरीक्षण के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा एवं दोनों उप केंद्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लेते हुए डाक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों से स्वास्थ्य से संबंधित चर्चा की गई। इस क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा के चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में की गई व्यवस्था को सराहनीय बताया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्देशित प्रत्येक महीना के तीसरे शनिवार को मासिक बुजुर्ग स्वास्थ्य दिवस तथा तनाव मुक्त शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में किया गया था। इस शिविर में बुजुर्गों का स्वास्थ्य का जांच की जाती है। इसके तहत बुजुर्गों का बीपी, हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर सहित अन्य तरह की बीमारियों का जांच कर इलाज किया जाता है। बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए सभी तरह की सुविधाएं बुजुर्गों को मुहैया कराने का निर्देश राज्य स्तरीय टीम के द्वारा डाक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया। निरीक्षण के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के अलावे साफ सफाई, गार्डनिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का टीम के द्वारा सराहना की गई। टीम के सदस्यों ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा एक मॉडल केंद्र बन गया है। टीम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक आलोक त्रिवेदी, राष्ट्रीय आयुष मिशन के नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार, एनएचएम के नोडल पदाधिकारी डॉ ललित रंजन पाठक, एनएचएम के कंसलटेंट नलिन कुमार और सचिव वीरेंद्र राम लालमोहन चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# गढ़वा में पहली बार होगा जेएससीए का एजीएम

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आगामी 26 अगस्त को गढ़वा में आयोजित एजीएम को लेकर शनिवार को होटल पद्मावती में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राज महेश्वरम एवं सचिव राघवेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पहली बार गढ़वा में 26 अगस्त को होटल वीनस इंटरनेशनल में क्रिकेट एसोसिएशन का एजीएम आयोजन किया जायेगा, जिसमें क्रिकेट के विकास से संबंधित विषय विषय पर पूरे दिन भर चर्चा की जाएगी। इसमें गढ़वा जिला में स्टेडियम निर्माण की मांग भी रखी जाएगी। अध्यक्ष ने बताया कि जिला पहली बार इस तरह का आयोजन किया जा रहा जिसमें पूरे झारखंड के 24 जिलों से संघ के सचिव व अध्यक्ष के साथ झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव व सभी कार्यकारणी सदस्यों के आने की सूचना है। सचिव ने बताया कि 300 से 350 की संख्या में लोग आएंगे। सभी लोगों को होटल वीनस में भी रखा जाएगा। यहां के खिलाड़ियों को आगे ले जाने के लिये जो भी कार्य करना होगा उसे किया जाएगा।

# ग्राम सभा में दस सदस्यीय कमेटी गठित, 300 योजनाओं का किया गया चयन

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
प्रखंड के रजहरा गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम बनाने हेतु मुखिया संजय राम की ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें सभी ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि तथा पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, जेएसएलपीएस के सदस्यों की उपस्थिति में रजहारा गांव के विकास के लिए दस सदस्यीय अभिश्रण समिति गठन करने का निर्णय लिया गया, जिसमें सभी सदस्य अनुसूचित जाति से होंगे ताकि रजहारा गांव के संपूर्ण विकास के लिए योजनाओं का चयन सुनिश्चित किया जा सके। पंचायत सेवक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने सर्व समिति से 10 सदस्य कमेटी का गठन किया, जिसमें मुखिया संजय राम पदेन अध्यक्ष, शक्ल कुमार राम सचिव, जवाहर राम धनंजय बैठा जितेंद्र बैठा राजेश राम सुमेर पासवान खुशबू देवी आदि चुने गये। इसके पश्चात गांव के विकास के लिए लगभग तीन सौ योजनाओं का चयन किया गया, जिसमें पीसीसी निर्माण, नाली निर्माण, चापाकल, चबूतरा, स्ट्रीट लाइट, भैपर लाइट, डीप बोर, कुआं निर्माण, पुलिया निर्माण, चौपाल निर्माण, समुदायिक भवन निर्माण सहित योजनाओं का चयन किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य अनीता देवी, उप मुखिया आशिक अंसारी वार्ड सदस्य ललिता देवी, कलावती देवी, लव कुमार चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, मंसूर अंसारी, हसीब अंसारी, जगदीश्वर सिंह, धनंजय गिरी, वृक्ष राम, प्रयाग राम, किसान मित्र राजकुमार साह, बिरजा राम राजबली राम कनीय अभियंता आनंद कृष्ण आदि उपस्थित थे।



# प्रतियोगिता से होता है प्रतिभा का विकास : शशिधर अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती योजना के अनुसार संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिशु, बाल एवं किशोर वर्ग में संपादित इस प्रतियोगिता में भैया बहन संस्कृत, अंग्रेजी, विज्ञान, वैदिक गणित, संगणक, संस्कृति बोध एवं पत्र वाचन प्रतियोगिता में शामिल हुए। संकुल संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि प्रतियोगिता की परंपरा प्राचीनकाल से ही चली आ रही है। भविष्य में भैया बहनों के लिए जीवन के हर कदम पर अनेक प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता में लोहरदगा संकुल के अंतर्गत संचालित सात विद्यालयों से कुल 214 भैया बहनों ने भाग लिया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता डिजिटल बोर्ड के माध्यम से संपादित हुई। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहन आगामी 3 सितंबर को शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित होने वाली विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर को सर्वश्रेष्ठ स्थान का पुरस्कार प्राप्त हुआ। मौके पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सह संकुल संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सह सचिव अश्विनी कुमार, मनोहर लाल प्लस टू विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विमलेश तिवारी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुडू के प्रधानाचार्य राजकुमार नाग, आचार्य राजीव सिंह, जया मिश्रा, नीलिमा व विभिन्न विद्यालयों प्रधानाचार्य, आचार्य, आचार्या मौजूद थे।




# प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी ने किया बूथ का निरीक्षण, बीएलओ को दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
अंचल अधिकारी सह प्रखंड सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के द्वारा बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ का निरीक्षण किया गया। बिशुनपुर विधानसभा अन्तर्गत डाडू ग्राम के बूथ संख्या 57 एवं 58 में मतदाता सूची का पन्ना वेरिफिकेशन तथा बीएलओ के द्वारा किए जा रहे डोर टू डोर कार्य का सत्यापन किया गया। इस दौरान मतदाताओं से मतदाता सूची में अंकित विवरणी का सत्यापन किया गया और उपस्थित बीएलओ को नाम पता सुधार हेतु प्रपत्र 8 भरने का निर्देश दिया गया। अंचलाधिकारी सह प्रखंड सहायक निवार्ची पदाधिकारी विजय कुमार द्वारा घरों में चिपकाए गए स्टीकरों का अवलोकन करते हुए उसमे सभी वांछित सूचनाओं को सही तरीके से भरने का बीएलओ को निर्देश दिया। मौके पर मौजूद बीएलओ सुपरवाइजर अधीश खाखा को नियमित अनुश्रवण का निर्देश देते हुए कि सभी योग्य व्यक्तियों का शत प्रतिशत निबंधन कराते हुए कार्य में गति लाने का निर्देश दिया गया, जिसे ससमय कार्य संपन्न किया जा सके। साथ ही बीएलओ को मृत मतदाताओं का नाम सूची से हटाने का निर्देश दिया गया। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, बीएलओ अनवरी बेगम एवं शालो कुमारी उपस्थित थे।



**खेलकूद**

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने बैडमिंटन खेलकर और टॉस कर उद्घाटन किया

# महिला कॉलेज में इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिला बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ एमएलए महिला कॉलेज में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने सभी बैडमिंटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। स्वयं बैडमिंटन खेलकर और टॉस कर खेल का उद्घाटन किया।

बैडमिंटन खिलाड़ियों की उपस्थिति एवं उत्साह देखकर उपायुक्त लोहरदगा ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि इन बच्चों में प्रतिभा छुपी हुई है। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे और जिला का नाम रोशन करेंगे। हमारी शुभकामनाएं आप सभी के साथ है। पुलिस अधीक्षक ने बतलाया कि एसोसिएशन ने स्कूली बच्चों की प्रतिभा निखारने का कार्य किया है जो प्रशंसनीय है। सभी बधाई के पात्र हैं। अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, भारतीय स्टेट बैंक लोहरदगा शाखा के मुख्य शाखा प्रबंधक अविनाश कुमार ने भी विचार व्यक्त किया। अतिथियों को एशोसिएशन ने स्वागत किया एवं विषय प्रवेश जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन कार्यकारिणी सदस्य अरुण राम ने किया। उद्घाटन मैच धोनी महली वर्सेस आशुतोष देवघरिया के बीच खेला गया जिसमें आशुतोष देवघरिया ने अपना मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मुरारी गोस्वामी, सचिव मलय दत्ता, कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर, प्रवीण पटेल, रंजीत साहू, प्राचार्य प्रोफेसर स्नेह कुमार, दुबराज यादव, राहुल कुमार, गणेश पांडेय, प्रवीण पटेल, नीरज खत्री, उत्तम शर्मा, शिव कुमार भगत, सतीश उरांव, दिनेश पांडेय, बाल्मीकि सिंह, विनोद उरांव, सुजाउद्दीन राजा, ब्रजकिशोर बड़ाईक, गुलाममुतुर्जा अंसारी इत्यादि उपस्थित रहकर खेल आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। एंपायर का दायित्व रंजीत साहू, नसीम अख्तर एवं राहुल साहू ने निभायी।



# पंचायतों से संग्रहित हुयी मिट्टी प्रखंड लायी गयी



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
मेरी मिट्टी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखड की सभी छह पंचायतों से मुखिया के नेतृत्व में ग्राम प्रधान के हाथों कलश में मिट्टी लाकर प्रखड मुख्यालय में संग्रहित की गयी। प्रखड प्रमुख श्रीराम उरांव, उप प्रमुख मधुलिका रानी व प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की संयुक्त अगुवाई में कलश लेकर आ रहे ग्राम प्रधान व मुखिया का स्वागत किया गया तथा मिट्टी संग्रह करने के पश्चात सभागार में बैठक की गई। मौके पर मुखिया बीरेंद्र महली, सुमित्रा उरांव, सुमन उरांव, ग्राम प्रधान बीरेंद्र उरांव, राजकुमार, पंचायत सचिव राजेश उरांव, गुहा उरांव के अलावे मंसूर आलम, पंचम एतवा पहान, नंदा भगत, अमन कुमार, प्रदीप कुमार, परवीन साहू, लखन उरांव, नासिर आलम, कैलास महतो, संजीव शुक्ला, सईद अंसारी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर इधर भी

### यह 'श्योर प्योर और सिक्योर' है

**पूरी** दुनिया में पारम्परिक ऊर्जा के मुकाबले अक्षय ऊर्जा की मांग लगातार तेजी से बढ़ रही है। दरअसल वर्तमान में पूरी दुनिया पर्यावरण संबंधी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है और पारम्परिक ऊर्जा स्रोत इस समस्या को और ज्यादा विकराल बनाने में सहभागी बन रहे हैं, जबकि अक्षय ऊर्जा इन गंभीर चुनौतियों से निपटने में कारगर साबित हो सकती है। यही कारण है कि भारत में भी अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं और सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा इत्यादि का उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़ी-बड़ी परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। विभिन्न अवसरों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सौर ऊर्जा को 'श्योर, प्योर और सिक्योर' बताते हुए अक्षय ऊर्जा के महत्व को स्पष्ट रेखांकित कर चुके हैं। अक्षय ऊर्जा उत्पादन के मामले में भारत की यह बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है कि भारत दुनियाभर में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में चौथे स्थान पर पहुंच चुका है। देश में अक्षय ऊर्जा को लेकर जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से ही वर्ष 2004 से प्रतिवर्ष 20 अगस्त को अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया जाता है। प्रदूषणकारी और सीमित मात्रा में उपलब्ध पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों के बजाय अक्षय ऊर्जा से ही ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के लिए अब देश के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं से उत्पादित होने वाली बिजली के कारण वातावरण में प्रतिवर्ष लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा। अक्षय ऊर्जा उत्पादन के मामले में यह संतोषजनक स्थिति ही है कि भारत इस मामले में दुनिया का चौथा देश है और नई-नई अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के साथ तेजी से इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। कर्नाटक के पावगाड़ा में दो हजार मेगावाट से अधिक क्षमता के सोलर पार्क सहित देश में रीवा से भी ज्यादा सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रहे कुछ और सोलर पार्क भी देश में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। बहरहाल, अक्षय ऊर्जा को लेकर यह जानना बहुत जरूरी है कि अक्षय ऊर्जा आखिर है क्या और इसके स्त्रोत कौन से हैं? इस संबंध में 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक में विस्तार से बताया गया है कि अक्षय ऊर्जा वह ऊर्जा है, जो असीमित और प्रदूषणरहित है या जिसका नवीकरण होता रहता है। ऊर्जा के ऐसे प्राकृतिक स्त्रोत, जिनका क्षय नहीं होता, अक्षय ऊर्जा के स्त्रोत कहे जाते हैं। अक्षय ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्त्रोतों में सूर्य, जल, पवन, ज्वार-भाटा, भू-ताप इत्यादि प्रमुख हैं। उदाहरण के रूप में सौर ऊर्जा को ही लें। सूर्य सौर ऊर्जा का मुख्य स्त्रोत है, जिसकी रोशनी स्वतः ही पृथ्वी पर पहुंचती रहती है। यदि हम सूर्य की इस रोशनी को सौर ऊर्जा में परिवर्तित नहीं भी करते हैं, तब भी यह रोशनी तो पृथ्वी पर आती ही रहेगी लेकिन चूंकि सूर्य से प्राप्त होने वाली इस असीमित ऊर्जा के उपयोग से न तो यह ऊर्जा घटती है और न ही इससे पर्यावरण को किसी भी प्रकार की क्षति पहुंचती है, इसीलिए सूर्य से प्राप्त होने वाली इस ऊर्जा को अक्षय ऊर्जा कहा जाता है। ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन से बचाव के दृष्टिगत ही आज अक्षय ऊर्जा को अपनाना समय की सबसे बड़ी मांग है। दरअसल पूरी दुनिया इस समय पृथ्वी के बढ़ते तापमान और ग्लोबल वार्मिंग के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं को लेकर बेहद चिंतित है, इसीलिए कोयला, गैस, पैट्रोलियम पदार्थों जैसे ऊर्जा के परम्परागत स्त्रोतों के बजाय अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। भारत सहित कई प्रमुख देशों में अब थर्मल पावर प्लांटों में कोयले के इस्तेमाल को कम करते हुए सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्त्रोतों का उपयोग किया जाने लगा है। दरअसल आज स्वच्छ वातावरण के लिए कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांटों के बजाय क्लीन और ग्रीन एनर्जी की पूरी दुनिया को जरूरत है और इन्हीं जरूरतों को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री 'वन वर्ल्ड, वन सन, वन ग्रिड' की बात करते हुए इस ओर पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर चुके हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता कई गुना बढ़ चुकी है।

■ योगेश कुमार गोयल

# संत लोंगोवाल ने शांति की अलख जगायी

**पंजाब** की माटी को प्रणम्य बनाने में अकाली आन्दोलन के प्रमुख एवं चर्चित सिख संत महापुरुष हरचंद सिंह लोंगोवाल का योगदान अविस्मरणीय है, उन्होंने पंजाब समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, हिंसा एवं आतंकवाद से लथपथ पंजाब की धरती में शांति स्थापना एवं अमनचैन के लिये उन्हें याद किया जायेगा। वे अखण्ड भारत एवं आदर्श एवं संतुलित समाज रचना के प्रेरक थे। वे धार्मिकता एवं राजनीति के समन्वयक महानायक थे। उन्होंने सिख राजनीति को नये आयाम दिये, घोर अन्धकार की स्थितिया में वे एक रोशनी बनकर सामने आये। हरचंद सिंह लोंगोवाल का जन्म 2 जनवरी 1932 को पटियाला रियासत, वर्तमान में पंजाब के संगरूर जिले के एक छोटे से ग्राम गिदरैनी में एक साधारण परिवार में हुआ। वे पंजाब में चल रहे आतंकवाद एवं हिंसा की जटिल स्थितियों के बीच सन 1980 में अकाली दल के अध्यक्ष थे। वे सिख समुदाय के बीच 'संतजी' के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने संत जोधसिंहजी के मार्गदर्शन में सिख धर्मशास्त्र और सिख ग्रंथों का गहन अध्ययन किया और सिख संगीत का अभ्यास भी किया, इस तरह सिख धर्मगुरु बने। चूंकि उनके गुरु अकाली आंदोलन से जुड़े थे, इसलिये युवा हरचंद सिंह को उस समय राजनीतिक गतिविधियों ने भी प्रभावित किया था। अपने गुरु से मिले आध्यात्मिक-धार्मिक प्रशिक्षण एवं तत्कालिन राजनैतिक परिस्थितियों ने उन्हें आन्दोलित किया। यही कारण है कि उन्होंने पंजाब की व्यापक हिंसा एवं आतंकवाद की स्थितियों के बीच शांति, सद्भाव एवं अहिंसा को प्रतिष्ठित करने के व्यापक प्रयत्न किये। पंजाब की सर्वव्यापी उथल-पुथल में नित नये राजनीतिक समीकरण बन-बिगड़ रहे हैं, हिंसा एवं आतंक के भयानक दृश्य भारत की एकता एवं अखण्डता को विखंडित कर रहे थे, ऐसे जटिल दौर में सबकी नजरे संत लोंगोवाल पर टिकी रहती थी। संत लोंगोवाल का सक्रिय राजनीतिक जीवन जून 1964 में शुरू हुआ, जब उन्होंने हिमाचल प्रदेश में पोंटा साहिब की ऐतिहासिक स्थल पर सिख अधिकारों के लिए प्रदर्शन का नेतृत्व किया। 1965 में वे संगरूर जिले के अकाली दल के अध्यक्ष बने और शिरोमणि अकाली दल की कार्यकारी समिति के सदस्य बने। 1969 में वे पंजाब विधानसभा के लिए अकाली उम्मीदवार के रूप में चुने गये। 1980 में उन्हें अकाली दल का अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने सिख अधिकारों एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिये व्यापक संघर्ष किया। केन्द्र सरकार की सिख विरोधी नीतियों को लेकर संत लोंगोवाल ने तत्कालिन प्रधानमंत्री श्रीमती गांधी के साथ बातचीत की लेकिन यह वार्ता निराशाजनक रही। पंजाब में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ती ही जा. रही थी, 1984 में आतंकवादियों ने स्वर्ण मन्दिर परिसर पर कब्जा कर लिया था। अनेक अकाली एवं सिख नेता, दर्शनार्थी एवं धार्मिक श्रद्धालु मन्दिर में फंस गये थे, जिनमें संत लोंगोवाल, एसजीपीसी प्रमुख गुरचरण

**हरचंद सिंह लोंगोवाल का जन्म 2 जनवरी 1932 को पटियाला रियासत, वर्तमान में पंजाब के संगरूर जिले के एक छोटे से ग्राम गिदरैनी में एक साधारण परिवार में हुआ। वे पंजाब में चल रहे आतंकवाद एवं हिंसा की जटिल स्थितियों के बीच सन 1980 में अकाली दल के अध्यक्ष थे। वे सिख समुदाय के बीच 'संतजी' के रूप में जाने जाते थे।**

सिंह टोहरा, जरनल सिंह भिंडरवाला और हजारों तीर्थयात्री थे। इन सबको आतंकवादियों से मुक्त कराने के लिये सेना ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के रूप में बड़ी कार्रवाई की, 4-6 जून 1984 के बीच सेना का ऑपरेशन हुआ था। मंदिर में भिंडरवाला और उनके अधिकांश अनुयायियों की मौत हो गई थी। लेकिन संत लोंगोवाल उन सिख नेताओं में से एक थे जिन्हें बचाया गया था। मार्च 1985 में, अकाली पार्टी के नेतृत्व को नये प्रधानमंत्री राजीव गांधी के आदेश के तहत जेल से रिहा किया गया। स्थिति में सुधार और सिख मांगों के लिये वार्ता का माहौल निर्मित करने के प्रयास होने लगे। लेकिन पंजाब समस्या के समाधान दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं हो पा रही थी, इन स्थितियों में अनेक माध्यमों से संत लोंगोवाल को समझौते के लिये प्रेरित करने के उपक्रम होते रहे। लेकिन आचार्य तुलसी ने पंजाब में शांति बनाये रखने के लिए अनेक साधु-साध्वियों के वर्गों को पंजाब भेजा, जिनमें मुनि विनयकुमार 'आलोक' अनेक खतरों के बीच भी शांति प्रयासों में जुटे थे। उन्होंने आतंकवाद की परवाह न करके साहस के साथ लोगों को अहिंसा और शांति का संदेश दिया। उस समय आचार्यश्री तुलसी का चातुर्मासिक

इन दिनों



ललित गर्ग

प्रवास आमेट- राजस्थान में था। उन्हें पंजाब की समस्या विचलित किये हुए थी, वे इस समस्या का समाधान चाहते थे। उन्होंने अपने शांतिदूत शुभकरणजी दसाणी को एक संदेश देकर अकाली दल के अध्यक्ष संत हरचंदसिंह लोंगोवाल के पास भेजा। उस समय की परिस्थितियां ऐसी थीं कि अकाली नेता किसी भी स्तर पर किसी से बात करने को तैयार नहीं थे, लेकिन आचार्यश्री तुलसी के संदेश ने संत लोंगोवाल को प्रेरित किया और वे 9 जुलाई 1985 को आमेट आए। संत लोंगोवालजी के साथ वरिष्ठ अकाली नेता सुरजीतसिंह बरनाला, बलवंतसिंह, रामू वालिया आदि भी थे। संत लोंगोवालजी और अकाली नेताओं का आमेट पहुंचना देश के लिए बहुत बड़ी घटना थी। मैं उन दिनों आचार्य तुलसी के जनसम्पर्क अधिकारी के रूप में सक्रिय था। मेरे प्रयासों से समाचारपत्रों एवं टीवी आदि में विस्तार से इस घटना को प्रसारित किया गया। संत लोंगोवालजी आमेट में दो दिन रूके। पंजाब समस्या को सुलझाने एवं शांति-स्थापित करने के विविध पहलुओं पर उन्होंने बन्द कमरे में खुलकर आचार्यश्री तुलसी के साथ चर्चा की। उन चचाओं में मुझे भी बन्द कमरे में बन रहे इतिहास को देखने-समझने का दुर्लभ अवसर मिला। मैंने देखा संत लोंगोवाल आचार्यश्री तुलसी के अहिंसक व्यक्तित्व एवं आध्यात्मिक तेज से बहुत अधिक प्रभावित हुए और सार्वजनिक रूप से उन्होंने घोषणा की- हम आतंकवाद के विरोध में हैं। आतंकवादी लोगों के साथ हमारा कोई संबंध नहीं है। यदि केंद्रीय सरकार हमारी भावना का मूल्यांकन करे तो समस्या सुलझ सकती है।

# सिल्वर स्क्रीन की पहली सितारा रुबी मायर्स उर्फ सुलोचना

**मूक** फिल्मों में सक्रिय रहे बहुत कम सितारे सवाक फिल्मों में अपना जलवा कायम रख पाये। इसमें सबसे बड़ा नाम रूबी मायर्स उर्फ सुलोचना का है। तीस और चालीस के दशक में जब हॉलीवुड में मर्लिन डेट्रिच और ग्रेटा गार्बो की धूम थी तो भारतीय सिनेमा में सुलोचना की धूम थी। उन्हें पहली सितारा नायिका कहलाने का गौरव हासिल है। उनकी फिल्मों का इंतजार हजारों भारतीयों को रहता था। पुणे में सन 1907 में जन्मी रूबी मायर्स असल में किसी कंपनी में टेलीफोन ऑपरेटर थी। वहीं उनकी खूबसूरती को देखकर कोहिनूर फिल्म कंपनी के निर्देशक मोहन भावनानी ने अपनी फिल्म वीरबाला (1925) में उन्हें नायिका के रूप में पेश किया। उस समय उनको इसके लिए 1000 की बड़ी राशि दी गई थी। उनकी भूरी आंखें होने के कारण मोहन भावनानी ने उनका नाम सुलोचना कर दिया था। यह वह दौर था जब अमूमन सिनेमा में स्त्री चरित्र तवायफ, एंग्लो इंडियन गर्ल्स या यूरेशियन लड़कियां निभाया करती थीं और उनके असली नाम इसलिए भी बदले जाते थे क्योंकि उस समय बनने वाली बहुत सी सामाजिक और धार्मिक फिल्मों में उनके असली नामों से दर्शकों को ऐतराज होता था। इसके बाद इंपीरियल फिल्म कंपनी ने उनको 5000 के वेतन पर अपने यहां रख लिया जो कि उस समय किसी अभिनेत्री को दी जाने वाली सबसे ज्यादा राशि थी। उस समय बंबई के गवर्नर का वेतन भी उनसे कम था। 1926 में उन्होंने सिनेमा क्वीन, गर्ल फ्रेंड, मुमताज महल, सम्राट शिलादित्य, टेलिफोन गर्ल, टायपिस्ट गर्ल, वांडरिंग फॅटम जैसी मूक फिल्मों में काम किया तो 1927 में अलीबाबा और 40 चोर, किक्स ऑफ किस्मत, सेक्रीफाइस, द डांसिंग गर्ल, द मिशन गर्ल, द नर्स, विलेज गर्ल, वाइल्ड केट ऑफ बाम्बे, 1928 में अनारकली, सेलेस्टियल लोटस, माधुरी, वेजिएस और 1929 में इंदिरा बीए, ज्वेल ऑफ राजपूताना, मैजिक फ्लूट, पंजाब मेल. स्वर्ड टू स्वर्ड आदि में काम किया। उनकी पहली बोलती फिल्म माधुरी 1932 में परदे पर आई और सुपरहिट रही। उन्होंने अपनी अधिकतर फिल्में दिनशा बिल्मोरिया के साथ की और उस समय फिल्म अनारकली और हीर रांझा में लंबे चुंबन तथा गहरे आलिंगन दृश्य देकर दर्शकों को अचंभित और रोमांचित किया। लोकप्रियता का आलम यह

**दूसरे विश्वयुद्ध के बाद हिंदी सिनेमा का परिदृश्य बदला तो उनकी चमक फीकी पड़ गई । लेकिन इससे पहले सुलोचना की लोकप्रियता का आलम यह था कि उनकी अधिकतर मूक फिल्मों के सवाक युग में री-मेक बने और खूब चले। जैसे इंदिरा बीए (1929) इंदिरा एमए (1934) बनकर आई। अनारकली (1928) मूक थी।**

था कि अखबारों में जब भी उनकी फिल्मों के विज्ञापन निकलते तो उनका नाम बड़े टाइप में अलग से छापा जाता था। सन 1925 से 1947 के बीच उनकी 53 फिल्में प्रदर्शित हुई। इनमें से प्रमुख सवाक फिल्में थी, 1933 की डाकू की लड़की, सौभाग्य सुंदरी, 1934 की गुल सनोवर, इंदिरा एमए, मैजिक फ्लूट, पिया प्यारे ,1935 की अनारकली, दो घड़ी की मौज, पुजारिन, 1936 की बम्बई की बिल्ली, जंगल क्वीन, शान-ए-हिन्द ,1937 की जगत केसरी, न्यू सर्व लाइट, वाह री दुनिया,1939 की प्रेम की ज्योति, 1942 की आंख मिचौली,1943 की विष कन्या, शंकर पार्वती और 1946 की चमकती बिजली। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद हिंदी सिनेमा का परिदृश्य बदला तो उनकी चमक फीकी पड़ गई । लेकिन इससे पहले सुलोचना की लोकप्रियता का आलम यह था कि उनकी अधिकतर मूक फिल्मों के सवाक युग में री-मेक बने और खूब चले। जैसे इंदिरा बीए (1929) इंदिरा एमए (1934) बनकर आई। अनारकली (1928) मूक थी। (1935) में नाचती गाती चली। वाइल्ड केट ऑफ बॉम्बे (1927) बम्बई की बिल्ली नाम से 1936 में रिलीज की गई। इस फिल्म में सुलोचना ने आठ विभिन्न किरदार निभाये। इम्पीरियल की इस फिल्म में सुलोचना बहादुर और दयालु लड़की के भेष में अमीरों से छीनकर गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करती हैं। सुलोचना ने अपने होम प्रोडक्शन रूबी पिक्चर्स की स्थापना भी की और इसके बैनर तले 1938 में प्रेम की ज्योति फिल्म भी बनाई । 1933 में सुलोचना नाम से भी फिल्म बनी थी। फिल्मिस्तान की लोकप्रिय फिल्म अनारकली में उन्होंने जोधाबाई का किरदार किया। सुलोचना जब रणजीत फिल्म कंपनी से रिटायर हुईं तो उनका वेतन 7500 था। 1960 के बाद बढ़ती उम्र और बदलते परिदृश्य के कारण उन्होंने कई फिल्मों में छोटे-मोटे रोल किये। इस्माइल मर्चेंट की महात्मा एंड द मेड बॉय (1974) में वह आखिरी बार दिखाई दी। फिल्म इंडस्ट्री में उनके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए सुलोचना को 1974 में दादा साहेब फालके सम्मान दिया गया, तो एक लाख का चेक देखकर उनकी आखों में आसू आ गये थे क्योंकि उस समय वे गुमनामी और अभाव भरा जीवन जी रहीं थीं।

■ अजय कुमार शर्मा

## है न विचित्र बात !

### फायर का एक्शन - अमेरिका में टेंशन

**आदि** अनादि काल से कुदरत का कहर जब टूटता है तो वह किसी राष्ट्र, देश, मानव, व्यक्ति या समाज को नहीं देखता बस अपना कहर बरसाकर सैकड़ो हजारों जीवों को लीलकर एक सन्नाटा छोड़कर चला जाता है, जो हम प्रत्यक्ष रूप में भारत सहित अनेको विकसित देशों में देख चुके हैं। हम ऐसा अनेकों पाठ्य संसाधनों में पढ़ चुके हैं कि इस प्राकृतिक आपदाओं का ज्ञाता मानवीय जीव ही है। दूसरे शब्दों में प्राकृतिक संसाधनों से छेड़छाड़ कर उन्हें जर्जर हालत में पहुंचने वाला मानवीय जीव है, जिसका परिणाम उनकी अगली पीढ़ियों को भुगतना पड़ रहा है, इसकी एक इकाई के रूप में जलवायु परिवर्तन समस्या में देखा जा रहा है, जिसपर सैकड़ो देशों ने मिलकर पेरिस समझौता किया है जिसके अनुसार सभी देश उत्सर्जन को काम करनें में लगे हुए हैं। भारत के हिमाचल प्रदेश में भी दिनांक 18 अगस्त 2023 को सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर आज राज्य आपदा घोषित की गई है। चूंकि पिछले अनेक दिनों से अमेरिका के हवाई द्वीप के जंगलों में आग का तांडव देखने को मिल रहा है जिसपर भारतीय दूतावास ने भी, दुखी हूं कहकर गहरा दुख व्यक्त करते हुए अमेरिका के साथ अपनी एकजुट व्यक्त की है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिका में एक सदी के इतिहास में जंगलों में आग की सबसे भयानक घातक घटना। साथियों बात अगर हम अमेरिका में आग की करें तो, हवाई द्वीप के जंगलों में आग का तांडव देखने को मिल रहा है। आग इतनी ज्यादा है कि उसने कई शहरों को चपेट में ले लिया। हवाई स्थित माउई के सुरम्य शहर में लगी आग से अब तक 110 लोगों की मौत हो गई है। जंगलों में लगी आग अमेरिकी इतिहास में सदी की सबसे घातक आग की घटना बन गई है। नये आँकड़ों ने उत्तरी कैलिफोर्निया में 2018 कैंप फायर में मारे गये लोगों की संख्या को भी पार कर लिया है। उस हादसे में 85 लोग मारे गये थे। ऐसा आलम एक सदी पहले, 1918 में सूखाग्रस्त उत्तरी मिनेसोटा में लगी आग के दौरान देखा गया था जिसमें करीब 453 लोगों की मौत हो गई थी। आग कई इलाकों में फैल गई थी, जिसमें हजारों घर नष्ट हो गये थे और सैकड़ों लोग मारे गये थे। सोशल मीडिया पर सामने आई कई वीडियो पर हवाई के शहरों का बुरा हाल दिख रहा है। लाहैना शहर के अधिकांश हिस्से वीरान हो चुके हैं। इमारतें हो या कारें सब राख हैं। हजारों लोग मिल नहीं रहे हैं। हवाई द्वीप का लाहैना शहर पूरी तरह तबाह हो चुका है। हजारों गाड़ियां राख बन चुकी है, मकान खंडहर है और कई लोगों की जिंगदियां खत्म हो गई हैं। शहर की हजारों इमारतें आग की चपेट में आई हैं। माउई में कम से कम दो अन्य जगहों पर भी आग की लपटें पहुंच गई हैं। हालांकि, इससे अब तक किसी के मरने की सूचना नहीं है। दक्षिण माउई के किहेई और पहाड़ी क्षेत्र में ये आग लगी है। बताते चलें कि हवाई के माउई में स्थित लहैना में मंगलवार, 8 अगस्त को आग भड़क उठी थी जो अभी तक जारी है। आग लगने की वजह अभी साफ नहीं है। माना जा रहा है कि तापमान बढ़ने और तेज हवाओं से आग लगी है। आग के कारण पूरा ऐतिहासिक रिसॉर्ट शहर नष्ट हो गया। इस आग ने बड़ी-बड़ी बिल्डिंगों और गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। मीडियम उपलब्ध जानकारी के अनुसार, लहैना के रेनोवेशन की लागत करीब 5.5 बिलियन डॉलर यानी 45 हजार करोड़ रुपये आंकी गई है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जंगलों की आग शहर के पेड़ों की जड़ों तक पहुंच चुकी है। हेलिकॉप्टरों से आग बुझाने के लिए पानी फेंके जाने के बावजुद जमीन के नीचे पेड़ों की जड़ें जल रही हैं, जिससे आग के फिर से फैलने का खतरा है,अधिकारियों और रेस्क्यू वर्कर्स ने माउई में 85 फीसदी आग पर काबू पा लिया है। गवर्नर के मुताबिक, हर दिन करीब 15 हजार लोगों को घर छोड़ना पड़ा है।

■ किशन भावनानी गोंदिया

# गुलाम नबी आजाद के मर्म को समझो

**गुलाम** नबी आजाद ने कहा है कि, 'इस्लाम का जन्म 1500 साल पहले हुआ था। भारत में कोई भी बाहरी नहीं है। हम सभी इसी देश के हैं। भारत के मुसलमान मूल रूप से हिंदू थे, बाद में मतांतरित हो गये।' कांग्रेस का साथ छोड़कर डेमोक्रेटिव प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) बनाने वाले जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद का बयान महत्वपूर्ण है। आजाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है, 'पहले कश्मीर में कोई मुसलमान नहीं था। वहां सभी कश्मीरी पंडित थे। भारत में कोई भी बाहरी नहीं है। हम सभी इस देश के हैं। हम बाहर से नहीं आये हैं। इसी मिट्टी की पैदावार हैं। इसी मिट्टी में खत्म होना है। हिन्दू धर्म प्राचीन है।' आजाद की यह वाकई महत्वपूर्ण और तटस्थ टिप्पणी है, क्योंकि हिन्दू संस्कृति एक है। अनेक रूपों वाली यह संस्कृति सर्वसमावेशी है। अपनी मूल आत्मा में एक है। भारत भूमि हजारों वर्ष से जिज्ञासा की तपस्थली रही है। ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर आधुनिक भारत तक यहां की मेधा ने अनुभूति और वैज्ञानिक विवेक का सारभूत ज्ञान रस संग्रहीत किया है। यहां पूर्व मीमांसा, वैशेषिक, न्याय, सांख्य, योग, व वेदान्त प्राचीन षट दर्शन हैं। बुद्ध और जैन को मिलाकर आठ दार्शनिक धाराएं हैं। गीता, उपनिषद् व ब्रह्म सूत्र दर्शन ग्रंथ हैं। रामायण और महाभारत महाकाव्य हैं। यह सामगान की धरती है। विश्व मानवता की हितैषी है यह। प्रकृति ने हिन्दुस्थान को बड़े प्यार से गढ़ा है। हिन्दू कीट पतिंग के प्रति भी संवेदनशील हैं। हिन्दुओं का सभी विचारधाराओ के प्रति आदर भाव है। सर्व पंथ समभाव हिन्दू जीवन रचना से ही विकसित हुआ है। हिन्दू वैदिक दर्शन के उत्तराधिकारी हैं। यहाँ उपनिषदों के रचनाकाल तक दर्शन आधारित धर्म का विकास हो चुका था। हिन्दू धर्म की व्यापकता ध्यान देने योग्य है। बृहदारण्यक उपनिषद् के ऋषि कहते हैं, 'जिससे सूर्य उदय और अस्त होते हैं, वे प्राण से उदित होते हैं, प्राण से ही अस्त होते हैं। इस धर्म को देवों ने बनाया है'। इस मंत्र में धर्म का अर्थ नियम है। हिन्दू धर्म का सतत विकास हुआ है। यहां दर्शन और वैज्ञानिक विवेक का जन्म पहले हुआ। धर्म का बाद में। जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता हिन्दू धर्म व दर्शन की विशेषता है। यहां साधारण हिन्दू भी आस्था पर प्रश्न करते है और संवाद भी। प्रश्नाकुलता हिन्दू समाज की बड़ी पूंजी है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति का गहन अध्ययन किया था। प्राकृतिक नियम शाश्वत होते हैं। पूर्वज प्रकृति की नियमबद्धता से प्रेरित हुए थे। डॉ. पीवी काणे ने 'धर्म शास्त्र का इतिहास' के पहले भाग में लिखा है,'धर्म किसी संप्रदाय या मत का द्योतक नहीं है। यह जीवन का ढंग या आचार संहिता है। यह समाज या व्यक्ति के रूप में मनुष्य के कर्म और कृति को व्यवस्थित करता है'।

**भारत भूमि हजारों वर्ष से जिज्ञासा की तपस्थली रही है। ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर आधुनिक भारत तक यहां की मेधा ने अनुभूति और वैज्ञानिक विवेक का सारभूत ज्ञान रस संग्रहीत किया है। यहां पूर्व मीमांसा, वैशेषिक, न्याय, सांख्य, योग, व वेदान्त प्राचीन षट दर्शन हैं। बुद्ध और जैन को मिलाकर आठ दार्शनिक धाराएं हैं।**

यहां धर्म का आशय हिन्दू जीवन रचना से है। यह बिना जांचा परखा अंध विश्वास नहीं है। ऐसे विश्वास के लिए अंग्रेजी में 'बिलीवर' शब्द प्रयुक्त होता है। बिलीवर या विश्वासी तर्क नहीं करते। तर्क नहीं सुनते। वे अपने विश्वास दूसरों पर थोपने के लिए हिंसा को भी उचित ठहराते हैं। हिन्दू सभी पंथिक विश्वासों का सम्मान करते हैं। हिन्दुत्व मुक्त विचार का सार है। सत्य सार्वभौम सत्ता है और प्रकृति का संविधान ऋत भी। ऋत और सत्य प्रायः समानार्थी हैं। तैत्तिरीय उपनिषद् में संकल्प है 'ऋतं वदिष्यामि - ऋत बोलूंगा। सत्यं वदिष्यामि - सत्य बोलूंगा।' सत्य बोलना और धर्म का आचरण लोकमंगल की साधना है- सत्यंवद, धर्मं चर। धर्म की नींव का आधार प्रकृति के शाश्वत नियम हैं। धर्म को तार्किक परिणति तक विस्तृत करने वाले पूर्वज विलक्षण हैं। वे धर्म की व्यावहारिक आचार संहिता गढ़ते हैं लेकिन पंथिक मजहबी विश्वास की तरह धर्माचरण के लिए बाध्य नहीं करते। हिन्दू धर्म में तर्क, वाद-विवाद संवाद पर रोक नहीं है। प्राचीनकाल में धर्म तत्वों पर खुली बहस थी। विद्वानों की गोष्ठियां होती थीं। शास्त्रार्थ थे। धर्म के मूल तत्व पर भी संवाद थे। महाभारत के रचनाकाल में धर्म की तेजस्विता घटी थी। धर्म के निर्वचन में कठिनाई थी। महाभारत के यक्ष प्रश्न आधुनिक काल में भी लोकप्रिय है। यक्ष प्रश्नकर्ता था और पांचो पांडव उत्तरदाता। 4 पांडव उत्तर नहीं दे सके। युधिष्ठिर ने उत्तर दिये। महत्वपूर्ण प्रश्न था, 'का पंथाः -जीवन मार्ग क्या है'? युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, 'तर्को अप्रतिष्ठा, श्रुतियो विभिन्नः, नैको ऋषिर्यस्य मतं प्रमाणं/धर्मस्य तत्व निहितं गुहायां, महाजनो येन गतः स पंथाः'- तर्क की प्रतिष्ठा नहीं। वेद वचन भिन्न भिन्न। अनेक ऋषि, अनेक मत प्रमाणं। धर्म तत्व अंतगुर्हा में है। जिस मार्ग से महापुरुष/ महाजन गये हैं वही उचित पंथ है। (महाभारत वन पर्व) यहां विचारों की मत भिन्नता है। दर्शन और वैज्ञानिक विवेक से यहां विश्ववरेण्य संस्कृति का विकास हुआ। जगत एक सुसंगत व्यवस्था है। धर्म इसी व्यवस्था को बनाये रखने की आचार संहिता है। कभी कभी इस व्यवस्था में गड़बड़ी आती है। गीताकार ने इसे 'धर्म की ग्लानि' कहा है, 'यदायदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत'। धर्म के पराभव से अराजकता आती है। धर्म को फिर से व्यवस्थित करना प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। हिन्दू मन पूरे विश्व को परिवार मानता है। प्रकृति के अंश हैं हम सब। प्रकृति से हमारे व्यवहार की आत्मीयता हिन्दुत्व है। हिन्दू धर्म सम्पूर्णता के प्रति हमारा सत्यनिष्ठ आचरण और व्यवहार है। कठोपनिषद् में नचिकेता और यम के बीच प्रश्नोत्तर हैं। यम ने उसे सत्यधृति कहा है। नचिकेता ने यम से पूछा, 'जो धर्म से पृथक है, अधर्म से पृथक है, भूत भविष्य से भी पृथक है, कृपा कर के आप मुझे वही बताइये।' यहां धर्म राष्ट्र जीवन की आचार संहिता है। धर्म की साधना देशकाल के भीतर है। ऋग्वेद के साढ़े दस हजार मंत्रों में एक भी मंत्र धर्म पालन की जोर जबरदस्ती का निर्देश नहीं देता। वैदिक परंपरा का एक सुंदर शब्द है-व्रत। व्रत अर्थात संकल्प। लोकमंगल के कार्य करने का संकल्प व्रत है। वे प्रकृति के संविधान ऋत से कोई ऊपर नहीं है। वैदिक देवता भी व्रती हैं। (ऋ०3-7-8) व्रत की सुंदर परिभाषा है, 'ऋत के अनुसार चलना व्रत है'। (ऋ०3-4-7) अग्नि देव भी ऋत व्रती है। (ऋ०3-7-8) सूर्योदय के पूर्व ऊषा आती हैं। ऊषा भी ऋत का अनुसरण करती हैं। (ऋ० 3-61-1) ऋत का पालन धर्म है। देवता मनुष्यों के आराध्य हैं। लेकिन धर्म के नियमों से उन्हें कोई छूट नहीं है। सब धर्म व्रती हैं। हिन्दुत्व का दर्शन परिपूर्ण लोकतंत्री है। ईश्वर भी विमर्श के दायरे में है। लोकायत दर्शन अनीश्वरवादी रहा है। हिन्दुत्व में इसकी भी प्रतिष्ठा है। ईश्वर विश्वासी भी कई तरह के हैं। कुछ ईश्वर को सर्वोच्च शासक मानते हैं। अनेक विद्वान ईश्वर को कर्ता, भर्ता, दाता व विधाता मानते हैं। कुछ उसे सर्वव्यापी मानते हैं। हिन्दुत्व में सबका स्वीकार है। यास्क ने ठीक ही तर्क को देवता बताया था। हिन्दू होने का अपना आनंद है। **(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

■ हृदयनारायण दीक्षित

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले: सीएम योगी

**एजेंसी। अयोध्या**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सरयू अतिथि गृह में अयोध्या में चले विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने मण्डलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी नीतीश कुमार, नगर आयुक्त एवं विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष विशाल सिंह सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अयोध्या में चल रहे निर्माण कार्यो के प्रगति की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं, उन्हें निश्चित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाय। आगामी दीपोत्सव को देखते हुये तैयारियां की जाए। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले। मुख्यमंत्री ने श्री राम जन्मभूमि में पहुंच कर मन्दिर निर्माण कार्य की प्रगति का श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, निर्माण प्रभारी गोपाल जी,एवं एल एण्ड टी के प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ जायजा



लिया और श्री राम लला सरकार का दर्शन पूजन किया।

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिगम्बर अखाड़ा में पहुंचकर वहां के मंदिर में पूजा की व साकेतवासी महंत राम चन्द्र दास परमहंस महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने दिगम्बर अखाड़े के महंत सुरेश दास के साथ मन्दिर में आयोजित उत्तराधिकारी महंत रामलखन दास के महंती समारोह में भी भाग लिया। उन्होंने उपस्थित सन्त, महन्त से मुलाकात की और सभी के साथ भोजन किया। मुख्यमंत्री ने संतों से मुलाकात के दौरान अयोध्या के विकास के बिन्दुओं पर चर्चा की।

इस मौके पर निवार्णी अनि अखाड़े के महंत धर्मदास, बड़ा भक्तमाल महंत अवधेश दास, उदासीन ऋषि आश्रम महन्त डॉ भरत दास, पूर्व सांसद डॉ राम विलास दास वेदान्ती , जानकी घाट बड़ा स्थान महन्त जनमेजय शरण ,श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय,डांडिया मन्दिर महन्त गिरीश दास,हनुमान गढ़ी महन्त गौरी शंकर दास, विहिप के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र सिंह पंकज , सांसद लल्लू सिंह, नगर निगम मेयर महन्त गिरीश पति त्रिपाठी, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, प्रथम मेयर ऋषिकेश उपाध्याय, भाजपा महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र सहित अन्य गणमान्य सन्त, महन्त मौजूद रहे।

## NEWS इन ब्रीफ

### बांका में नहाने गई तीन बच्चियों की तालाब में डूबने से मौत

**पटना।** बांका जिले के शंभूगंज थाना क्षेत्र के सोनाडीह गांव स्थित तालाब में शनिवार को नहाने गई तीन बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। इनमें दो सगी और एक चचेरी बहन थी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस तीनों लड़कियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज रही है लेकिन उनके परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया है। मृत लड़कियों की पहचान शंभूगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत फंटूश यादव की 10 वर्षीय बेटी सिंपल कुमारी, 9 वर्षीय शिवानी कुमारी और कुंदन यादव की 8 वर्षीय बेटी राजनंदनी कुमारी के रूप में हुई है। बताया गया कि तीनों बहनें एक साथ गांव स्थित तालाब में स्नान करने के लिए गई थी। काफी देर तक तीनों वापस घर नहीं पहुंचीं तो परिजन खोजबीन के लिए तालाब के किनारे पहुंचे। बच्चियां वहां पर नजर नहीं आईं। इसके बाद परिजनों के शोरगुल पर जुटे ग्रामीणों ने तालाब में उतर कर खोजबीन शुरू की। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने तालाब के अंदर से तीनों को बाहर निकाला। तीनों बच्चियों की मौत हो चुकी थी।

शंभूगंज थाना अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि तालाब में स्नान करने के दौरान तीन बच्चियों की मौत हो गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

### तेलंगाना एक्सप्रेस, खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश से गुजरने वाली दो ट्रेनों में शनिवार को आग लग गई। पहली घटना में, हैदराबाद से नई दिल्ली रूट की तेलंगाना एक्सप्रेस (12724) में छिंदवाड़ा जिले के पांढुर्ना रेलवे स्टेशन पर आग लग गई। तेलंगाना एक्सप्रेस ट्रेन की पेंट्री में आग लगने से यात्रियों में दहशत फैल गई। हालांकि, जानकारी के मुताबिक रेलवे अधिकारी तुरंत हरकत में आए और आग पर काबू पा लिया। आग लगने की दूसरी घटना ग्वालियर जिले में खजुराहो-उदयपुर (राजस्थान) इंटरसिटी ट्रेन में दर्ज की गई। ट्रेन के इंजन से धुआं निकलता देख लोको पायलट ने ट्रेन को ग्वालियर जिले के सिथौली स्टेशन पर रोक दिया। रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई और स्थिति पर काबू पाया। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, उदयपुर-खजुराहो इंटरसिटी में आग लगने की घटना सामने आई थी, जिस पर जल्द ही काबू पा लिया गया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### एक लाख के गांजा के साथ युवती तस्कर गिरफ्तार, कार्रवाई जारी

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने शनिवार को एक गांजा तस्कर युवती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से लाखों का गांजा बरामद किया है। पुलिस गांजा जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

मुखबिर से आज सुबह पुलिस को जानकारी मिली कि गांजे की तस्करी की जा रही है, पुलिस ने बताए हुलिए के अनुसार जांच पड़ताल में एक युवती को गांजे की तस्करी करते गिरफ्तार किया गया। आरोपित युवती के पास से पुलिस ने एक लाख का गांजा जब्त किया है। पूछताछ में पता चला कि युवती रायपुर से गांजा लेकर राजनांदगांव ले जा रही थी, जिस पर उतई थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। उतई पुलिस मर्ग कायम कर कार्रवाई कर रही है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर राजगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र में ग्राम मोहनपुरा जोड़ के समीप दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर किया गया है। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और बाइक चालक के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया।

## मेरठ में अतीक की बहन आयशा के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

**मेरठ।** उमेश पाल हत्याकांड में शूटरों की मदद करने में आरोपित अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी पर पुलिस का शिकंजा कस गया है। इस मामले में फरार चल रही आयशा के मेरठ स्थित घर पर प्रयागराज पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा किया।

उमेश पाल हत्याकांड में शूटरों की आर्थिक और भागने में मदद करने के मामले में अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी फरार चल रही है। अतीक की बहन की ससुराल मेरठ में नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित भवानीनगर में है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद फरार आरोपित गुड्डू मुस्लिम और असद ने आयशा के घर पर शरण ली थी। इसकी सीसीटीवी फुटेज वायरल हुई थी। इससे पता चला कि गुड्डू मुस्लिम लगभग 17 घंटे तक आयशा के घर रहा था और उसे आर्थिक मदद भी दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने अतीक के बहनाई डॉ. अखलाक को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद आयशा को भी इस मामले में आरोपित बनाया गया। अतीक के बेटे असद का निकाह डॉ. अखलाक की बेटी से तय हो गया था।

## मवेशी तस्करी मामले में नाराज जज ने कहा

# किस अधिकार के तहत ईडी कर रही है जांच

**एजेंसी। कोलकाता**

गौ तस्करी मामले में विशेष सीबीआई कोर्ट में जज ने ईडी को जमकर फटकार लगाई है। ईडी के वकील ने उस मामले को दिल्ली की राउस एवेन्यू कोर्ट में स्थानांतरित करने के लिए आवेदन किया था जिसमें बीरभूम तृणमूल जिलाध्यक्ष अणुब्रत मंडल और उनके पूर्व अंगरक्षक सहगल हुसैन को गिरफ्तार किया गया था। इस पर न्यायाधीश राजेश चक्रवर्ती ने अपना गुस्सा जाहिर किया। न्यायाधीश ने सवाल किया कि ईडी किस अधिकार से मामले की जांच कर रही है? शनिवार को आसनसोल की विशेष सीबीआई अदालत में ईडी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई।

28 जुलाई को केंद्रीय एजेंसी ने गाय तस्करी मामले को आसनसोल कोर्ट से दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। शनिवार को मामले की सुनवाई के दौरान ईडी के वकील अभिजीत भद्र जज के सवाल से हतप्रभ रह गए। सुनवाई में अणुब्रत की ओर से वकील सोमनाथ चटर्जी ने सवाल किया। सहगल के वकील शेखर कुंडू थे। सीबीआई की ओर से जांच अधिकारी सुशांत भट्टाचार्य और केंद्रीय जांच एजेंसी के वकील राकेश कुमार पेश हुए। सुनवाई की शुरूआत में न्यायाधीश राजेश चक्रवर्ती ने ईडी के वकील से पूछा कि गाय तस्करी मामले में अब तक कितनी चार्जशीट दाखिल की गई है? इसके जवाब में सीबीआई के जांच अधिकारी सुशांत भट्टाचार्य ने कहा कि एक आरोप पत्र और चार पूरक (अतिरिक्त) आरोप पत्र दाखिल किये गये हैं। जज ने पूछा, "इस केस में कितने गवाह हैं?" सुशांत ने जवाब दिया करीब पांच सौ। इसके बाद जज ने ईडी के वकील अभिजीत भद्र से पूछताछ की। उन्होंने कहा कि आप किस अधिकार से इस मामले की जांच कर रहे हैं? क्या केंद्र सरकार ने आपको कोई अधिकार दिये हैं? अगर ऐसा है तो कागज दिखाइए।

# पत्रकार विमल कुमार हत्याकांड मामले में चार नामजद आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी। अररिया**

अररिया के रानीगंज के प्रखंड पत्रकार विमल कुमार यादव हत्याकांड मामले में पुलिस ने चार नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिसकी पुष्टि अररिया एसपी अशोक कुमार सिंह ने भी की। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में भरगामा थाना क्षेत्र के भरना गांव के रहने वाले विपिन यादव पिता - छेदी यादव,रानीगंज के बेलसरा के रहने वाले भवेश यादव पिता- लस्सी यादव,आशीष यादव पिता- देवानंद यादव,रानीगंज के कोशिकापुर के रहने वाले उमेश यादव पिता- स्व.तेजनारायण यादव हैं।इस बात की जानकारी अररिया



एसपी अशोक कुमार सिंह ने दी। गिरफ्तार अपराधियों से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है।नामजद बनाए गए आरोपितों में दो पूर्व से ही न्यायिक अभिरक्षा में जेल में बंद है। जिसमें रानीगंज के बेलसरा के ही रुपेश यादव पिता - उगेन यादव है,जो वर्तमान समय में सुपौल जेल में बंद है।जेल में बंद नामजद आरोपितों में रानीगंज के कोशिकापुर के ही क्रांति यादव पिता उमेश यादव है और वर्तमान समय में यह अररिया जेल में बंद है।

इससे पहले रानीगंज के प्रखंड पत्रकार विमल कुमार यादव हत्याकांड मामले में पुलिस ने उनके पिता हरेंद्र प्रसाद सिंह के फर्द बयान पर रानीगंज थाना में प्राथमिकी कांड संख्या -338/2023 दिनांक 18 अगस्त 2023 भादवि की धारा 302/120(बी),34 भादवि एवं 27 सशस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में आठ लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज किया गया।आरोपितों में से चार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# अमित शाह आज मध्य प्रदेश में बीजेपी सरकार का जारी करेंगे 'रिपोर्ट कार्ड'

**एजेंसी। भोपाल**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को मध्य प्रदेश में भाजपा के 18 साल से ज्यादा के शासन का 'रिपोर्ट कार्ड' जारी करेंगे। 'रिपोर्ट कार्ड' पिछले दो दशकों में देखी गई प्रगति को उजागर करेगा, विपक्षी कांग्रेस ने सत्तारूढ़ पक्ष के खिलाफ आरोप पत्र जारी करके स्पष्ट रूप से एक मास्टर स्ट्रोक खेला है। भाजपा का रिपोर्ट कार्ड 2003 में सरकार बनाने और आज तक (दिसंबर 2018 से मार्च 2020 को छोड़कर) सत्ता में रहने के बाद प्रगतिशील मध्य प्रदेश की कहानी बताएगा, जिसमें से 16



सालों से अधिक समय तक सरकार का नेतृत्व वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कर रहे हैं। शाह की 20 अगस्त की भोपाल और ग्वालियर यात्रा के बारे में विस्तार से बताते हुए, राज्य भाजपा प्रमुख वी.डी. शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री शाह भोपाल में राज्य में भाजपा शासन के 18 वर्षों से अधिक के गरीब कल्याण (गरीब वर्ग कल्याण) केंद्रित रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे। इसके बाद वह अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में पार्टी की विस्तारित राज्य कार्यकारिणी/कार्य समिति की बैठक में भाग लेने के लिए ग्वालियर जाएंगे। विशेष रूप से, ग्वालियर तीन शक्तिशाली भाजपा नेताओं केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा का गृह जिला है। आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारी का मार्गदर्शन करने के लिए 40 दिनों से भी कम समय में शाह की भाजपा शासित राज्य की यह चौथी यात्रा होगी। इससे पहले, शाह ने 11 जुलाई और 25 जुलाई को भोपाल और 30 जुलाई को इंदौर का दौरा किया था। उनका ग्वालियर दौरा विशेष महत्व रखता है।

# राज्य में बैंक से ऋण दिलाकर पूरा किया जाएगा अधूरे आवास का निर्माण : श्रवण

**एजेंसी। बेगूसराय**

बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को समाहरणालय स्थित कारगिल भवन में विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में डीएम रोशन कुशवाहा एवं मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह सहित ग्रामीण विकास विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), वास स्थल क्रय योजना, मनरेगा, जीविका एवं स्वच्छता अभियान की समीक्षा की गई। इस दौरान पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से सभी योजनाओं का खाका प्रस्तुत



किया गया। बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों से एक-एक मुद्दे पर चर्चा करने के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में श्रवण कुमार ने केंद्र सरकार बिहार और बिहार के गरीबों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य लक्ष्य के अनुरूप कार्यान्वयन हो रहा है, यह समय पर पूरा होगा। 2012 से 2016 तक आवंटित आवास के निर्माण में कुछ बाधा है। 11 हजार आवास अपूर्ण है, अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि लाभुकों को बैंक से ऋण दिलवा कर अधूरे आवास को पूरा करें।

आवास योजना में 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य देती है। लेकिन बिहार को 2018-19, 2022-23 एवं 2023-24 में अभी तक आवास का एक भी लक्ष्य नहीं दिया गया है। राज्य में 13 लाख से अधिक परिवार प्रतीक्षा सूची में हैं। बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह केंद्र में ग्रामीण विकास मंत्री हैं। उन्हें बेगूसराय सहित पूरे बिहार को आवास के लिए सोचना चाहिए। लेकिन वह कुछ नहीं करते हैं।

बिहार के गरीबों के लिए भारत सरकार के खजाना में पैसा नहीं है। भारत सरकार इसके लिए व्यवस्था करें। अगर नहीं करेगी तो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी गरीबों को छत देने का निर्णय लिया है। इसके लिए मुख्यमंत्री आवास योजना शुरू किया गया है।

# भ्रष्टाचार के लिए जनता से माफी मांगें सीएम शिवराज: कमलनाथ

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस राज्य सरकार को घोटालों और भ्रष्टाचार के माध्यम से घेरने की तैयारी में है। एक दिन पहले ही शुक्रवार को कांग्रेस ने घोटाला शीट जारी कर सरकार पर बड़ा हमला बोला था। वहीं शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने घोटालों को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने शिवराज सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से जनता से माफी मांगने की मांग की है। कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा कांग्रेस पार्टी ने शिवराज सरकार के 18 वर्ष के सैकड़ों घोटालों की



सूची जनता के सामने रख दी है। मैं मुख्यमंत्री से आशा करता हूं कि वह एक-एक घोटाले के बारे में जनता से माफी मांगे और खुद सहित सभी आरोपियों को न्याय के कटघरे में खड़ा करें। क्योंकि घोटालों में जो लाखों करोड़ रूपया उड़ाया गया है वह मध्यप्रदेश की सम्मानित जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा है। कमलनाथ ने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जिस तरह घोटालों का जवाब देने के बजाय 'खिसियानी बिल्ली, खंबा नोचे' वाली कहावत पर काम कर रहे हैं, वह लोकतंत्र के हित में नहीं है। यह घोटाले नहीं शिवराज जी की असली 'सीखो, कमाओ योजना' है। जिसमें शिवराज जी खुद भ्रष्टाचार करते हैं और दूसरों को घोटालों से कमाना सिखाते हैं।

## उपलब्धि

## पूर्वांचल में केले की पहली टिश्यू कल्चर लैब कौशांबी में स्थापित

# किसानों को होगी काफी सहूलियत

**एजेंसी। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के कौशांबी में नवीन तकनीकी पर आधारित टिश्यू कल्चर लैब की स्थापना की गई है। इससे किसानों को काफी सहूलियत मिलेगी। केले की बागवानी को लेकर प्रयागराज मंडल के किसानों का रुझान लगातार बढ़ रहा है । मंडल के कौशांबी जिले में इस समय 1500 किसान केले की बागवानी कर रहे हैं।

उपनिदेशक उद्यान कृष्ण मोहन चौधरी बताते हैं कि जनपद में 1700 हेक्टेयर में किसान केले की बागवानी कर रहे हैं ।इन केला पैदा करने वाले किसानों की सबसे बड़ी समस्या टिश्यू कल्चर से तैयार की गई पौध की है। महाराष्ट्र ,पश्चिम बंगाल व अन्य राज्यों से केले की टिश्यू कल्चर वाली पौध यहां पहुंचने में कई बार विलंब होने की वजह से किसने की लाखों की फसल बर्बाद हो जाती है।

इसे देखते हुए कौशांबी के चिल्ला सहवाजी गांव में नवीन तकनीकी पर आधारित टिश्यू कल्चर लैब की



स्थापना की गई है। प्रयागराज मंडल की नहीं, बल्कि पूर्वांचल के केला उत्पादक जिलों में केले की टिशु कल्चर लैब की मांग लंबे समय से की जा रही थी।

प्रयागराज मंडल उप निदेशक उद्यान कृष्ण मोहन चौधरी का कहना है कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत, जनपद-कौशाम्बी में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के सहयोग से चिल्ला सहवाजी गांव में टिश्यू कल्चर केला लैब का सत्यापन उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की टीम द्वारा कर लिया गया है।

इस लैब की स्थापना से जनपद कौशाम्बी के साथ-साथ निकटवर्ती जनपदों के केला उत्पादक किसानों को उच्च गुणवत्ता के टिश्यू कल्चर केला पौध समय से उपलब्ध हो सकेगा। इससे एक तरफ जहां केला उत्पादन में वृद्धि होगी वही दूसरी तरफ किसानों के आय में भी बढ़ोतरी होगी। इस लैब में लगभग 15 लाख टिश्यू कल्चर के पौधे तैयार करने हेतु तैयार है, जो अगले वर्ष में हार्डेनिंग के उपरांत पूरी तरह से तैयार केला पौध कृषकों को दिये जाने योग्य हो जायेंगे ।

लैब की लागत 283.81 लाख है। इस पर उद्यान विभाग द्वारा 100 लाख का अनुदान दिया गया है । यह पूर्वांचल की केले की पहली टिश्यू कल्चर लैब है, जिसमे आने वाले समय में लगभग 30 लाख टिश्यूकल्चर केला के पौधे प्रतिवर्ष तैयार किये जायेंगे। यह अत्याधुनिक लैब केला पैदा करने वाले किसानों के लिए कई तरह से लाभ देने जा रही है।

मूरत गंज के केला पैदा करने वाले समद बताते हैं कि अभी तक इस क्षेत्र में केले के टिशू कल्चर पौधे बाहर से मगाने पड़ते थे, इसमें ट्रांसपोर्टेशन की वजह से कीमत ज्यादा लगती थी लेकिन अब स्थानीय उपलब्धता होने की वजह से कम कीमत में ही उन्हें टिश्यू कल्चर की पौध मिल जाएगी ।

सैयद सरावां के केला पैदा करने वाले किसान सुरेश बिंद बताते हैं कि बाहर से आने वाली केले की पौध के यहां पहुंचने में कई बार विलंब हो जाता था, जिससे उनकी फसल खराब हो जाती थी। इसके अलावा बाहर से आने वाली टिश्यू कल्चर की पौध में वहां की बीमारियां भी साथ चली आती थी, जो अब स्थानीय टिश्यू कल्चर लैब की स्थापना से नहीं होगी।

### आवासीय स्कूल परिसर में मिला पहली कक्षा के छात्र का शव

**गोपालगंज।** बिहार में गोपालगंज जिले के फुलवरिया थाना क्षेत्र के एक आवासीय निजी स्कूल परिसर से शनिवार को एक छात्र का शव बरामद किया गया। शव पूरी तरह खून से लथपथ था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि छात्र की पहले गला दबाकर हत्या की गई, उसके बाद ईट से मारा गया। पुलिस के मुताबिक, फुलवरिया थाना क्षेत्र के मंजिरवा कला स्थित एक निजी आवासीय स्कूल से शनिवार की सुबह एक 8 वर्षीय छात्र का शव मिला। मृतक छात्र भोरे थाना क्षेत्र के कुसहां गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह का पुत्र आर्यन कुमार बताया जाता है। इसका नामांकन 20 दिन पहले ही इस स्कूल के पहली कक्षा में कराया गया था। वह स्कूल के छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहा था। घटना की सूचना पर पहुंची फुलवरिया पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है चेहरे, नाक पर कट तथा जख्म के निशान हैं। चेहरा खून से लथपथ था। मृतक के परिजनों ने बताया कि बच्चे की तबियत खराब होने की सूचना देकर उन्हें बुलाया गया।

# पंघाल ने रचा इतिहास, सविता को भी स्वर्ण



**एजेंसी। अम्मान (जोर्डन)**

अंतिम पंघाल शुक्रवार को इतिहास रचते हुए लगातार 2 बार अंडर 20 विश्व खिताब जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बन गई जिसने यहां 53 किलोवर्ग में खिताब अपने नाम किया। सविता ने भी 62 किलोवर्ग में खिताब जीता और भारतीय महिला टीम ने इस खेल के इतिहास में पहली बार विश्व चैम्पियनशिप टीम खिताब अपने नाम किया। प्रिया मलिक ने गुरुवार को 76 किलोवर्ग में खिताब जीता था। भारत के 7 पहलवानों ने इस बार पदक जीता है जिनमें तीन स्वर्ण शामिल हैं। अंतिम कुंडू (65 किलो) ने रजत और रीना (57 किलो), आरजू (68 किलो) और हर्षिता (72 किलो) ने कांस्य पदक जीते। हरियाणा के हिसार की रहने वाली अंतिम पंघाल ने यूक्रेन की मारिया येफ्रेमोवा को 4.0 से हराकर खिताब जीता। उसने पूरे टूनामेंट में इतना जबर्दस्त प्रदर्शन किया कि सिर्फ 2 अंक गंवाए। उसने साबित कर दिया कि एशियाई खेलों के ट्रायल के लिए विनेश फोगाट को चुनौती देना अति आत्मविश्वास नहीं था। पिछले साल वह जूनियर विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी थी और अब सीनियर स्तर पर भी खेलती हैं।

# तीरंदाजों ने पुरुष-महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते

**एजेंसी। पेरिस**



भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्वकप के चौथे चरण में शनिवार को यहां पुरुष और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। अभिषेक वर्मा, ओजस देवतले और प्रथमेश जावकर की चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने क्रिस शेफ, जेम्स लुत्ज और सॉयर सुलिवन की दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी टीम को 236-232 से हराया। इस महीने के शुरू में बर्लिन में विश्व चैंपियन बनने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की कंपाउंड महिला टीम ने मैक्सिको के खिलाफ कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद एक अंक से जीत दर्ज की। भारत ने इस तरह से सत्र के आखिरी विश्वकप में अभी तक दो स्वर्ण और इतने ही कांस्य पदक जीत लिए हैं। ज्योति व्यक्तिगत वर्ग में भी पदक की दौड़ में शामिल है। भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम पहले दौर के बाद एक अंक से पीछे चल रही थी क्योंकि अमेरिकी टीम में 60 अंक का परफेक्ट स्कोर बनाया था। भारतीय टीम ने हालांकि निरंतरता बनाए रखी और अगले दौर में भी 59 का स्कोर बनाया। दूसरे दौर में अमेरिकी टीम ने दो अंक गंवाए जिससे स्कोर 118-118 से बराबर हो गया। तीसरे दौर में भी दोनों टीमें बराबरी पर रही लेकिन भारतीय टीम ने चौथे दौर में परफेक्ट 60 का स्कोर बनाया और अपने से अधिक रैंकिंग की अमेरिकी टीम को चार अंकों से हराया।

भारतीय पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को हराया था। दोनों टीम नियमित दौर और टाईब्रेकर के बाद भी बराबरी पर चल रही थी लेकिन भारतीय टीम को केंद्र के अधिक करीब निशाने लगाने के कारण विजयी घोषित किया गया। क्वालिफिकेशन में चोटी पर रहने के कारण शीर्ष वरीयता हासिल करने वाली भारतीय महिला टीम दूसरे दौर के बाद 118-117 से आगे चल रही थी। तीसरे दौर में उसने तीन अंक गंवाए जबकि मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा, एना हर्नांडेज जियोन और डेफने क्विंटरो ने 59 का स्कोर बनाकर 176-175 की बढ़त ले ली।

## NEWS इन ब्रीफ

### 2 दिसंबर से होगा पीकेएल सीजन 10 का आगाज

**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 दो दिसंबर से कैरावन फॉर्मेट में देश के 12 शहरों में खेली जाएगी। प्रो कबड्डी लीग के आयोजक 'मशाल स्पोर्ट्स' के अनुसार इस बार प्रो कबड्डी लीग 2023-24 की मेजबानी करने वाले शहरों की सूची अभी साफ नहीं की गई है। प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 की नीलामी 8 और 9 सितंबर को मुंबई में आयोजित होगी। लीग कमिश्नर, प्रो कबड्डी लीग अनुपम गोस्वामी ने कहा कि हमने देखा है कि पीकेएल पूरे भारत में काफी सफल रहा है और लोग इसे देखना और खेलना पसंद करते हैं। पिछले नौ सफल सीजन के बाद अब पीकेएल अपने ऐतिहासिक 10वें संस्करण में पहुंच गया है और हम खेल को विकसित करने के साथ ही एक ऐसा मंच तैयार करने को लेकर उत्साहित हैं, जिसने कबड्डी के भविष्य को आकार देने के लिए दुनिया भर से प्रतिभाओं को उभरते देखा है।

### गोल्फर निश्ना आर एंड ए एमेच्योर में राउंड ऑफ 16 में हार गईं

**वांटन।** भारत की निश्ना पटेल, जिन्होंने स्ट्रोक प्ले से मैच प्ले तक प्रगति की और अपना पहला मैच जीता, द आर एंड ए गर्ल्स एमेच्योर चैम्पियनशिप में राउंड ऑफ 16 में दुनिया की 10वीं रैंक की खिलाड़ी जर्मनी की हेलेन ब्रीम से हार गईं।

निश्ना, जिन्होंने 78-74 का राउंड लगाया, अपनी टीम की साथी मन्नत बरार (81-71) के साथ 33वें स्थान पर रहीं। शीर्ष 64 खिलाड़ी मैच प्ले सेगमेंट में चले गए, जहां निश्ना ने राउंड ऑफ 32 में अपना पहला मैच चार्लोट नॉटन के खिलाफ दूसरे अतिरिक्त होल पर जीता।

हालाँकि, इसके बाद निश्ना की भिड़ंत हेलेन ब्रीम से हुई, जो 2022 में विश्व एमेच्योर टीम चैंपियनशिप में विजेता टीम का हिस्सा थी। ब्रीम ने निश्ना को 5 और 4 से हराया। मन्नत राउंड ऑफ 32 में इटली की पेरिस अपेंडिनो से अपना मैच 3 और 2 से हार गई। स्ट्रोक प्ले सेगमेंट में स्वीडन की मेरजा ऑर्टेनग्रेन (69-67) शीर्ष पर रहीं और हेलेन ब्रीम 70-73 राउंड के साथ छठे स्थान पर रहीं। 94वीं लड़कियों की एमेच्योर चैंपियनशिप और 96वीं लड़कों की एमेच्योर चैंपियनशिप प्रसिद्ध यॉर्कशायर स्थल गैंटन में एक साथ खेली जा रही है और आज दोनों चैंपियनशिप में 64 राउंड की प्रतिस्पर्धा देखी गई।

### अमेरिका ने 2024 अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**ओंटारियो।** संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) ने अमेरिका क्वालीफायर में बारिश से प्रभावित विजेता-टेक-ऑल मैचअप में कनाडा पर प्रभावशाली जीत के साथ 2024 अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत के साथ, यूएसए ने अगले साल के अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में 16वां और अंतिम क्वालिफिकेशन स्थान पक्का कर लिया है। किंग सिटी, ओन्टारियो में मेपल लीफ क्रिकेट क्लब में, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा को पता था कि उनमें से किसी एक की जीत उन्हें जनवरी 2024 में श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट के लिए अपने टिकट बुक करने में मदद करेगी। कनाडा ने शुक्रवार के खेल से पहले स्टैंडिंग का नेतृत्व किया, एक अपराजित अभियान का आनंद लिया जिसमें सप्ताह के शुरू में उसी प्रतिद्वंद्वी पर करीबी लड़ाई में जीत शामिल थी।

# हर कोई इस बुमराह को देखने का इंतजार कर रहा था : बिश्नोई

**एजेंसी। डबलिन**




लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने शुक्रवार को आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टी20 मैच में शानदार वापसी करने वाले भारतीय स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा की। शुक्रवार को डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में बुमराह की अगुवाई में भारत ने बारिश से बाधित मैच में मेजबान टीम को डकवर्थ-लुईस पद्धति से दो रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज बुमराह ने पीठ की बीमारी से जूझने के बाद मलाहाइड में आयरलैंड के खिलाफ वापसी करते हुए पहले ही ओवर में दो विकेट लिए। बुमराह ने आखिरी बार भारत के लिए लगभग एक साल पहले घरेलू सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 सीरीज में खेला था। पीठ की बीमारी के कारण वह 2022 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से बाहर रहे थे, इसके बाद उनके पीठ की सर्जरी की गई थी। अपनी वापसी पर, बुमराह ने आयरलैंड के खिलाफ टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बुमराह ने शानदार पहला ओवर फेंकते हुए अपनी पहली गेंद पर चौका खाने के बाद दूसरी गेंद पर एंडी बालबर्नी को बोल्ड किया और इसके बाद उन्होंने इसी ओवर में उन्होंने लोर्कन टकर को आउट किया। बुमराह ने मैच में अपने चार ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिया। बिश्नोई ने कहा कि बुमराह ने अपनी वापसी में जो पहला ओवर फेंका वह देखकर खुशी हुई। लेग स्पिनर ने कहा कि पहली गेंद योजना के मुताबिक नहीं चली, लेकिन अगली पांच गेंदें देखने में मनोरंजक थीं और हर कोई लंबे समय से बुमराह के इस प्रदर्शन को देखने का इंतजार कर रहा था। बिश्नोई ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ₹वह जिस तरह के गेंदबाज हैं, पूरी दुनिया ने उनकी गेंदबाजी देखी है। लंबे समय के बाद वापसी पर यह उनका पहला मैच था। उनकी पहली गेंद तो नहीं चली लेकिन उसके बाद की पांच गेंदों को देखना मजेदार था। मैं इस बुमराह को देखने का इंतजार कर रहा था और उनको गेंदबाजी करते हुए देखना मजेदार था। 1-0 की बढ़त के साथ, भारत आज को डबलिन के द विलेज में तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में आयरलैंड से भिड़ेगा।

# जलवायु परिवर्तन के कारण ट्रैक व फील्ड का भविष्य अनिश्चित : सेबेस्टियन कोए

**एजेंसी। नई दिल्ली**



इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन (आईएएएफ) के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण एथलेटिक्स का भविष्य अनिश्चित है। आईएएएफ द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कोए ने विश्व चैंपियनशिप की पूर्व संध्या पर कहा, विश्व एथलेटिक्स द्वारा सर्वेक्षण में शामिल लगभग 80% एथलीटों ने कहा कि वे जलवायु संकट के बारे में गंभीर रूप से चिंतित हैं और लगभग 75% ने कहा कि उनकी प्रतियोगिता या प्रशिक्षण पहले ही प्रभावित हो चुकी है।ह्व गर्मियों में जब जंगल की आग भड़क रही थी, पूरे दक्षिणी यूरोप में और एशिया में रिकॉर्ड उच्च तापमान लगातार बाढ़ देखी गई थी, विश्व एथलेटिक्स अध्यक्ष ने कहा कि खेल संघ जलवायु संकट को टालने के लिए सरकारों पर भरोसा नहीं कर सकते। कोए ने कहा, ₹खेल जैसे घटक समूहों को इसे स्वयं ही समझना होगा, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि वास्तविकता में बड़े पैमाने पर होने वाले बदलाव को अगले कुछ साल दूर से समझने के लिए हम सरकारों पर भरोसा कर सकते हैं। हाल के वर्षों में कई शीर्ष-स्तरीय कार्यक्रम तेज गर्मी से प्रभावित हुए हैं। दोहा में 2019 विश्व चैंपियनशिप की पुनरावृत्ति से बचने के लिए टोक्यो ओलंपिक मैराथन और रेस-वॉकिंग स्पधाओं को 500 मील उत्तर में साप्पोरो में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां कई एथलीटों ने गर्मी के कारण दूरी की स्पधाओं से नाम वापस ले लिया। बढ़ते तापमान ने 2021 में यूजीन, ओरेगॉन में ओलंपिक ट्रायल में 10,000 मीटर को पुनर्निर्धारित करने के लिए मजबूर किया। कोए ने कहा कि साल के ऐसे समय में जब तापमान अधिक अनुकूल होता है, विशेष रूप से दूर की रेस स्पर्धाओं के लिए प्रतियोगिताओं का समय निर्धारण करना एक विचार है। सितंबर के मध्य में टोक्यो में 2025 विश्व आयोजित करने का मतलब है कि उच्च तापमान उतना बड़ा खतरा नहीं है। कोए ने कहा, हम जहां भी देखें, हमारे सामने चुनौती है। मेरे लिए एथलीटों का कल्याण हमेशा प्राथमिक होना चाहिए। यह पता लगाना हम सभी की बुद्धि से परे नहीं है। लेकिन यह एक चुनौती है जो दूर नहीं होने वाली है।₹ कोए, जो गुरुवार को तीसरे कार्यकाल के लिए अध्यक्ष चुने गए, ने कहा कि अगले चार वर्षों में बहुत कुछ हासिल करना है - सबसे विशेष रूप से, खेल को प्रमुखता में वापस लाने के लिए ट्रैक शेड्यूल का विस्तार और आधुनिकीकरण करना पहला लक्ष्य है। कोए ने कहा, जब हम अपने खेल को युवा लोगों के जीवन में प्रासंगिक बनाने की बात करते हैं, तो हमारा मतलब वास्तव में इसे उनकी जीवनशैली के लिए प्रासंगिक बनाना है। ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिन पर हमें ध्यान देने की जरूरत है और मेरा ध्यान पूरी तरह से उसी पर केंद्रित है।

बता दें कि विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 19-27 अगस्त के बीच हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में किया जा रहा है, जिसमें लगभग 2000 एथलीट प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

# विश्व कप क्वालीफायर के लिए नेमार की ब्राजील टीम में वापसी

**एजेंसी। रियो डी जेनेरो**



ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ ने कहा कि नेमार को बोलीविया और पेरू के खिलाफ टीम के शुरूआती 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की राष्ट्रीय टीम में वापस बुलाया गया है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब के अल हिलाल में शामिल होने के लिए इस सप्ताह पेरिस सेंट-जर्मेन छोड़ने वाले 31 वर्षीय खिलाड़ी ने टखने की चोट के कारण कतर में पिछले साल विश्व कप के बाद से अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। ब्राजील के मैनेजर फर्नांडो डिनिज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ₹वह (नेमार) अपने करियर का सबसे खूबसूरत अध्याय लिखने का मौका पाने के हकदार हैं, जो मुझे लगता है कि अभी तक नहीं लिखा गया है। जैसा कि अपेक्षित था, नेमार के साथ रियल मैड्रिड की जोड़ी रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर के साथ-साथ टोटेनहम के रिचर्लिसन, मैनचेस्टर यूनाइटेड के एंटनी और आर्सेनल के गेब्रियल मार्टिनेली भी शामिल होंगे। ब्राजील 8 सितंबर को बेलेम में बोलीविया से और चार दिन बाद लीमा में पेरू से भिड़ेगा। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में 2026 विश्व कप विस्तारित 48-टीम प्रारूप की सुविधा वाला पहला विश्व कप होगा।

# मैं अभी भी प्रतिस्पर्धा करने और उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित हूं : आदिल राशिद

**एजेंसी। लंदन**




इंग्लैंड के अनुभवी सफेद गेंद वाले लेग स्पिनर आदिल राशिद ने कहा है कि उनके अंदर अभी भी प्रतिस्पर्धा करने और उच्चतम स्तर पर खेल खेलने के लिए उत्साही होने की प्रेरणा है। 35 वर्षीय राशिद इंग्लैंड टीम के महत्वपूर्ण सदस्यों में से एक हैं जिन्होंने टीम के सफेद गेंद क्रिकेट खेलने के तरीके को बदल दिया है। 2015 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में अपमानजनक रूप से ग्रुप-स्टेज से बाहर होने के बाद, इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में एक रोमांचक फाइनल में 2019 संस्करण जीता और 2022 पुरुष टी 20 विश्व कप भी जीता। 2016 पुरुष टी20 विश्व कप में उपविजेता रहा और 2022 पुरुष टी20 विश्व कप जीता और 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम में नामित राशिद पीठ की चोट से परेशान थे और हाल ही में हंड्रेड फॉर नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के माध्यम से एक्शन में वापस आए। मैं अभी भी अच्छा महसूस करता हूं, मैं अभी भी तरोताजा महसूस करता हूं, मैं अभी भी उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और खेलने के लिए प्रेरित हूं। मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचता - मैं एक समय में एक खेल, एक समय में एक वर्ष लेना पसंद करता हूं, ताकि चीजों को सामने आने दूं और देख सकूं कि यह मुझे कहां ले जाती है। अगर मैं अभी भी फिट हूं और अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं तो उम्मीद है कि मैं लंबे समय तक खेल जारी रख सकूंगा।"

## सब जूनियर पुरुष हॉकी शिविर के लिए 40 सदस्यीय कोर ग्रुप घोषित

# सरदार सिंह की देखरेख में शिविर आयोजित






**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के युवा खिलाड़ियों को निखारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हॉकी इंडिया ने सब जूनियर पुरुष हॉकी शिविर के लिए शनिवार को 40 सदस्यीय कोर ग्रुप की घोषणा की। यह शिविर 21 अगस्त से राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में पूर्व भारतीय कप्तान सरदार सिंह की देखरेख में आयोजित किया जाएगा। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार खिलाड़ियों का चयन हाल में समाप्त हुई सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इस शिविर के बाद भारतीय जूनियर टीम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए यूरोप का दौरा करेगी। शिविर के लिए जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है उनमें गोलकीपर राहुल भारद्वाज, आतिफ खान और अभिमन्यु गौड़ा तथा रक्षा पंक्ति में सुखमनप्रीत सिंह, मिथलेश सिंह, नितिन, सोहिल अली, समी रिजवान, प्रदीप मंडल, रोहित कुल्लू, विशाल पांडे, आशु मौर्य और उज्जवल पाल शामिल हैं। मध्यपंक्ति में नीरज, रोहित टिर्की, घूरन लोहरा, रोहित प्रधान, सुरेश शर्मा, प्रभजोत सिंह, मनमीत सिंह राय, अरुण जे, राहुल राजभर, राहुल यादव, अफरीदी और बिजय साव शामिल हैं। अग्रिम पंक्ति के लिए गुरप्रीत सिंह, सृजन यादव, हैप्पी, सुनील, रितेंद्र प्रताप सिंह, आशिर आदिल खान, देवनाथ नानवार, दीपक प्रधान, योजिन मिंज, हर्षदीप सिंह, केतन कुशवाह, रोहित इरेंगबाम सिंह, अजीत यादव, सुंदरजीत एम, और मोहम्मद जैद का कोर ग्रुप में चयन किया गया है।



## NEWS इन ब्रीफ

### देश में कितने लोग इंटरनेट चलाते हैं पीएम ने बताया

**नई दिल्ली।** क्या आप जानते हैं कि देश में कितने लोग इंटरनेट चलाते हैं। प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि देश में 85 करोड़ लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। बेंगलुरु में जी-20 देशों के डिजिटल इकॉनमी मिनस्टर्स की मीटिंग को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत उन देशों में है जहां डेटा की कॉस्ट बहुत कम है। उन्होंने कहा कि हमने गवर्नेंस को ट्रांसफोर्म करने के लिए टेक्नोलॉजी का सहारा लिया है और इसे ज्यादा एफिशियंट, समावेशी, तेज और पारदर्शी बनाया है।

### कैरेटलेन ट्रेडिंग में 4,600 करोड़ रुपये में 27% हिस्सेदारी खरीदेगी टाइटन

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप के ज्वेलरी ब्रांड टाइटन की ओर से अपनी सब्सिडरी ज्वेलरी कंपनी कैरेटलेन ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड में 4,621 करोड़ रुपये में 27.18 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदने का फैसला है। इसके बाद कैरेटलेन में टाइटन की हिस्सेदारी बढ़कर 98.28 प्रतिशत हो जाएगी। बता दें, टाटा ग्रुप की कंपनी की ओर से सचेती और उनके परिवार के सदस्यों के पास मौजूद सभी शेयरों को खरीदने के लिए समझौता किया गया है। इससे टाइटन अपनी ऑनलाइन कारोबार को बढ़ाना चाहती है। कंपनी की ओर से बीएसई फाइलिंग में ये जानकारी दी गई है। टाइटन ने 4,621 करोड़ रुपये में 27.18 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदने का फैसला किया है। इसके बाद टाइटन की कैरेटलेन में हिस्सेदारी बढ़कर 98.28 प्रतिशत है। कैरेटलेन पूरी तरह से एक ऑनलाइन ज्वेलरी ब्रांड है। जो कि ऑनलाइन ही कारोबार करता है। कंपनी किफायती ज्वेलरी पर फोकस है। टाइटन की ओर से कैरेटलेन में 2016 में निवेश करना शुरू किया गया था। पिछले आठ वर्षों की साझेदारी में टाइटन के ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क कैरेटलेन में काफी ग्रोथ दर्ज की गई है।

### एलन मस्क, जेफ बेजोस, मुकेश अंबानी... सब पर भारी गौतम अडाणी

# एक झटके में कमाए 24281 करोड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी के लिए लंबे समय बाद गुड न्यूज आई है। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन ग्रुप की सभी दस लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। इसकी बदौलत अडाणी ने दोनों हाथों से कमाई की। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ में 2.92 अरब डॉलर यानी करीब 24281 करोड़ रुपये का उछाल आया। अडाणी दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अरबपति रहे। इसके साथ ही वह अमीरों की लिस्ट में दो स्थान की छलांग लगाते हुए एक बार फिर टॉप 20 में पहुंच गए हैं। शुक्रवार को दुनिया के टॉप 10 रईसों में से नौ की नेटवर्थ में गिरावट आई। अडाणी ग्रुप के शेयरों की वजह एक रिपोर्ट रही। इसमें दावा किया गया था कि आबू धाबी की नेशनल एनर्जी कंपनी



पीजेएससी अडाणी ग्रुप में 2.5 अरब डॉलर का निवेश करने जा रही है। बस फिर क्या था, मार्केट खुलते ही अडाणी ग्रुप के शेयर रॉकेट बन गए। कई कंपनियों के शेयरों में कारोबार के दौरान 12 फीसदी तक तेजी आई। हालांकि बाद में अडाणी ग्रुप ने सफाई दी कि उसकी टाका के साथ ऐसी कोई बातचीत नहीं चल रही है। लेकिन तब तक काम हो चुका था। इसके साथ ही अडाणी ग्रुप का मार्केट कैप

**अडाणी 63.8 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें नंबर पर आ गए हैं**

11 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। फरवरी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है। अडाणी 63.8 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें नंबर पर आ गए हैं। एशिया में अब वह रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के बाद दूसरे नंबर पर हैं। चीन के झोंग शैनशैन इस लिस्ट में अब तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। शुक्रवार को उनकी नेटवर्थ में 1.05 अरब डॉलर की गिरावट आई। अडाणी एक समय दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर पहुंच गए थे। लेकिन 24 जनवरी को अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के कारण उनकी नेटवर्थ में काफी गिरावट आई। इस साल उन्होंने 56.7 अरब डॉलर गंवाए हैं। इस बीच दुनिया के टॉप 10 रईसों में से नौ की नेटवर्थ में शुक्रवार को गिरावट रही। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में 2.67 अरब डॉलर की गिरावट आई और अब यह 205 अरब डॉलर रह गई है। इसी तरह बर्नार्ड आरनॉल्ट ने 1.56 अरब डॉलर, जेफ बेजोस ने 87.8 करोड़ डॉलर, बिल गेट्स ने 92.7 करोड़ डॉलर, वॉरेन बफे ने 28.2 करोड़ डॉलर, लैरी पेज ने दो अरब डॉलर, स्टीव बालमर ने 15.3 करोड़ डॉलर, सर्गेई ब्रिन ने 1.91 अरब डॉलर और मार्क जकरबर्ग ने 67 करोड़ डॉलर गंवाए। केवल लैरी एलिसन की नेटवर्थ में 1.09 अरब डॉलर की तेजी आई।

# अमेजन पे का नया कैम्पेन 'बिल भुगतान का स्मार्टर वे' का किया गया लांच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अमेजन ने अपने ब्रांड अमेजन पे के लिए नया कैम्पेन - 'बिल पेमेंट्स का स्मार्टर वे' लॉन्च किया है। इस कैम्पेन में बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना दिखाई देंगे। कंपनी के इस नए कैम्पेन में दिखाया जाएगा कि ग्राहक कैसे अपने सभी बिलों को स्मार्ट और आधुनिक तरीके से एक ही स्थान पर मैनेज कर सकते हैं। इसी के साथ ही यहां ग्राहकों को अपने बिलों के लिए रिमाइंडर की सुविधा भी मिलती है, जो उन्हें बिल पेमेंट में देरी के चलते फाइन और पैनल्टी से भी बचाने में भी मदद करता है। यहां ग्राहकों को अमेजन पे बैलेंस और अमेजन पे लेटर के साथ सुविधाजनक और सुपर-फास्ट 1-क्लिक बिल पेमेंट का अनुभव प्राप्त होता हैं। यहां वे मात्र 5 सेकंड से भी कम समय में अपने बिल का भुगतान कर सकते हैं। इसके साथ ही यहां ग्राहकों के पास यूपीआई और क्रेडिट कार्ड जैसे पसंदीदा भुगतान विकल्पों की मदद से रिचार्ज और बिलों का पेमेंट करने का विकल्प भी मौजूद है। इस कैम्पेन के साथ, अमेजन पे की कोशिश है कि ग्राहकों को ऑफर / रिवॉर्ड के दिन-प्रतिदिन के लेनदेन की जानकारी मिले, साथ ही साथ वे बिल भुगतान और रिचार्ज करने का तेज और निर्बाध अनुभव भी प्राप्त कर सकें। इस टीवीसी में बेहद रोचक तरीके से यह दिखाया जाएगा कि हम किस प्रकार हर रोज बिलों का भुगतान और रिचार्ज करते हैं। इस कैम्पेन में आयुष्मान, अमेजन पे के जरिए बिलों और रिचार्ज को मैनेज करने का एक शानदार तरीका पेश करते दिखेंगे। यहां वे दर्शकों को खेल खेल में यह नया तरीका सिखलाते दिखेंगे। इस वीडियो में दिखाया जाएगा कि किस तरह वे घर के रोजमर्रा के काम निपटाने के साथ ही अमेजन पे की स्मार्ट और झंझट रहित सर्विस के साथ बिल पेमेंट और डीटीएच / मोबाइल रिचार्ज जैसे काम पूरे करते हैं। इस कहानी में दिखाया गया है कि किस प्रकार एक जोड़ा बिना कुछ कहे भी कैसे मजेदार ढंग से अपनी बातों का इजहार करता है। यह वीडियो एक दूसरे को समझने और असली खुशी प्राप्त करने की भावना को खूबसूरती से प्रदर्शित करता है। जैसे-जैसे यह कहानी आगे बढ़ती है, दर्शकों को एक हल्के-फुल्के और भरोसेमंद संबंध का अनुभव प्राप्त होता है। यह कहानी वाकई में हमारी असल जिंदगी में रिश्तों की बारीकियों से काफी मेल खाती है। यह कैम्पेन एक प्रयास है जिसका उद्देश्य बिलों का भुगतान करने वाले ग्राहकों को अमेजन पे अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह उन्हें एक एडवांस और बेहद शानदार बिल भुगतान का अनुभव प्रदान कर रहा है।

# बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने 27 के खिलाफ आरोप पत्र किया दायर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि एक बैंक धोखाधड़ी मामले में गणिन्दु मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (जीएमएमपीएल) और सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ कंपनीज की अन्य संबंधित संस्थाओं सहित 27 आरोपियों के खिलाफ गोवा के मापुसा में एक विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया है। ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि अदालत ने भी मामले का संज्ञान लिया है। ईडी ने जीएमएमपीएल और अन्य से जुड़े बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा शुरू की गई जांच के आधार पर पीएमएलए के तहत एक जांच शुरू की। ईडी की जांच से पता चला कि जीएमएमपीएल ने टेट्रा पैक मिल्क प्रोडक्शन यूनिट, विशेष रूप से अल्ट्रा-हीट ट्रीटमेंट प्लांट (यूएचटी) स्थापित करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक से 15 मार्च, 2011 को 34.20 करोड़ रुपये का टर्म लोन प्राप्त किया। जीएमएमपीएल ने बेईमान इरादों के साथ, यूएचटी मशीनरी की खरीद की आड़ में अवैध रूप से 20 करोड़ रुपये के टर्म लोन को अन्य संबंधित कंपनियों के बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया। इसी तरह,




जीएमएमपीएल ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ निबे लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी) खोला था और मक्खन की आपूर्ति के लिए कुल 19,01,98,670 रुपये की छूट दी गई थी। अधिकारी ने कहा, हालांकि, उक्त एलसी राशि का उपयोग मक्खन खरीद के इच्छित उद्देश्य के लिए नहीं किया गया था, बल्कि इसे अन्य संबंधित कंपनियों के बैंक खातों में भेज दिया गया था। अधिकारी ने आगे कहा कि 39,01,98,670 रुपये की 11 अचल संपत्तियों और एक चल संपत्ति (एफडी) की कुर्की के लिए अनंतिम कुर्की आदेश जारी किया गया था, जिसकी बाद में संबंधित अधिकारियों द्वारा पुष्टि की गई थी।

### निवेश पर कैसे हासिल करें अधिक रिटर्न

**नई दिल्ली।** निवेश एक काफी पेचीदा कार्य है। किसी भी व्यक्ति को अपना पोर्टफोलियो बनाते समय संतुलन रखना आवश्यक होता है, जिससे कि बाजार के उतार-चढ़ाव का फायदा लिया जा सके और रिटर्न को अधिक किया जा सके। आज हम अपने अर्टिकल में बताएंगे कि किन निवेश माध्यम से आप अपने पोर्टपोलियो को डाइवर्सिफाई कर सकते हैं। डेट या फिक्स्ड रिटर्न वाले निवेश को निवेशकों को अपने पोर्टपोलियो में प्राथमिकता देना चाहिए। उदाहरण के लिए पिछले एक साल में ब्याज दर बढ़ने के कारण एफडी में निवेशकों को अच्छा रिटर्न मिला है। एक टर्म प्लान को निवेशक को अपने पोर्टफोलियो में जरूर जगह देनी चाहिए। इससे निवेशक कोई अनहोनी होने पर परिवार को वित्तीय रूप से सुरक्षित कर सकता है। आमतौर पर एक करोड़ से अधिक का टर्म प्लान सही रहता है। टर्म प्लान को आपको नौकरी लगने के तुरंत बाद ही ले लेना चाहिए।

# कभी दफ्तर में चाय-पानी पिलाने वाले आज दो कंपनियों के हैं मालिक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हुनर सबके अंदर होता है। जज्बा और जूनून की बातें भी सभी करते हैं, लेकिन उसी जूनून के साथ कुछ कर गुजरने का हौंसला सब नहीं रख पाते हैं। परिस्थितियां चाहे कैसी भी हो, लेकिन अगर आपके हौंसले बुलंद हो तो मुश्किल कुछ भी नहीं। जो कुछ कर गुजरने का जज्बा रखते हैं, उसके लिए हालात मायने नहीं रखता है। कभी इंफोसिस के दफ्तर में ऑफिस ब्वॉय का काम करने वाले दादा साहेब भगत की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। ऑफिस ब्वॉय की नौकरी करते हुए उन्होंने कभी हार नहीं मानी और अपने सपनों की ओर आगे बढ़ते रहे। आज वह दो कंपनियों के मालिक है। खुद प्रधानमंत्री भी दादासाहेब के इस हौंसले की तारीफ कर चुके हैं। दादासाहेब भगत का जन्म 1994




में महाराष्ट्र के बीड में हुआ था। दादासाहेब ने हाई स्कूल की पढ़ाई करने के बाद पुणे से आईटीआई का कोर्स पूरा किया। उन्हें उस वक्त नौकरी की बहुत जरूरत थी, इसलिए उन्होंने इंफोसिस के गेस्ट हाउस में रूम सर्विस ब्वॉय के तौर पर नौकरी कर ली। इंफोसिस के गेस्ट हाउस में उनका काम लोगों को रूम सर्विस, चाय-पानी देना था। इस काम के लिए सैलरी के तौर पर उन्हें 9,000 रुपये हर महीने मिलते थे। वह जानते थे कि यह नौकरी उनके लिए नहीं है। इंफोसिस में काम के दौरान उन्हें सॉफिटवेयर के महत्व का पता चला। उन्होंने तय किया कि वो भी इसे सीखेंगे।

## विदेश

# भारत एक महाशक्ति है, हमारी दोस्ती दुनिया में बेमिसाल : व्लादिमीर पुतीन

**एजेंसी। मास्को**

यूक्रेन युद्ध के बीच पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों की मार से कराह रहे रूस ने भारत के साथ दोस्ती की जमकर तारीफ की है। रूस के उप राजदूत रोमन बाबुश्किन ने कहा कि भारत और रूस के बीच सहयोग हमेशा बराबर का रहा है। भारत और रूस दोनों ही देश आज एक बहुध्रुवीय विश्व प्रणाली बनाना चाहते हैं जहां सभी के साथ बराबरी का और न्यायपूर्ण व्यवहार हो। दोनों देश ब्रिक्स, संयुक्त राष्ट्र, एससीओ में एक दूसरे से समन्वय बनाए रखते हैं। एक दूसरे की चिंताओं और हितों को आवश्यक ध्यान देते हैं। हमारे संबंध दूसरे देशों के लिए उदाहरण जैसे बन सकते हैं। रूस की विदेश नीति में भारत प्राथमिक देशों में सबसे ऊंचा है। हमारी दोस्ती दुनिया में एक



उदाहरण है। एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में रोमन बाबुश्किन ने जी-20 सम्मेलन पर कहा कि हमारा ध्यान ग्लोबल साउथ पर है। भारत की इस दिशा में बहुत ज्यादा भूमिका रहेगी। भारत में जी-20 सम्मेलन में पश्चिमी देश यूक्रेन संकट को शामिल करना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिमी देश यूक्रेन संकट का इस्तेमाल रूस को कमजोर करने के लिए करना चाहते हैं जो कभी नहीं होगा। रूस को कमजोर करने की कोशिश है। ब्रिक्स की बैठक होने जा रही है जिसमें 60 से ज्यादा देश हिस्सा लेने जा रहे हैं। इससे यह साबित होता है कि रूस कभी अकेला नहीं होगा। रूसी अधिकारी ने कहा कि रूस के लिए भारत और चीन सबसे बड़े सहयोगी हैं। हमारी इच्छा है कि दोनों के बीच स्थायी सहयोग वापस आए। यूरेशिया में स्थिरता इस पर निर्भर है। हम इस पर जोर देते हैं कि भारत और चीन के बीच जो सीमा विवाद है, वह द्विपक्षीय मामला है। किसी दूसरे देश की तुलना में रूस इसका राजनीतिक लाभ नहीं उठाना चाहता है। हमें उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच आपसी भरोसा बढ़ेगा। भारत अमेरिका के बीच बढ़ते रिश्ते पर रोमन बाबुश्किन ने कहा कि भारत एक जिम्मेदार महाशक्ति है और उसकी भारत की विदेश नीति बहुमुखी है। भारत और अमेरिका कई मोर्चों पर मिलकर काम करते हैं लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत की विदेश नीति स्वतंत्र है। वह किसी के दबाव में नहीं आता है।

### लड़ाकू विमानों को हथियारबंद ड्रोन से जोड़कर युद्धाभ्यास कर रहा चीन

**बीजिंग।** चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) वायु सेना ने एक सशस्त्र टोही ड्रोन और दो लड़ाकू को एक साथ इंट्रीग्रेड कर साझा सैन्य अभ्यास किया है। इस दौरान लड़ाकू विमान से हथियारबंद ड्रोन को ऑपरेट करने और हमला करने का अभ्यास किया गया। बताया जा रहा है कि चीनी वायु सेना लड़ाकू विमान और ड्रोन को एक साथ मिलाकर अपनी हवाई ताकत को और ज्यादा बढ़ाना चाहती है। चीन का यह युद्धाभ्यास तब आयोजित हुआ है, जब प्रशांत महासागर में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाएं संयुक्त रूप से मालाबार युद्धाभ्यास में शामिल हैं। मालाबार युद्धाभ्यास से चीन इतना डरा हुआ है कि उसने सैकड़ों सैटेलाइट को युद्धाभ्यास वाले इलाके की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए तैनात कर दिया है। चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक अज्ञात स्थान पर अघोषित प्रशिक्षण में एक जीजे-2 सशस्त्र ड्रोन और दो जे-16 लड़ाकू विमान शामिल थे। यह पहली बार हुआ है।

### भारत और पाकिस्तान में शांति कराएगा मनमोहन-मुशर्रफ फार्मूला

# दोनों देशों को बातचीत शुरू करनी चाहिए

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में शहबाज शरीफ के इस्तीफा देने के बाद अब केयरटेकर सरकार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख के इशारे पर अनवारुल हक काकड़ को इस केयरटेकर सरकार का मुखिया चुना गया है। पाकिस्तानी सेना की इस कठपुतली केयरटेकर सरकार ने अब भारत से बातचीत के लिए गिड़गिड़ाना शुरू कर दिया है। यही नहीं पाकिस्तान के केयरटेकर विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी ने मनमोहन सिंह और जनरल परवेज मुशर्रफ के शांति योजना को फिर से आगे बढ़ाने पर जोर दे दिया। उन्होंने कहा कि इससे दोनों ही परमाणु हथियार संपन्न देशों के बीच शांति आएगी। पाकिस्तानी की रिपोर्ट के मुताबिक जिलानी ने एक दशक पुराने शांति प्लान को फिर से बहाल करने पर जोर दिया। पाकिस्तानी मंत्री का इशारा जनरल मुशर्रफ और



मनमोहन सिंह के बीच बने शांति प्लान की ओर था। जिलानी साल 2003 में भारत में उप उच्चायुक्त रह चुके हैं। उन्हें बाद में भारत की ओर से अवांछित घोषित कर दिया गया था। जिलानी को कश्मीर के अलगाववादी गुटों को पैसा मुहैया कराने का दोषी पाया गया था। इसके बाद जिलानी को नई दिल्ली से जाना पड़ा था। जिलानी भले ही केयर टेकर विदेश मंत्री हैं और उनके पास पाकिस्तान की विदेश नीति को बदलने के लिए पर्याप्त समय और जनादेश नहीं है, लेकिन यह भविष्य की सरकार के लिए जमीन तैयार कर सकता है। खासतौर पर किस तरह से भारत के साथ रिश्ते को लेकर किस दिशा में बढ़ा जाए। जिलानी के करीबी सूत्रों ने कहा कि वह भारत के साथ रिश्ते सुधारने के पक्ष में है। सूत्रों ने कहा कि जिलानी का मानना है कि पाकिस्तान को मुशर्रफ और मनमोहन के शांति प्रक्रिया के आधार पर फिर से बातचीत शुरू करने के विकल्प पर विचार करना चाहिए। पाकिस्तानी विदेश मंत्री का मानना है कि दोनों देशों के बीच साल 2004 और साल 2007 के बीच हुई बातचीत को फिर से शुरू किया जा सकता है। इस शांति प्रक्रिया को कश्मीर समेत तेजी से बढ़ते विवादों के समाधान के लिए सबसे सतत प्रयास माना जाता है।

### बौखलाहट | अमेरिका और जापान आए साथ तो चीन हुआ आगबबूला

# चीन की सेना ताइवान के पास बरसा रही बारूद

**एजेंसी। ताइपे**

अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन से चीन बुरी तरह से बौखला गया है। चीन की सेना ने ताइवान के चारों ओर हवा और समुद्र में गश्त तथा सैन्य अभ्यास शुरू किया है। चीन की सेना के पूर्वी थिएटर कमांड के प्रवक्ता ने कहा कि इस गश्त और अभ्यास का उद्देश्य युद्ध पोतों एवं फाइटर जेट के बीच समन्वय का प्रशिक्षण देना है। साथ ही हवाई और समुद्री इलाके पर कब्जा करना की क्षमता को बढ़ाना है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं का कैंप डेविड में जोरदार स्वागत किया था। इससे चीन बुरी तरह से चिढ़ा हुआ है। चीनी प्रवक्ता शी ने कहा कि अभ्यास से चीनी सेना की 'वास्तविक युद्ध



स्थितियों में लड़ने की क्षमता' का परीक्षण होगा। शी ने कहा, 'गश्त और अभ्यास ताइवान स्वतंत्रता अलगाववादियों के विदेशी तत्वों के साथ मिलकर काम करने के खिलाफ एक कड़ी चेतावनी देते हैं।' दरअसल, चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी स्व-शासित, लोकतांत्रिक द्वीप ताइवान को अपना क्षेत्र मानती है, हालांकि ड्रैगन ने इसे कभी भी नियंत्रित नहीं किया है। चीन ने यदि आवश्यक हुआ तो ताकत के बल पर ताइवान पर कब्जा करने की कसम खाई है। चीन ने यह गश्त और अभ्यास ऐसे समय पर शुरू किया है जब एक सप्ताह पहले चीन के विदेश मंत्री ने ताइवान के उप-राष्ट्रपति और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विलियम लाई को अमेरिका से होकर गुजरने पर कड़ी आपत्ति जताई थी। ताइवानी नेता पराग्वे के लिए जा रहे थे जो ताइवान का दक्षिण अमेरिका में एकमात्र राजनयिक सहयोगी देश है। चीन ताइवान के नेताओं की अमेरिका की यात्राओं को अपने क्षेत्रीय दावों को कमजोर करने की चाल के रूप में देखता है। चीन के सैन्य अभ्यास भी उस समय हो रहे हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं की मेजबानी कर रहे हैं, जो एक ऐतिहासिक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन है। बैठक करते हुए, तीनों नेताओं ने सैन्य और आर्थिक सहयोग को गहरा करने और चीन के खतरनाक और आक्रामक व्यवहार की निंदा करने पर सहमति व्यक्त की। शनिवार को ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने चीन की निंदा की, जिसमें कहा गया था कि यह 'अतार्किक और उकसाने वाला व्यवहार' है। ताइवानी मंत्रालय ने कहा कि वह ताइवान के लोकतंत्र और संप्रभुता की रक्षा के लिए सैनिकों को भेजेगा। इस तरह के सैन्य अभ्यास चीन के सैन्यवादी मानसिकता को उजागर करता है।

## पेज एक के शेष

### पैसे को लेकर विवाद...

उनके साथ शामिल था। 12 अगस्त को दोनों शूटर राजेंद्र साहू के बालूमाथ स्थित निजी कार्यालय के पास जाकर रेकी कर रहे थे। राजेंद्र साहू की नजर इन पर पड़ी तो दोनों शूटर बाइक से भागने लगे। राजेंद्र साहू ने अपने स्कूटी पर बैठकर दोनों का पीछा करते हुए चले गए थे। इसी दौरान मौका देखकर शूटरों ने राजेंद्र साहू को चार गोली मार दी थी। एसपी ने बताया कि इस काम के लिए शूटर को आक्रमण के द्वारा 50 हजार भी दिए गए थे। उन्होंने कहा कि छानबीन में पुलिस को कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्राप्त हुई है। इसके आधार पर पुलिस आगे की छानबीन कर रही है। एसपी ने बताया कि हत्या कांड के उद्भेदन में बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार ,थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, थाना प्रभारी शुभम कुमार, मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ,बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, सब इंस्पेक्टर नीतीश कुमार, कुबेर कुमार ,धीरज कुमार ,कैलाश बाड़ा, धर्मेंद्र कुमार महतो, राजकुमार तिग्गा समेत अन्य पुलिस अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### डुमरी उपचुनाव ...

और विधानसभा चुनाव से पहले इसे हेमंत सोरेन सरकार के लिए टेस्ट माना जा रहा है। एक तरफ जहां झामुमो की बेबी देवी को पहले ही मंत्री बनाकर बढ़त लेने की कोशिश की गई है। खास बात ये भी है कि इस क्षेत्र से तीन बार के विधायक रहे लाल चंद महतो इस बार चुनाव नहीं लगेंगे। 1977 के बाद ये पहला मौका है जब वे चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। हालांकि उन्होंने अभी किसी को समर्थन का भी ऐलान नहीं किया है।

### रांची डबल मर्डर ...

गए हथियार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। हत्याकांड को अंजाम देने में जी बाइक का प्रयोग किया गया था वह भी पुलिस ने बरामद किया है।

**दुकान बंद कर घर लौटते समय हुई वारदात :** चतरा के रहने वाले मुकेश साव अपने स्टाफ रोहन साव के साथ बीते शुक्रवार की रात लगभग 10:30 पर बरियातू थाना क्षेत्र के साइंस सिटी स्थित घर लौट रहे थे। इसी दौरान बुलेट बाइक पर सवार दो अपराधियों ने मुकेश और रोहन दोनों को निशाना बनाते हुए गोली मार दी। मुकेश और रोहन दोनों के सिर में गोली मारी गई ,मुकेश की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलते हैं परंतु पुलिस मौके पर पहुंची और घायल रोहन को अस्पताल ले गई लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई थी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### उद्योगपति रतन टाटा उद्योग रत्न पुरस्कार से सम्मानित



**मुंबई।** उद्योगपति रतन टाटा को महाराष्ट्र सरकार की ओर से शनिवार को उद्योग रत्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रतन टाटा की तबीयत ठीक न होने की वजह से सूबे के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने रतन टाटा के आवास पर जाकर यह पुरस्कार उन्हें प्रदान किया। महाराष्ट्र में सर्वोच्च महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार साहित्य, कला, खेल और विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। इसी तर्ज पर इस वर्ष से उद्योग क्षेत्र में महती योगदान के लिए उद्योग रत्न पुरस्कार दिए जाने का फैसला राज्य सरकार ने लिया है और पहला पुरस्कार उद्योगपति रतन टाटा को दिया गया है।

### अमित शाह आज मध्यप्रदेश में

**भोपाल/ग्वालियर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज अपने एक दिवसीय मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान राज्य सरकार का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करने के साथ भारतीय जनता पार्टी की ग्वालियर में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति बैठक में शामिल होंगे। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार शाह पहले राजधानी भोपाल आएंगे। यहां वे सरकार के कामकाज का लेखाजोखा प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद वे ग्वालियर पहुंच कर पार्टी की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### जम्मू-कश्मीर एसआईयू ने अवंतीपोरा में की छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने आतंकवादी तत्वों पर अपनी कार्रवाई जारी रखते हुए अवंतीपोरा में छापेमारी की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि अवंतीपोरा के वोपलवान निवासी आरोपी शेख सयुरल निसार के निजी आवास पर छापेमारी की गई और उचित एसओपी का पालन किया गया। पुलिस ने कहा, तलाशी के दौरान, प्रासंगिक जानकारी एकत्र की गई। इसके अलावा बैंक पासबुक, जिहाद से जुड़ी इस्लामी किताबें और अन्य आपत्तिजनक सामग्री एसआईयू अवंतीपोरा ने बरामद की।

## जी20 डिजिटल अर्थव्यवस्था कार्यकारी मंत्री समूह की बैठक, बोले पीएम

# भारत अपने अनुभव साझा करने को तैयार

**एजेंसी। बेंगलुरु**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत समाधानों के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है, साथ ही उन्होंने कहा कि जो उपाय देश में सफल साबित होते हैं उन्हें कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है। बेंगलुरु में जी20 डिजिटल अर्थव्यवस्था कार्यकारी मंत्री समूह की बैठक को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एक सुरक्षित और समावेशी समाधान पेश करता है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत एक विविधतापूर्ण देश है। हमारी दर्जनों भाषाएं और सैकड़ों बोलियां हैं। यहां दुनिया के सभी धर्मों के लोग रहते हैं और असंख्य सांस्कृतिक प्रथाओं का पालन होता है। भारत में प्राचीन परंपराओं से लेकर आधुनिक तकनीक तक, हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। उन्होंने कहा कि इतनी विविधताएं होने के कारण भारत समाधान तलाशने के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत में सफल साबित होने वाले उपायों को दुनियाभर में कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों से कहा कि भारत दुनिया के साथ अपने अनुभव साझा करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोई पीछे नहीं छूटे यह सुनिश्चित करने के लिए देश ने ऑनलाइन एकीकृत डिजिटल बुनियादी ढांचा 'इंडिया स्टैक्स' बनाया है। उन्होंने डिजिटल अर्थव्यवस्था के बढ़ने के साथ ही इसके समक्ष पेश आने वाली सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के प्रति जी20 प्रतिनिधियों को आगाह करते हुए सुरक्षित, विश्वसनीय और लचीली डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए जी20 उच्च स्तरीय सिद्धांतों पर सर्वसम्मति बनाने की जरूरत पर जोर दिया।

### जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ के पार, पीएम मोदी ने की सराहना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ के पार पहुंचने को एक अहम पड़ाव करार दिया और इस उपलब्धि की सराहना की। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, यह देखकर खुशी हुई कि इनमें से आधे से अधिक खाते महिलाओं के हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा था कि देश में जनधन खातों की कुल संख्या 50 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है, जिनमें से 56 फीसदी खाते महिलाओं के हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इनमें से लगभग 67 फीसदी खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इस उपलब्धि को एक अहम पड़ाव करार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, यह देखकर खुशी हो रही है कि इनमें से आधे से अधिक खाते हमारी नारी शक्ति के हैं। 67 फीसदी खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय समावेश का लाभ हमारे देश के हर कोने तक पहुंचे। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, जनधन खातों में कुल जमा राशि 2.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक है, जबकि इन खातों के साथ लगभग 34 करोड़ रुपे कार्ड मुफ्त जारी किए गए हैं। मोदी सरकार ने 2014 में वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने के लिए जनधन बैंक खाते खोलने के वास्ते बड़े पैमाने पर राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया था, जिसका उद्देश्य प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) सहित कई वित्तीय सेवाओं को गरीबों के लिए सुलभ बनाना था।




## 'द्वारका एक्सप्रेस-वे में सही सूचना लिखित में नहीं देने से हुई चूक'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सड़क परिवजन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि द्वारका एक्सप्रेस-वे में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ और इसकी लागत को लेकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में जो तथ्य सामने आए हैं, वह लिखित सूचना नहीं देने की चूक के कारण हुआ है। श्री गडकरी ने एक समाचार चैनल द्वारा यहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय पारदर्शी और निर्धारित तरीके से सड़कों के निर्माण का काम कर रहा है और एक काम में भी कहीं कोई भ्रष्टाचार हुआ हो तो इसके लिए वह कोई भी सजा भुगतने को तैयार हैं। द्वारका एक्सप्रेस-वे में सीएजी की रिपोर्ट में भ्रष्टाचार होने संबंधी आरोपों को खारित करते हुए उन्होंने कहा,ह्वद्वारका एक्सप्रेस-वे स्टेट आफ आर्ट प्रोजेक्स है और इसकी कुल लम्बाई 29 किलोमीटर है। लेन के हिसाब से 563 किलोमीटर है। आठ लेन की इस सड़क में छह लेन की सुरंग है और इसकी लागत 250 करोड़ रुपए नहीं बल्कि 206 करोड़ रुपए थी।



उन्होंने कहा कि परियोजना में हर चरण पर कम लागत आने के लिए सभी कदम उठाए हैं। परियोजना के चार चरण के लिए चार टेंडर मंगाए गये और पहला पैकेज में पांच टेंडर आए और इसमें लागत पांच प्रतिशत कम हुई। दूसरे पैकेज में चार प्रतिशत ऊंची गई और तीसरे पैकेज के टेंडर में 12 कंपनियां शामिल हुई जबकि चौथे पैकेज में आठ प्रतिभागी थे। पूरे प्रोजक्ट में 12 प्रतिशत लागत कम हुई।

## लद्दाख से पैंगोग त्सो लेक के लिए बाइक से निकले राहुल गांधी

**एजेंसी। लेह**



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शनिवार को बाइक द्वारा लद्दाख से पैंगोंग त्सो लेक के लिए रवाना हुए। पैंगोग त्सो लेक पर रविवार (20 अगस्त) को अपने पिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वीं जयंती मनाएंगे। राहुल ने अपनी यात्रा के कुछ फोटो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर शेयर किए। उन्होंने लिखा, पैंगोग त्सो लेक के रास्ते में हूं। मेरे पिता कहते थे कि यह दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 एवं 35 (ए) हटाए जाने के बाद से राहुल गांधी की यह पहली लद्दाख यात्रा है। हालांकि राहुल ने इस साल की शुरूआत में दो बार श्रीनगर और जम्मू का दौरा किया था, लेकिन तब वह लद्दाख नहीं गए थे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी गुरुवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की दो दिवसीय यात्रा के लिए लेह पहुंचे, लेकिन उनका दौरा अब 25 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। दस सिंतबर को कारगिल में होने वाले हिल काउंसिल के चुनाव के मद्देनजर राहुल गांधी का यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कांग्रेस ने कारगिल हिल काउंसिल के चुनाव के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है।

## विफल है केंद्र सरकार की 'उड़ान योजना' : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार की "उड़ान" योजना पूरी तरह विफल रही है। खड़गे ने शनिवार को देश के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की ऑडिट रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सस्ते किराए में हवाई यात्रा करवाने का दावा करने वाली केन्द्र सरकार की "उड़ान योजना" विफल रही है। मोदी सरकार का हवाई चप्पल पहन, हवाई सफर करने का वादा उनके हर वादे की तरह हवा-हवाई ही रहा है। उन्होंने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट बताती है कि योजना के तहत 93 फीसदी रूट्स पर फ्लाइट का संचालन ही नहीं किया गया। खड़गे ने कहा कि इस योजना के तहत हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जानी थी। वह भी संभव नहीं हो पाई है।



## आईसीएआर ने रिसर्च में प्राइवेट भागीदारी के प्रावधान को निरस्त करने की मांग की

**आरएनएम। नई दिल्ली**

भारतीय किसान संघ ने केन्द्र सरकार से आई सी ए आर द्वारा रिसर्च में प्राइवेट पब्लिक भागीदारी के प्रावधान को निरस्त करने की मांग की है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने बताया कि अभी हाल ही में आई सी ए आर द्वारा रिसर्च में प्राइवेट एजेंसियों के साथ भागीदारी कर रिसर्च करने की घोषणा की है। आई सी ए आर के वरिष्ठ वैज्ञानिक वर्षों से रिसर्च कार्य में लगे हुए हैं। इस प्रस्ताव के आने के बाद वह अपने आपको कमजोर व असहाय महसूस कर रहे है। श्री मिश्रा ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आई सी ए आर के रिसर्च में निजी एजेंसियों के भागीदारी प्रावधान के कारण सभी रिसर्च बड़े बड़े कारपोरेट हाउस के पास चला जायेगा और आई सी ए आर के नाम का गलत उपयोग होगा। इसलिये भारतीय किसान संघ मांग करता हैं कि आई सी ए आर को रिसर्च करने के लिये सरकार पर्याप्त राशि दें। जिससे वैज्ञानिक रिसर्च के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कर अपेक्षाकृत परिणाम दें सके।



## किसी के विरुद्ध सोशल मीडिया में अभद्र पोस्ट करने वालों पर सर्वोच्च न्यायालय का रुख कड़ा

**आरएनएम। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बी आर गवई व जस्टिस प्रशांत कुमार की पीठ ने बीते शुक्रवार को सोशल मीडिया पर अभद्र और अपमानजनक पोस्ट को लेकर बीते शुक्रवार को एक याचिका पर सुनवाई की। जिसमें कहा कि सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने वालों को सजा मिलनी जरूरी है। पीठ ने कहा कि ऐसे लोग माफी मांगकर आपराधिक कार्यवाही से नहीं बच सकते हैं। उन्हें अपने किए का नतीजा भुगतना होगा। न्यायालय ने 72 वर्षीय तमिल एक्टर और पूर्व विधायक एस वे शेखर के विरूद्ध दर्ज मामले को खारिज करने से इनकार कर दिया। शेखर के विरूद्ध महिला पत्रकारों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का केस दर्ज है।यह मामला 2018 का है।

शेखर ने अपने फेसबुक पर महिला पत्रकारों को टारगेट करते हुए आपत्तिजनक पोस्ट किया था। दरअसल एक महिला पत्रकार ने तमिलनाडु के तत्कालीन गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित पर अभद्रता का आरोप लगाया था। शेखर ने महिला पत्रकार के इसी आरोप को लेकर अपनी राय दी थी। उनके इस पोस्ट के बाद काफी विवाद हुआ था। डीएमके ने उनके इस्तीफे की मांग की थी। शेखर ने बाद में माफी मांगी थी और पोस्ट भी डिलीट कर दिया था, लेकिन इस पोस्ट को लेकर उनके खिलाफ तमिलनाडु में केस दर्ज किए गए थे।

**शेखर के वकील:** जैसे ही उन्हें (शेखर) को अपनी गलती का अहसास हुआ, उन्होंने तुरंत अपना पोस्ट डिलीट किया और बिना शर्त माफी मांगी। एक्टर ने किसी और का पोस्ट शेयर किया था। उस समय उनकी नजर धुंधली थी, क्योंकि उन्होंने आंखों में दवाई डाली हुई थी। इसकी वजह से वे देख नहीं पाए कि पोस्ट में क्या लिखा था। शेखर को सोशल मीडिया पर बहुत लोग फॉलो करते हैं, जिसकी वजह से पोस्ट शेयर करते ही वो वायरल हो गया। जस्टिस बी आर गवई व जस्टिस प्रशांत कुमार ने कहा- शेखर ने आखिर बिना पढ़े सोशल मीडिया पर कैसे कंटेंट पोस्ट कर दिया।

## FILMY हलचल

### अभिषेक बच्चन की फिल्म 'घूमर' का निराशाजनक प्रदर्शन



**अभिषेक** बच्चन और सैयामी खेर स्टारर 'घूमर' 18 अगस्त को रिलीज हुई। इस फिल्म को लेकर पिछले कुछ दिनों से काफी चर्चा हो रही थी। एक्टर जमकर फिल्म का प्रमोशन कर रहे थे। इसी बीच शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म की पहले दिन की कमाई सामने आ गई है। बॉक्स ऑफिस पर 'गदर 2' इस समय धमाल मचा रही है। वहीं फिल्म 'ओएमजी 2' अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। इस बीच 'घूमर' रिलीज हुई। 'घूमर' को पहले से चल रही दो फिल्मों से मुकाबला करना पड़ा। अभिषेक बच्चन की 'घूमर' को जबरदस्त रिव्यू मिले हैं, लेकिन फिल्म सनी देओल की "गदर 2" के सामने टिक नहीं पाई। ऐसे में अच्छे कंटेंट के बावजूद 'घूमर' को सिनेमाघरों में दर्शक नहीं मिले हैं।

### 'गदर 2' ने पार किया 300 करोड़ का आंकड़ा



**अनिल शर्मा** निर्देशित 'गदर 2' तीन सौ करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। फिल्म ने रिलीज के दूसरे शुक्रवार को घरेलू बॉक्स ऑफिस पर करीब 20 करोड़ का कलेक्शन किया है। 11 अगस्त को सनी देओल की फिल्म 'गदर 2' सिनेमाघरों में रिलीज हुई, जिसका मुकाबला अक्षय कुमार की 'ओएमजी 2' से है। लेकिन 'गदर 2' बाकी फिल्मों को पछाड़ कर बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। "सैक्निल्क" की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने आठवें दिन भारत में कुल 19.50 करोड़ का बिजनेस किया है। पहले हफ्ते में "गदर 2" ने 284.63 करोड़ का कलेक्शन किया था। आठवें दिन के कलेक्शन के बाद फिल्म का कुल आंकड़ा 304.13 करोड़ पहुंच गया है।

### मलाइका-अर्जुन कपूर के ब्रेकअप की चर्चा तेज

**बॉलीवुड** के 'मोस्ट रोमांटिक कपल' कहे जाने वाले एक्टर अर्जुन कपूर और एक्ट्रेस मलायका अरोड़ा के बीच फिलहाल दूरियां बताई जा रही हैं। मलायका और अर्जुन करीब 4 साल से साथ हैं। दोनों सोशल मीडिया पर इतने एक्टिव हैं कि आए दिन अपनी बोल्ड और रोमांटिक तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। मलायका और अर्जुन कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जाहिर करते नजर आते हैं। हालांकि, अब दोनों के बीच ब्रेकअप की चर्चा शुरू हो गई है। एक तरफ जहां अर्जुन कपूर अकेले अपनी वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। दूसरी ओर मलायका भी अर्जुन को छोड़ ओरहान के साथ पार्टी करती नजर आ रही हैं। मलाइका और अर्जुन की ये पोस्ट देखने के बाद उनके फैंस सोच रहे हैं कि क्या अब ये दोनों अलग हो गए हैं। अभिनेता अर्जुन कपूर अकेले ही अपनी छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने सोलो वेकेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। तो हाल ही में एक्ट्रेस मलायका अरोड़ा की कुछ नई तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीरों में वह बॉलीवुड स्टार्स के चहेते कॉमन फ्रेंड अउरी उर्फ ओरहान के साथ देर रात पार्टी करती नजर आ रही हैं।



## मिशन 2024 — भाजपा लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने की तैयारी में जुटी

# विपक्षी दलों के गढ़ में सेंध लगाने की कोशिश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2024 के लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत कर केंद्र में सरकार बनाने के मिशन में जुटी भाजपा ने अपना चुनावी प्लान तैयार कर उसे अमलीजामा पहनाना या यूं कहें की जमीनी धरातल पर उतारना शुरू कर दिया है। बड़े स्तर पर भाजपा की रणनीति की बात की जाए तो विपक्षी गठबंधन की तैयारियों को देखते हुए भाजपा 50 प्रतिशत प्लस वोट बैंक हासिल करने की रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी की योजना जहां एक तरफ अपने मजबूत गढ़ों को बचाना है तो वहीं इसके साथ-साथ ही विपक्षी दलों के मजबूत गढ़ों में सेंध भी लगानी है।



पार्टी 2019 में साथ मिलकर लड़े और अभी विपक्षियों के साथ खड़े नीतीश कुमार और उद्धव ठाकरे को भी सबक सिखाना चाहती है। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों की बात करें तो भाजपा ने सहयोगी दल अपना दल (एस) के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश की 80 में से 64 सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछली बार हारने वाली 16 सीटों पर भी भाजपा इस बार विशेष ध्यान दे रही है।

महाराष्ट्र में भाजपा ने शिवसेना के साथ मिलकर प्रदेश की 48 लोकसभा सीटों में से 41 पर जीत हासिल की थी। आज उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना इंडिया गठबंधन में शामिल है। इसलिए भाजपा एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना और अजित पवार के साथ मिलकर महाराष्ट्र की सभी 48 सीटों पर जीत हासिल करने की रणनीति पर काम कर रही है।

भाजपा ने बिहार में 2019 में जेडीयू और लोजपा के साथ मिलकर राज्य की 40 सीटों में से 39 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन आज 16 सीटें जीतने वाले नीतीश कुमार विपक्षी खेमे में हैं। भाजपा नीतीश कुमार के वोट बैंक एवं सांसदों में सेंध लगाने के साथ ही जमीनी स्तर पर जातीय समीकरणों को साधते हुए इस बार भी पिछला प्रदर्शन दोहराना चाहती है।

पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मध्य प्रदेश की 29 में से 28 , कर्नाटक की 28 में से 25, गुजरात की 26 में से सभी 26, राजस्थान की 25 में से सभी 25 (सहयोगी दल के साथ मिलकर), हरियाणा की 10 में से सभी 10, उत्तराखंड की 5 में से सभी 5, दिल्ली की 7 में से सभी 7, हिमाचल प्रदेश की 4 में से सभी 4, झारखंड की 14 में से 11, छत्तीसगढ़ की 11 में से 9 और असम की 14 में से 9 सीटों पर जीत हासिल की थी।

भाजपा ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, राजस्थान, झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में अकेले अपने दम पर 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल किया था। भाजपा की कोशिश इन राज्यों में भी इस बार 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल कर विपक्षी एकता को मात देने की है।